कैकेय्याऽऽहृतं चीरं वसिष्यमाणायाः सीतायाः समवस्था

(कैकेयी द्वारा लाये हुए चीर को पहनती हुई सीता की हालत)

सा व्यपत्रपमाणेव प्रगृह्य च सुदुर्मनाः।
कैकेय्याः कुशचीरे ते जानकी शुभलक्षणा ॥२।३७।१०॥

अश्रुसम्पूर्णनेत्रा च धर्मज्ञा धर्मदर्शिनी ।
गन्धर्वराजप्रतिमं भर्त्तारमिदमब्रवीत् ।।२।३७।११।।

लजाती हुई सुलक्षणा सीता ने दुःखित चित्त से कैकेयी से कुशा और चीर ग्रहण किये । आंखों में आंसू भरे धर्मज्ञा (धर्म को जानने वाली) तथा धर्मदर्शिनी (धर्म का उपदेश करने वाली) सीता ने अपने गन्धर्वराज-तुल्य पति से इस प्रकार कहा —

कथं नु चीरं बध्नन्ति मुनयो वनवासिनः ।
इति ह्यकुशला सीता सा मुमोह मुहुर्मुहुः ।।२।३७।१२।।

बन में रहने वाले मुनि लोग कैसे चीर बाँधते हैं, उसे न जानती हुई जानकी बार-बार मूर्च्छित हो गयी ।

वसिष्ठकृतः कैकेय्या धिक्कारः

(वसिष्ठ की कैकेयी को फटकार)

अतिप्रवृत्ते दुर्मेधे कैकेयि कुलपांसनि ।
वञ्चयित्वा तु राजानं न प्रमाणेऽवतिष्ठसि ।।२।३७।२२।।

हे निर्मर्याद, मूढ, कुल-दूषक कैकेयि ! तू महाराज को ठग कर भी प्रमाण (वर से जितना तुझे प्राप्तव्य है, अर्थात् राम का वनवास) में नहीं ठहरती (सीता का वनवास तो वर के अन्तर्गत नहीं) ।

न गन्तव्यं वनं देव्या सीतया शीलवर्जिते ।
अनुष्ठास्यति रामस्य सीता प्रकृतमासनम् ।।२।३७।२३ ।।

हे चरित्रहीन कैकेयि ! सीता बन को नहीं जायगी । वह (अपने पति) राम के लिये प्रस्तुत सिंहासन पर बैठेगी ।

आत्मा हि दाराः सर्वेषां दारसंग्रहवर्तिनाम् ।
आत्मेयमिति रामस्य पालयिष्यति मेदिनीम् ।।२।३७।२४।।

सभी विवाहित लोगों के लिये पत्नी अपना आत्मा ही है । अतः यह (सीता) राम का आत्मा होने से राज्ञी (रानी) होकर पृथिवी का पालन करेगी ।

न ह्यदत्तां महीं पित्रा भरतः शास्तुमिच्छति ।
त्वयि वा पुत्रवद् वस्तुं यदि जातो महीपतेः ॥२।३७।३०॥

यदि भरत अपने पिता का पुत्र है, तो पिता से न दिये हुए राज्य को (कभी) नहीं चाहेगा और ना ही तेरे प्रति पुत्र का सा व्यवहार करेगा ।

भर्ता कष्टश्रित इति नावधीरयितव्य इति सीतायै श्वश्र्वाः कौसल्याया उपदेशः

(पति कष्ट में पड़ा है, इस से उस का तिरस्कार नहीं करना चाहिये इस विषय में कौसल्या सास का सीता को उपदेश)

असत्यः सर्वलोकेस्मिन्सततं सत्कृताः प्रियैः ।
भर्तारं नानुमन्यन्ते विनिपातगतं स्त्रियः ॥२।३९।२०॥

इस लोक में अपने पतियों से निरन्तर सत्कार की हुई भी व्यभिचारिणी स्त्रियां आपद्-ग्रस्त (मुसीबत में पड़े हुए) पतियों का कहना नहीं मानती हैं ।

न कुलं न कृतं विद्या न दत्तं नापि संग्रहः ।
स्त्रीणां गृह्णाति हृदयमनित्यहृदया हि ताः ॥२।३९।२३॥

न उत्कृष्ट (प्रशस्त, ऊंचा) कुल, न किया हुआ उपकार, न गुरु से दी हुई विद्या, न दिये हुए (भूषणादि) और न बन्धन स्त्रियों के हृदयों को वश में कर सकते हैं । इन का मन अस्थिर होता है ।

साध्वीनां तु स्थितानां तु शीले सत्ये श्रुते स्थिते ।
स्त्रीणां पवित्रं परमं पतिरेको विशिष्यते ॥२।३९।२४॥

पर साध्वी स्त्रियाँ जो शील (सुन्दर स्वभाव), सचाई, शास्त्र-श्रवण (गुरु से पढ़ी हुई विद्या), स्थित (स्थिति, मर्यादा) में स्थिर हैं, उनके लिए पति ही सबसे बढ़कर पवित्र माना गया है ।

स त्वया नावमन्तव्यः पुत्रः प्रव्राजितो वनम् ।२।३९।२५।

उस मेरे पुत्र राम का, बन को भेजे जाने के कारण, तिरस्कार नहीं करना होगा ।

सीतायाः प्रतिज्ञानम्
(सीता की प्रतिज्ञा)

करिष्ये सर्वमेवाहमार्या यदनुशास्ति माम् ।
अभिज्ञास्मि यथा भर्तु र्वर्तितव्यं श्रुतं च मे ।।२।३६।२७।।

जो कुछ भी आपने मुझे उपदेश दिया है मैं उस पर आचरण करूँगी । भर्ता के प्रति कैसा व्यवहार करना चाहिए मैं जानती हूँ और मैंने इसे सुन भी रखा है ।

न मामसज्जनेनार्या समानयितुमर्हति ।
धर्माद् विचलितुं नाहमलं चन्द्रादिव प्रभा ।।२।३६।२८।।

मुझे आप दुर्जन के बराबर न मानें । मैं धर्म से प्रच्युत नहीं हो सकती (डिग नहीं सकती, जुदा नहीं हो सकती), जैसे चाँद से उसकी प्रभा (कान्ति) जुदा नहीं हो सकती ।

नातन्त्री विद्यते वीणा नाचक्रो विद्यते रथः ।
नापतिः सुखमेधेत या स्यादपि शतात्मजा ।।२।३६।२६।।

वीणा तारों के बिना नहीं होती, रथ चक्र के बिना नहीं होता । जो नारी पतिहीन है वह सुख नहीं पाती चाहे उसके सौ पुत्र क्यों न हों ।

मितं ददाति हि पिता मित भ्राता मितं सुतः ।
अमितस्य तु दातारं भर्तारं का न पूजयेत् ।।२।३६।३०।।

पिता गिना मिना ही देता है, भाई भी गिना मिना देता है और पुत्र भी । अनगिने पदार्थों को देने वाले भर्ता की कौन पूजा न करेगी ।

सुमित्राया लक्ष्मणं प्रत्युपदेशः
(माता सुमित्रा का लक्ष्मण को उपदेश)

रामे प्रमादं मा कार्षीः पुत्र भ्रातरि गच्छति ।२।४०।५।

हे पुत्र, बन को जाते हुए भ्राता राम की देखभाल में प्रमाद (भूल-चूक) मत करना ।

व्यसनी वा समृद्धो वा गतिरेष तवानघ ।
एष लोके सतां धर्मो यज्ज्येष्ठवशगो भवेत् ।।२।४०।६।।

चाहे कष्टापन्न हो, चाहे सम्पन्न हो, हे सौम्य, यह (बड़ा भाई) एकमात्र तेरा आसरा है। यही सज्जनों का धर्म है कि ज्येष्ठ भ्राता के अधीन रहे ।

इदं हि वृत्तमुचितं कुलस्यास्य सनातनम् ।
दानं दीक्षा च यज्ञेषु तनुत्यागो मृधेषु हि ।।२।४०।७।।

यही इस कुल का योग्य पुरातन व्यवहार है—दान देना, यज्ञों के लिए व्रत का धारण करना और युद्ध में प्राण त्यागना ।

रामं दशरथं विद्धि मां विद्धि जनकात्मजाम् ।
अयोध्यामटवीं विद्धि गच्छ तात यथासुखम् ।।२।४०।६।।

हे प्यारे पुत्र ! राम को तूने (अपना पिता) दशरथ समझना, जानकी को सुमित्रा मां समझना, जंगल को अयोध्या (नगरी) समझना । (ऐसा समझकर) सुखपूर्वक जाओ ।

रामविरहे कौसल्याया विलापः

(राम के वियोग में (माता) कौसल्या का विलाप)

निःसंशयं मया मन्ये पुरा वीर कदर्यया ।
पातुकामेषु वत्सेषु मातृणां शातिताः स्तनाः ।।२।४३।१७।।

हे वीर, मुझे ऐसा लगता है कि क्षुद्र आचार वाली मैंने पूर्व (जन्म में) जब बछड़ों को दूध पीने की चाह हुई तब उनकी माताओं के स्तनों को काट दिया ।

नहि तावद् गुणैर्जुष्टं सर्वशास्त्रविशारदम् ।
एकपुत्रा विना पुत्रमहं जीवितुमुत्सहे ।।२।४३।१६।।

गुणों से विभूषित सब शास्त्रों में प्रवीण इकलौते पुत्र के बिना मैं कैसे जी सकूंगी ।

रामे कारुण्यम्
(राम में दया का भाव)

पौरा ह्यात्मकृताद् दुःखाद् विप्रमोच्या नृपात्मजैः ।
न तु खल्वात्मनो योज्या दुःखेन पुरवासिनः ।।२।४६।२३।।

(तमसातीरे वृक्षमूलेषु स्वपतीः प्रजाः परिहृत्यास्माभिरितो गमनीयमिति लक्ष्मणमभिसम्बोध्याह रामः) तमसा नदी के तट पर वृक्षों के नीचे सोए हुए लोगों से बचकर हमें यहाँ से निकल जाना चाहिए ऐसा लक्ष्मण को सम्बोधन करके राम कहते हैं – हम राज-कुमारों का यह धर्म है कि हम अपने कारण से होने वाले दुःख से नगरवासियों को निर्मुक्त करें न कि अपने दुःख से उन्हें दुःखी करें ।

सुमित्रया कृतं कौसल्यायाः प्रोत्साहनम्
(सुमित्रा द्वारा कौसल्या का प्रोत्साहन)

धनुर्ग्रहवरो यस्य बाणखड्गास्त्रभृत् स्वयम् ।
लक्ष्मणो व्रजति ह्यग्रे तस्य किं नाम दुर्लभम् ।। २।४४।२०

बाण तलवार और अस्त्र धारण किए धनुर्धारियों में श्रेष्ठ लक्ष्मण स्वयं जिसके आगे-आगे जाएगा, उसको किस चीज़ की कमी है ?

निवृत्तवनवासं तं द्रष्टासि पुनरागतम् ।
जहि शोकं च मोहं च देवि सत्यं ब्रवीमि ते ।।२।४४।२१।।

बनवास की समाप्ति पर फिर तुम उसे घर लौटे देखोगी, मैं तुम्हें सच कहती हूँ । तुम शोक और मोह को छोड़ दो ।

नार्हसि त्वं शोचितुं देवि यस्यास्ते राघवः सुतः ।
न हि रामात्परो लोके विद्यते सत्पथे स्थितः ।।२।४४।२६।।

जिसका राघव जैसा पुत्र हो उस तुझको शोक नहीं करना चाहिए । संसार में राम से बढ़कर सन्मार्ग पर चलने वाला कोई नहीं

राममनुगच्छन्त्याः प्रजायाः साम्ना विनिवर्तनम्

(राम का पीछे जाते हुए लोगों को शान्ति से समझा कर लौटाना)

या प्रीति र्बहुमानश्च मय्ययोध्यानिवासिनाम् ।
मत्प्रियार्थं विशेषेण भरते सा विधीयताम् ॥२।४५।६॥

जो आप अयोध्यावासियों का प्रेम और आदर मेरे प्रति है, मेरी इसमें प्रसन्नता होगी कि उससे बढ़कर प्रेम और आदर आप का भरत में हो ।

स हि कल्याणचारित्रः कैकेय्यानन्दवर्धनः ।
करिष्यति यथावद्वः प्रियाणि च हितानि च ॥२।४५।७॥

कैकेयी के आनन्द को बढ़ाने वाला पवित्र आचारवाला वह (भरत) विधिवत् तुम्हारे प्रिय और हितकारी कार्यों को करेगा ।

ज्ञानवृद्धो वयोबालो मृदुर्वीर्यगुणान्वितः ।
अनुरूपः स वो भर्ता भविष्यति भयापहः ॥२।४५।८॥

ज्ञान से वृद्ध पर अवस्था में बाल, (स्वभाव से) कोमल, उत्साह-शक्ति-सम्पन्न वह आप का योग्य स्वामी होगा और आपके सभी भय दूर करेगा ।

रामेण पितुः कामुकताया गर्हा

(राम द्वारा पिता की कामातुरता की निन्दा)

अर्थधर्मौ परित्यज्य यः काममनुवर्तते ।
एवमापद्यते क्षिप्रं राजा दशरथो यथा ॥२।५३।१३॥

जो कोई धर्म और अर्थ की उपेक्षा कर (धर्म अर्थ को छोड़कर) काम का पीछा करता है वह ऐसे दुःख को प्राप्त होता है जैसे राजा दशरथ ।

नूनं जात्यन्तरे तात स्त्रियः पुत्रै र्वियोजिताः ।
जनन्या मम सौमित्रे तदप्येतदुपस्थितम् ॥२।५३।१९॥

है सौमित्रे यह निश्चित है कि मेरी मां ने पूर्व जन्म में स्त्रियों को पुत्रों से वियुक्त (जुदा) किया, जिसका आज यह फल मिला है।

मातरं दुःखाकरोमीति रामेण स्वस्य गर्हा

(मेरे कारण माता को कष्ट पहुंचा है, अतः राम अपने आप को कोसता है।)

मा च सीमन्तिनी काचिज्जनयेत्पुत्रमीदृशम्।
सौमित्रे योहमम्बाया दद्मि शोकमनन्तकम् ।।२।५३।२१।।

हे लक्ष्मण, कोई भी स्त्री ऐसे पुत्र को जन्म न दे जैसा मैं हूं। मैं मां को अथाह दुःख दे रहा हूं।

भारद्वाजश्चित्रकूटं गिरिं रामनिवासाय प्रशंसति

(चित्रकूट पर्वत राम के निवास के योग्य है ऐसा मानते हुए भारद्वाज मुनि चित्रकूट की प्रशंसा करते हैं।)

यावता चित्रकूटस्य नरः शृङ्गाण्यवेक्षते।
कल्याणानि समाधत्ते न मोहे कुरुते मनः ।।२।५४।३०।।

जब तक चित्रकूट की चोटियां किसी पुरुष की दृष्टि में रहती हैं तब तक वह शुभ कर्मों का ही चिन्तन करता है और उसका मन अचेत नहीं होता।

चित्रकूटे रामेण वास्तुनः शमनम्

(चित्रकूट में राम द्वारा कुटिया के स्थान की शान्ति करना)

ऐणेयमांसमाहृत्य शालां यक्ष्यामहे वयम्।
कर्तव्यं वास्तुशमनं सौमित्रे चिरजीविभिः ।।२।५६।२२।।

मृग-मांस लाकर हम शाला (कुटिया) का पूजन करेंगे। हे लक्ष्मण, लम्बी आयु चाहने वाले हम लोगों को कुटिया के स्थान की शान्ति करनी चाहिए।

भरतेन भुक्तं राज्यं भुक्तोच्छिष्टान्नमिव रामो नाभिमंस्यत इति दशरथं प्रति कौसल्याया वचनम्

(भरत से भोगे हुए राज्य को उच्छिष्ट (खाकर बचा हुआ) अन्न की तरह राम लेना पसन्द नहीं करेगा, ऐसा कौसल्या का दशरथ के संमुख कथन)

एवं कनीयसा भ्रात्रा भुक्तं राज्यं विशां पते ।
भ्राता ज्येष्ठो वरिष्ठश्च किमर्थं नावमन्यते ॥२।६१।१५॥

इस प्रकार हे राजन्, छोटे भाई से भोगे हुए राज्य को बड़ा और (गुणों से) श्रेष्ठ भाई कैसे न ठुकरा देगा ?

न परेणाहृतं भक्ष्यं व्याघ्रः खादितुमिच्छति ।
एवमेव नरव्याघ्रः परलीढं न मन्यते ॥२।६१।१६॥

सिंह का स्वभाव ऐसा है कि वह दूसरे (गीदड़ आदि) से लाए हुए भक्ष्य (भोजन) को नहीं खाना चाहता । ऐसे ही सिंह-समान शूर पुरुष दूसरे से चखे हुए पदार्थ को स्वीकार नहीं करता ।

हविराज्यं पुरोडाशः कुशा यूपाश्च खादिराः ।
नैतानि यातयामानि कुर्वन्ति पुनरध्वरे ॥२।६१।१७॥

हव्य पदार्थ, घी, पुरोडाश (ठीकरों पर सेकी हुई चावलों की रोटी), कुशा, खैर का बना हुआ यूप (पशु-बन्धनार्थ काष्ठ-खूँटा)—इन्हें यज्ञ में एक बार बर्त कर दूसरी बार नहीं बर्तते ।

नैवंविधमसत्कारं राघवो मर्षयिष्यति ॥२।६१।१९॥

इस प्रकार के तिरस्कार को राम नहीं सहेगा ।

पूर्वकृतं स्वं दुष्कृतं स्मरतो दशरथस्य कौसल्यामभिसम्बोध्य वचनम्

(पहले किये हुए अपने दुष्कर्म को स्मरण करते हुए दशरथ का कौसल्या के प्रति कथन)

यदाचरति कल्याणि शुभं वा यदि वाऽशुभम् ।
तदेव लभते भद्रे कर्ता कर्मजमात्मनः ॥२।६३।६॥

हे भाग्यवति ! जो कुछ शुभ अथवा अशुभ कर्म करता है, हे भद्रे, कर्ता उस अपने कर्म का ठीक-ठीक फल प्राप्त करता है।

गुरुलाघवमर्थानामारम्भे कर्मणां फलम् ।
दोषं वा यो न जानाति स बाल इति होच्यते ।।२।६३।७।।

जो पुरुष पदार्थों के छोटेपन और बड़ेपन को, तथा कार्यों के आरम्भ (शुरू) करने में क्या फल अथवा दोष (अनिष्ट, बुराई) होगा यह नहीं जानता वह बाल ही कहा जाता है।

कश्चिदाम्रवणं छित्त्वा पलाशांश्च निषिञ्चति ।
पुष्पं दृष्ट्वा फले गृध्नुः स शोचति फलागमे ।।२।६३।८।।

कोई आम के बन को काटकर ढाक (केसू) को पानी देता है। वह फूल को देखकर फल की इच्छा करता है, पर फल के आने के समय (फल के न आने से) निराश हो जाता है।

अविज्ञाय फलं यो हि कर्म त्वेवानुधावति ।
स शोचेत् फलवेलायां यथा किंशुकसेवकः ।।२।६३।९।।

जो कर्म के फल को बिना अच्छी तरह जाने कर्म करने को भागता है वह फल के आने के समय ऐसे दुःखी होता हैं जैसे केसू का सेवक।

रामे विषमं व्यवहृतं मयेति दशरथस्य दर्शनम्
(राम के प्रति मैंने अन्याय्य व्यवहार किया है ऐसा दशरथ का विचार)

न तन्मे सदृशं देवि यन्मया राघवे कृतम् ।
सदृशं तत्तु तस्यैव यदनेन कृतं मयि ।।२।६४।६३-६४।।

हे देवि ! जो व्यवहार (सलूक) मैंने राम के साथ किया वह मेरे सदृश (योग्य) नहीं था। जो (मधुर स्नेहसना) व्यवहार (अकारण निर्दय निर्वासन होने पर भी) उस ने मेरे साथ किया, वह उसके ही सदृश (योग्य) है।

दुर्वृत्तमपि कः पुत्रं त्यजेद् भुवि विचक्षणः।
कश्च प्रव्राज्यमानो वा नासूयेत् पितरं सुतः ॥२।६४।६४-६५॥

इस संसार में कौन बुद्धिमान् पिता दुराचारी पुत्र को भी छोड़ेगा ? देश निकाला दिये जा रहा कौन ऐसा पुत्र है जो पिता से क्रुद्ध (कुपित) न होगा ?

उपरते दशरथे लुब्धो दोषं न पश्यतीति निर्दिशन्त्या कौसल्यया कैकेय्याः कुत्सनम्

(दशरथ की मृत्यु होने पर लोभी को दोष नहीं दीखता—
इसे जितलाती हुई कौसल्या के द्वारा कैकेयी की कुत्सा)

न लुब्धो बुध्यते दोषान् किम्पाकमिव भक्षयन्।
कुब्जानिमित्तं कैकेय्या राघवाणां कुलं हतम् ॥२।६६।६॥

जैसे विष खाने वाला आत्महत्या के पाप को नहीं देखता वैसे ही लोभी (लोभ से होने वाली) हानि को नहीं देखता। कुब्जा (कुबड़ी मन्थरा) की प्रेरणा से (लोभ में आकर) कैकेयी ने रघुकुल का नाश कर दिया।

अनियोगे नियुक्तेन राज्ञा रामं विवासितम्।
सभार्यं जनकः श्रुत्वा परितप्स्यत्यहं यथा ॥२।६६।७॥

अकार्य (न करने योग्य कार्य) में लगाये हुए दशरथ के द्वारा पत्नी सहित राम को निर्वासित जानकर जनक (महाराज) ऐसे दुःखी होंगे जैसे मैं हूं।

अयोध्यातः प्राप्तेषु दूतेषु केकयगतस्य भरतस्य कुशलप्रश्नाः

(अयोध्या से आए हुए दूतों से केकयस्थ भरत के कुशल-
विषयक प्रश्न)

कच्चित् स कुशली राजा पिता दशरथो मम।
कच्चिदारोग्यता रामे लक्ष्मणे च महात्मनि ॥२।७०।७॥

क्या मेरे पिता राजा दशरथ कुशली (राजी खुशी) हैं ? क्या महात्मा राम तथा लक्ष्मण सर्वथा स्वस्थ हैं ?

आर्या च धर्मनिरता धर्मज्ञा धर्मवादिनो ।
अरोगा चापि कौसल्या माता रामस्य धीमतः ।।२।७०।८।।

क्या सुमति राम की पूज्या माता कौसल्या जो धर्म परायणा, धर्म को जानने वाली, धर्म का उपदेश करने वाली है, राजी खुशी है ।

कच्चित्सुमित्रा धर्मज्ञा जननी लक्ष्मणस्य या ।
शत्रुघ्नस्य च वीरस्य अरोगाथापि मध्यमा ।।२।७०।६।।

क्या धर्म को जानने वाली लक्ष्मण और शत्रुघ्न की मां, हमारी मध्यमा (बिचली, मझली) अम्बा सुमित्रा नीरोग है ?

आत्मकामा सदा चण्डी क्रोधना प्राज्ञमानिनी ।
अरोगा चापि मे माता कैकेयी किमुवाच ह ।।२।७०।१०।।

क्या मेरी मां कैकेयी जो अपने आप को ही चाहती है, जो तीक्ष्ण स्वभाव वाली, झट क्रोध में आ जाने वाली और अपने को बुद्धिमती मानने वाली है, कुशलिनी (=नीरोग) है । उसने मुझे क्या सन्देश दिया है ?

अयोध्यां प्रति निवृत्तस्य भरतस्य मातरि प्रश्नाः, तत्प्रत्तानि तदुत्तराणि च

(अयोध्या को लौटने पर भरत के अपनी माता से प्रश्न, और उससे दिए हुए उनके उत्तर)

राजवाक्यहरैर्दूतैस्त्वर्यमाणोहमागतः ।
यदहं प्रष्टुमिच्छामि तदम्बा वक्तुमर्हति ।।२।७२।१०।।

राजा (दशरथ) के दूतों की प्रेरणा से मैं जल्दी-जल्दी यहाँ पहुँचा हूं । जो मैं पूछना चाहता हूँ उसका मेरी माता मुझे उत्तर दे ।

पितुर्ग्रहीष्ये पादौ च तं ममाख्याहि पृच्छतः ।२।७२।१३।।

पिताजी को कहिए कि मैं आया हूँ । मैं उनके चरण पकड़ना चाहता हूं ।

या गतिः सर्वभूतानां तां गतिं ते पिता गतः ।२।७२।१५।

जिस गति (गन्तव्य स्थान, यम लोक) को सब प्राणी प्राप्त होते हैं उसी को तेरे पिता भी चले गए हैं ।

अम्ब केनात्यगाद्राजा व्याधिना मय्यनागते ।२।७२।२६।

हे मातः, मैं जानना चाहता हूँ कि मेरे (यहाँ) आने से पहले किस रोग से राजा का निधन (मृत्यु) हुआ ।

पश्चिमं साधु सन्देशमिच्छामि श्रोतुमात्मनः ।२।७२।३५।

अन्त्य काल में पिता ने मेरे लिए क्या उत्तम सन्देश छोड़ा, मैं उसे सुनना चाहता हूँ ।

इति पृष्टा वाक्यमब्रवीत् (यह पूछने पर कैकेयी ने उत्तर दिया)

रामेति राजा विलपन् हा सीते लक्ष्मणेति च ।
स महात्मा परं लोकं गतो मतिमतां वरः ।।२।७२।३६।।

हे राम, हे सीते, हे लक्ष्मण इस प्रकार दुःख से पुकारते हुए बुद्धिमानों में श्रेष्ठ महात्मा राजा परलोक सिधारे ।।

तच्छ्रुत्वा···विषण्णवदनो भूत्वा भूयः पप्रच्छ मातरम् ।
क्व चेदानीं स धर्मात्मा कौसल्यानन्दवर्धनः ।
लक्ष्मणेन सह भ्रात्रा सीतया च समागतः ।।२।७२।३९-४०।।

यह सुनकर भरत का चेहरा उतर गया और उसने फिर माता से पूछा—कौसल्या-नन्दन धर्मात्मा मेरा भाई, लक्ष्मण और सीता के साथ कहाँ है ।

तथा पृष्टा यथान्यायमाख्यातुमुपचक्रमे ।२।७२।४१।

इस प्रकार पूछने पर कैकेयी ने क्रम से कहना शुरू किया ।

स हि राजसुतः पुत्र चीरवासा महावनम् ।
दण्डकान् सह वैदेह्या लक्ष्मणानुचरो गतः ।।२।७२।४२।।

राजकुमार राम सीता और लक्ष्मण के साथ महावन दण्डक को चला गया है ।

तच्छ्रुत्वा भरतस्त्रस्तो भ्रातुश्चारित्रशङ्कया ।
...प्रष्टुं समुपचक्रमे ।।२।७२।४३।।

यह सुनकर भरत डर गया, भ्राता राम के चारित्र के विषय में शङ्कित होकर पूछने लगा—

कच्चिन्न ब्राह्मणधनं हृतं रामेण कस्य चित् ।
कच्चिन्नाढ्यो दरिद्रो वा तेनापापो विहिंसितः ।।२।७२।४४।।

क्या राम ने किसी ब्राह्मण के धन को तो नहीं छीना । क्या उस ने किसी निरपराधी दरिद्र वा धनी को तो नहीं मारा ?

कच्चिन्न परदारान्वा राजपुत्रोऽभिमन्यते ।
कस्मात्स दण्डकारण्ये भ्राता रामो विवासितः ।।२।७२।४५।।

क्या उस राजकुमार ने पर-स्त्री की कामना तो नहीं की । किस कारण से मेरे भाई को दण्डकारण्य में भेजा गया ।

एवमुक्ता तु कैकेयी भरतेन महात्मना । उवाच—

पुण्यात्मा भरत के प्रश्न के उत्तर में कैकेयी ने कहा...

न ब्राह्मणधनं किंचिद्धृतं रामेण कस्यचित् ।
कश्चिन्नाढ्यो दरिद्रो वा तेनापापो विहिंसितः ।।
न रामः परदारान्स चक्षुर्भ्यामपि पश्यति ।२।७२।४८।।

राम ने किसी ब्राह्मण के धन को नहीं छीना, न उसने किसी निर्दोष दरिद्र या धनी की हत्या की है । राम तो दूसरे की स्त्री को आँख उठाकर भी नहीं देखता ।

मया तु पुत्र श्रुत्वैव रामस्येहाभिषेचनम् ।
याचितस्ते पिता राज्यं रामस्य च विवासनम् ।।२।७२।४९।।

हे पुत्र, यह सुनते ही कि राम का राज्याभिषेक (राजतिलक) हो रहा है, मैंने तेरे पिता से तेरे लिए राज्य मांगा और राम के लिये (चौदह बरस का) बनवास।

भरतेन मातुर्गर्हा

(भरत द्वारा माता की निन्दा)

दुःखे मे दुःखमकरोः व्रणे क्षारमिवाददाः।
राजानं प्रेतभावस्थं कृत्वा रामं च तापसम् ॥२।७३।३॥

तूने मेरे दुःख में और दुःख बढ़ा दिया, घाव पर नमक छिड़क दिया, जब तूने महाराज को मृत्यु के घाट उतार दिया और राम को तपस्वी बना दिया।

कुलस्य त्वमभावाय कालरात्रिरिवागता।
अङ्गारमुपगुह्य स्म पिता मे नावबुद्धवान् ॥२।७३।४॥

(हमारे) कुल के नाश के लिए तू प्रलयरात्रि बन कर आई है, मेरे पिता ने अनजाने अंगारे को आलिंगन किया (जो तुझे छाती से लगाया)।

लुब्धाया विदितो मन्ये न तेऽहं राघवं यथा। २।७३।१३।

तू लोभवश नहीं जानती कि मैं राघव (राम) के प्रति कैसा हूँ (अर्थात् मेरी राम के प्रति कैसी भक्ति है)।

सकामां न करिष्यामि त्वामहं पुत्रगर्धिनीम् ।२।७३।१७।

पुत्र के लिए राज्य चाहने वाली तुझको मैं सफल-मनोरथ नहीं होने दूंगा।

न मे विकाङ्क्षा जायेत त्यक्तुं त्वां पापनिश्चयाम्।
यदि रामस्य नावेक्षा त्वयि स्यान्मातृवत्सदा ॥२।७३।१८॥

तू दुष्ट निश्चय वाली है। तेरे त्याग में अनिच्छा (इच्छा का अभाव) न होती यदि राम का तेरे प्रति माता का सा नित्य आदर न होता।

कैकेयि नरकं गच्छ मा च तात सलोकताम् ।२।७४।४।

हे कैकेयि, तू नरक को जा, पति के लोक की मत प्राप्त कर।

मातृरूपे ममामित्रे नृशंसे राज्यकामुके।
न तेऽहमभिभाष्योस्मि दुर्वृत्ते पतिघातिनि ।।२।७४।७।।

तू आकारमात्र में मेरी माता है, वस्तुत: शत्रु है, तू क्रूर राज्य-कामुक (राज्य को चाहने वाली), दुश्चरित वाली तथा पति की हत्या करने वाली है। मैं तुझसे बात नहीं करना चाहता।

न त्वमश्वपतेः कन्या धर्मराजस्य धीमतः।
राक्षसी तत्र जातासि कुलप्रध्वंसिनी पितुः ।।२।७४।६।।

तू धर्मराज बुद्धिमान् अश्वपति की कन्या नहीं है। तू राक्षसी ने उस कुल में जन्म लिया है। तू अपने पिता के कुल की नाशिका है।

मातुलगृहान्निवृत्तं भरतं प्रति कौसल्यायाः सोपालम्भं वचः

(ननसाल से लौटे हुए भरत को कौसल्या का उलाहना)

इदं ते राज्यकामस्य राज्यं प्राप्तमकण्टकम्।
सम्प्राप्तं बत कैकेय्या शीघ्रं क्रूरेण कर्मणा ।।२।७५।११।।

तू राज्य चाहता था, तुझे यह अकण्टक राज्य प्राप्त हो गया है। खेद है कैकेयी ने शीघ्रता से क्रूर कर्म द्वारा इसे प्राप्त किया है।

भरतशपथाः

(भरत के सौगन्ध)

आर्ये कस्मादजानन्तं गर्हसे मामकल्मषम्।
विपुलां च मम प्रीतिं स्थितां जानासि राघवे ।।२।७५।२०।।

हे पूज्ये, मुझे कुछ भी मालूम नहीं, मुझ निष्पाप को आप क्यों कोस रही हो, आप जानती हैं कि राम में मेरी कितनी बड़ी भक्ति है।

क्रृतशास्त्रानुगा बुद्धिर्मा भूत् तस्य कदाचन ।
सत्यसन्धः सतां श्रेष्ठो यस्यार्योनुमते गतः ।।२।७५।२१।

उसकी बुद्धि पढ़े हुए शास्त्र के अनुसार चलने वाली न हो, जिस को अनमति से सत्यप्रतिज्ञ (सच्ची प्रतिज्ञा वाले), सत्पुरुषों में श्रेष्ठ मेरे बड़े भाई वन को गए हों।

प्रैष्यं च पापीयसां यातु सूर्यं च प्रति मेहतु ।
हन्तु पादेन गां सुप्तां यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।२२।।

वह पापी लोगों का सेवक हो, सूर्य की ओर मुंह करके पेशाब करे और सोई हुए गौ को पैर से ठुकराए जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गए हों।

कारयित्वा महत्कर्म भर्ता भृत्यमनर्थकम् ।
अधर्मो योऽस्य सोऽस्यास्तु यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।२३।।

भृत्य (नौकर) से मुफ़त में बड़ा कर्म कराने पर जो पाप स्वामी को लगता है वह उसे लगे जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गए हों।

बलिषड्भागमुद्धृत्य नृपस्यारक्षितुः प्रजाः ।
अधर्मो योऽस्य सोऽस्यास्तु यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।२५।।

जो उपज का छठा भाग तो ले लेता है पर प्रजा की रक्षा नहीं करता उस राजा को जो पाप लगता है वह उसे लगे जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गए हों।

विश्वासात्कथितं किंचित् परिवादं मिथः क्वचित् ।
विवृणोति स दुष्टात्मा यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।३२।।

विश्वास से गुप्त-स्थान में कही हुई निन्दा की बात को जो दूसरों के प्रति प्रकट कर देता है उसे जो पाप लगता है वह उसे लगे जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गए हों।

अकर्ता चाकृतज्ञश्च त्यक्तश्च निरपत्रपः ।
लोके भवतु विद्विष्टो यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।३३।।

वह निकम्मा, कृतघ्न, त्यागा हुआ (बहिष्कृत), निर्लज्ज, और लोक में निन्दित हो जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई वन को गए हों।

पुत्रैर्दासैश्च भृत्यैश्च स्वगृहे परिवारितः।
स एको मृष्टमश्नातु यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।३४।।

वह पुत्रों से, दासों से, भृत्यों से घिरा हुआ अपने घर में अकेला मिष्टान्न खाये जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गये हों।

मात्मनः सन्ततिं द्राक्षीत्स्वेषु दारेषु दुःखितः।
आयुः समग्रमप्राप्य यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।३६।।

वह अपनी पत्नी के गर्भ से पुत्र का दर्शन न करे और पूर्ण आयु (१०० वर्ष) को मत प्राप्त हो जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गये हों।

सङ्ग्रामे समुपोढे च शत्रुपक्षभयङ्करे।
पलायमानो वध्येत यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।३९।।

युद्ध के प्रारम्भ होने पर, जहां शत्रु पक्ष भयंकर है वह भागता हुआ मारा जाये जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गये हों।

माऽस्य धर्मे मनो भूयादधर्मं स निषेवताम्।
अपात्रवर्षी भवतु यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।४२।।

उसका मन धर्म में मत लगे, वह अधर्म का सेवन करे, वह अपात्र (अयोग्य, अनधिकारी) को दान देने वाला हो, जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गये हों।

उभे सन्ध्ये शयानस्य यत्पापं परिकल्प्यते।
तच्च पापं भवेत्तस्य यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।४४।।

जो दोनों सन्ध्यायों (पूर्वा और पश्चिमा) में सोता है, उसके लिए जो पाप माना गया है वह उसे लगे जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गये हों।

यदग्निदायके पापं यत्पापं गुरुतल्पगे।
मित्रद्रोहे च यत्पापं तत्पापं प्रतिपद्यताम् ।।२।७५।४५।।

जो गृह आदि को आग लगाने वाला है, जो (ब्रह्मचारी) गुरु पत्नी से मैथुन करता है और जो मित्रद्रोही है उसके पाप के बराबर पाप का भागी हो जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गये हों।

अपास्य मातृ शुश्रूषामनर्थे सोऽवतिष्ठताम्।
दीर्घबाहुर्महावक्षा यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।४८।।

वह लम्बी बाहों वाला (घुटने तक लम्बी), चौड़ी छाती वाला (क्षत्रिय) माता की सेवा को त्यागकर अनर्थ (अनिष्ट, आपत्ति,संकठ) में पड़ जाये जिसकी अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गये हों।

धर्मदारान् परित्यज्य परदारान्निषेवताम्।
त्यक्तधर्मरति मूढो यस्यार्योऽनुमते गतः ।।२।७५।५५।।

वह विधिवत् परिणीत (विधिपूर्वक विवाही हुई) स्त्री को त्याग कर पर-स्त्री में आसक्त हो, मूर्खतया धर्म में प्रीति को त्याग दे जिस को अनुमति से मेरे बड़े भाई बन को गये हों।

कुब्जाया अहिंसने हेतुः

(कुब्जा की हत्या न करने में हेतु)

इमामपि हतां कुब्जां यदि जानाति राघवः।
त्वां च मां चैव धर्मात्मा नाभिभाषिष्यते ध्रुवम् ।२।७८।२३।।

कुब्जा की हत्या का वृत्तान्त यदि धर्मात्मा राम सुन पायेंगे तो निश्चित ही वे तुझ (शत्रुघ्न से) और मुझ (लक्ष्मण) से (विमुख हो कर) बात भी नहीं करेंगे।

गुहकृता भरतस्य प्रशस्तिः

(गुह द्वारा की गई भरत की स्तुति)

धन्यस्त्वं न त्वया तुल्यं पश्यामि जगतीतले।
अयत्नादागतं राज्यं यस्त्वं त्यक्तुमिहेच्छसि ।।२।८५।१२।।

(हे भरत) तू धन्य है, मुझे तेरे सदृश जगत् में कोई दूसरा नहीं

दीखता। अनायास (बिना यत्न) प्राप्त हुए राज्य को तू लेना नहीं चाहता।

शाश्वती खलु ते कीर्ति लोकाननुचरिष्यति ।
यत्त्वं कृच्छ्रगतं रामं प्रत्यानयितुमिच्छसि ॥२।८५।१३॥

तेरी अमर कीर्ति लोक लोकान्तरों में फैल जाएगी, जो तू कष्टापन्न (आपद्-ग्रस्त) राम को वापिस लाना चाहता है।

चित्रकूटे महतीं चमूमुपयान्तीं दृष्ट्वा भरतस्याभिप्रायमन्यथा गृहीत्वा तद्वधे समुद्यतं लक्ष्मणं प्रति रामस्योदात्ताः सविस्रम्भा उक्तयः

(चित्रकूट में भारी सेना को आती देखकर भरत के अभिप्राय को ठीक-ठाक न जानकर उसके वध के निमित्त उद्यत हुए लक्ष्मण के प्रति राम की उदार और विश्वास भरी उक्तियां)

पितुः सत्यं प्रतिश्रुत्य हत्वा भरतमाहवे ।
किं करिष्यामि राज्येन सापवादेन लक्ष्मण ॥२।९७।३॥

हे लक्ष्मण ! पिता को वचन देकर, युद्ध में भरत को मार कर अपयश-दूषित राज्य से मैं क्या करूँगा।

नेयं मम मही सौम्य दुर्लभा सागराम्बरा ।
नहीच्छेयमधर्मेण शक्रत्वमपि लक्ष्मण ॥२।९७।७॥

हे सौम्य लक्ष्मण, इस समुद्र-परिवेष्टित (सागर से घिरी हुई) पृथिवी को अपने अधिकार में करना मेरे लिए कुछ कठिन नहीं, पर मैं अधर्म से इन्द्र पद को भी नहीं चाहता।

यद्विना भरतं त्वां च शत्रुघ्नं वापि मानद ।
भवेन्मम सुखं किञ्चिद् भस्म तत् कुरुतां शिखी ॥२।९७।८॥

हे मेरा मान बढ़ाने वाले लक्ष्मण ? जो सुख मुझे भरत, शत्रुघ्न और तेरे बिना प्राप्त हो उसे अग्नि देवता भस्म कर दे।

स्नेहेनाक्रान्तहृदयः शोकेनाकुलितेन्द्रियः ।
द्रष्टुमभ्यागतो ह्येष भरतो नान्यथाऽऽगतः ।।२।९७।११।।

स्नेह से भरपूर और शोक से व्याकुलेन्द्रिय (अशान्त इन्द्रियों वाला) भरत हमें मिलने आया है, किसी और अभिप्राय से नहीं आया ।

प्रसाद्य पितरं श्रीमान् राज्यं मे दातुमागतः ।२।९७।१२।।

पिता को मनाकर श्रीयुत भरत मुझे राज्य देने आया है ।

अस्मासु मनसाऽप्येष नाहितं किंचिदाचरेत् ।।२।९७।१३।।

वह हमारे विषय में मन से भी अनिष्ट चिन्तन नहीं कर सकता ।

नहि ते निष्ठुरं वाच्यो भरतो नाप्रियं वचः ।
अहं ह्यप्रियमुक्तः स्यां भरतस्याप्रिये कृते ।।२।९७।१५।।

तूने भरत को कठोर अप्रिय वचन कहा, तो समझ लेना कि वह वचन मुझे ही कहा गया है ।

कथं नु पुत्राः पितरं हन्युः कस्यां चिदापदि ।
भ्राता वा भ्रातरं हन्यात् सौमित्रे प्राणमात्मनः ।।२।९७।१६।

हे लक्ष्मण ! आपत्ति में भी पुत्र पिता को कैसे मार सकते हैं । भाई भाई को, जो उसका अपना प्राण है, कैसे मार सकता है ।

यदि राज्यस्य हेतोस्त्वमिमां वाचं प्रभाषसे ।
वक्ष्यामि भरतं दृष्ट्वा राज्यमस्मै प्रदीयताम् ।२।९७।१७।।

यदि तू राज्य की इच्छा से ऐसा कहता है तो भरत के मिलने पर मैं उससे कहूँगा राज्य इसे (लक्ष्मण को) दे दो ।

तथोक्तो धर्मशीलेन भ्रात्रा तस्य हिते रतः ।
लक्ष्मणः प्रविवेशेव स्वानि गात्राणि लज्जया ।।२।९७।१९।।

इस प्रकार धर्मशील भ्राता राम से कहे जाने पर नित्य उसके हित में संलग्न (कभी भी उसका विरोध न करने वाला) लक्ष्मण लज्जा के मारे अपने अंगों में सिकुड़ गया ।

किं कारणं त्वं वनमागत इति भरतं रामस्य परिप्रश्नः
(तुम किस कारण बन में आए हो इस विषय में राम का
भरत से प्रश्न)

क्व नु तेऽभूत्पिता तात यदरण्यं त्वमागतः ।
न हि त्वं जीवतस्तस्य वनमागन्तुमर्हसि ।। २।१००।४।।

हे प्यारे, तेरा पिता कहाँ है, जो तुम बन में आए हो उसके जीते तुम बन में नहीं आ सकते ।

कच्चिन्नु धरते तात राजा यत्त्वमिहागतः ।
कच्चिन्न दीनः सहसा राजा लोकान्तरं गतः ।। २।१००।६।।

हे प्यारे क्या महाराज जीते हैं जो तुम यहाँ आए हो । क्या वे क्षीण होकर अचानक मृत्युलोक को तो नहीं चले गए ।

कच्चित्सौम्य न ते राज्यं भ्रष्टं बालस्य शाश्वतम् ।।२।१००।७।

हे सौम्य क्या बालकपन के कारण तेरा पुरातन राज्य तो नहीं नष्ट हो गया ।

कच्चिदर्थं विनिश्चित्य लघुमूलं महोदयम् ।
क्षिप्रमारभसे कर्म न दीर्घयसि राघव ।।१००।१६।।

क्या तुम मूल में छोटे पर (अन्त में) महालाभकारी कर्म को शीघ्र ही आरम्भ करते हो, उसे लटकाते तो नहीं ?

कच्चिन्नु सुकृतान्येव कृतरूपाणि वा पुनः ।
विदुस्ते सर्वकार्याणि न कर्तव्यानि पार्थिवाः ।।२।१००।२०।।

क्या मैं आशा करूँ कि दूसरे राजा लोग तेरे सब कार्यों को निष्पन्न (सिद्ध, पूर्ण) होने पर अथवा लगभग सिद्ध होने पर ही जानते हैं, जो अभी तुमने करने हैं (जो संकल्पित हैं) उन्हें नहीं ।

अमात्यानुपधातीतान्पितृपैतामहाञ्शुचीन् ।
श्रेष्ठाञ्श्रेष्ठेषु कच्चित्त्वं नियोजयसि कर्मसु ।।२।१००।२६।।

मैं आशा करता हूं कि तुम पिता पितामह से चले आ रहे शुद्ध, उत्कोच (घूस) न लेने वाले श्रेष्ठ अमात्यों (वज़ीरों) को श्रेष्ठ कर्मों में लगाते हो ।

कच्चिन्नोग्रेण दण्डेन भृशमुद्वेजिताः प्रजाः ।२।१००।२७।

आशा है तुमने उग्र दण्ड से (सख्त सज़ा देकर) प्रजाओं को भयाक्रान्त (भीत, संत्रस्त, घबड़ाई, डरी हुई) तो नहीं बना दिया ।

कच्चित्त्वां नावजानन्ति याजकाः पतितं यथा ।
उग्रप्रतिग्रहीतारं कामयानमिव स्त्रियः ॥२।१००।२८॥

मैं आशा करता हूं कि तेरी प्रजायें अत्यधिक कर (टैक्स) लेने के कारण तेरा अपमान तो नहीं करतीं जैसे याजक (पुरोहित) पतित (चण्डाल आदि) का, अथवा कामातुर पुरुष का स्त्रियां अपमान करती हैं ।

कच्चिद्द् बलस्य भक्तं च वेतनं च यथोचितम् ।
सम्प्राप्तकालं दातव्यं ददासि न विलम्बसे ॥२।१००।३२॥

मैं आशा करता हूं कि तुम सेना को उचित भत्ता और तनखाह समय पर देते हो और इस में देर नहीं करते हो ।

कच्चिन्न लोकायतिकान् ब्राह्मणांस्तात सेवसे ।२।१००।३८।

मैं आशा करता हूं तुम लोकायतिक(इस लोक को ही आयति= परलोक मानने वाले) ब्राह्मणों की संगत तो नहीं करते ।

कच्चित्ते दयिताः सर्वे कृषिगोरक्ष्यजीविनः ।
वार्तायां साम्प्रतं तात लोकोयं सुखमेधते ॥ २।१००।४७॥

क्या तुम्हें किसान और गोपाल प्यारे हैं । हे प्यारे क्या इस समय लोग वाणिज्य (वणिक्-व्यापार) से सुख से रहते हैं ।

कच्चिदार्योपि शुद्धात्मा क्षारितश्चापकर्मणा ।
अदृष्टः शास्त्रकुशलै र्न लोभाद् बध्यते शुचिः ॥२।१००।५६॥

मैं आशा करता हूं कि कोई सदाचारी, शुद्धात्मा, निरपराध पुरुष, बिना शास्त्रज्ञों द्वारा परीक्षित किये, लोभ के कारण (चोरी व्यभिचार आदि से) मिथ्या दूषित करके बांधा तो नहीं जाता ।

गृहीतश्चैव पृष्टश्च काले दृष्टः सकारणः ।
कच्चिन्न मुच्यते चोरो धनलोभान्नरर्षभ ॥२।१००।५७॥

मैं आशा करता हूं कि उस चोर को, जो पकड़ा गया है, जिस से पूछ-ताछ हो चुकी है, जिसके चोर होने में पर्याप्त कारण मालूम हो चुके हैं, उसे लोभवश (कुछ धन लेकर) छोड़ा तो नहीं जाता।

रामेण भरतायोपदिष्टाश्चतुर्दश राजदोषाः

(राम द्वारा भरत को बतलाये गये चौदह राजदोष)

नास्तिक्यमनृतं क्रोधं प्रमादं दीर्घसूत्रताम् ।
अदर्शनं ज्ञानवतामालस्यं पञ्चवृत्तिताम् ॥२।१००।६५॥

नास्तिकता (परलोक न मानना), झूठ बोलना, (अप्रिय वचन सुनकर) क्रोध में आ जाना, प्रमाद (कर्तव्य की ओर ध्यान न देना), किसी कार्य को करने में अधिक समय लगाना, ज्ञानियों के साथ सम्पर्क (मेल) न रखना, सुस्ती (कार्य आरम्भ करने में देर करना) और चक्षु आदि इन्द्रियों के अधीन होना।

एकचिन्तनमर्थानामनर्थज्ञैश्च मन्त्रणम् ।
निश्चितानामनारम्भं मन्त्रस्यापरिरक्षणम् ॥२।१००।६६॥
मङ्गलाद्यप्रयोगं च प्रत्युत्थानं च सर्वतः ॥
कच्चित्त्वं वर्जयस्येतान्राजदोषांश्चतुर्दश ॥२।१००।६७॥

अकेले (असहाय) नाना कर्तव्यों का चिन्तन, यथार्थ ज्ञान-रहित पुरुषों के साथ विचार करना, (६६) निश्चित किये हुए कार्यों को हाथ में न लेना, मन्त्र (गुप्त विचार को लोगों में प्रकट होने से न बचा सकना), मङ्गलादि (तिलक, माला, आदि) का न करना, सर्वतः प्रत्युत्थान (नाना दिशाओं में स्थित शत्रुओं के विरोध में एक साथ उठ खड़े होना (=धावा बोलना) मैं आशा करता हूं तुम इन चौदह राजदोषों का परिहार करते हो (अपने को इन से बचाते हो)।

आनुपूर्व्यात्त्वमेव राज्यमर्हः, अनुमन्यन्ते चेदं मया सह समुदिताः प्रकृतयः, अद्यायाभिषिञ्चस्वात्मानं राज्येनेति भरतेनोक्तस्य रामस्य तदनङ्गीकारे यौक्तिकं वचः

(ज्येष्ठता-क्रम से आप ही राज्य के अधिकारी हैं, मेरे साथ

आई हुई प्रजाएँ भी ऐसा मानती हैं, अतः शीघ्र ही राज्याभिषेक स्वीकार कीजिये, भरत के ऐसा कहने पर राम का अनङ्गीकार करते हुए युक्ति-युक्त वचन)

कुलीनः सत्त्वसम्पन्नस्तेजस्वी चरितव्रतः।
राज्यहेतोः कथं पापमाचरेन्मद्विधो जनः॥ ।१०१।१६॥

महाकुल में उत्पन्न मनस्वी, तेजस्वी, व्रती मेरे जैसा पुरुष राज्य के लिये कैसे पाप करे।

न दोषं त्वयि पश्यामि सूक्ष्ममप्यरिसूदन।
न चापि जननीं बाल्यात्त्वं विगर्हितुमर्हसि॥२।१०१।१७॥

मैं तुझ में अणुमात्र भी दोष नहीं देखता। बालकपन से (बेसमझी से) तुम्हें माता कैकेयी की भी निन्दा नहीं करनी चाहिये।

यावत् पितरि धर्मज्ञ गौरवं लोकसत्कृते।
तावद् धर्मकृतां श्रेष्ठ जनन्यामपि गौरवम्॥२।१०१।२१॥

हे धर्मज्ञ जितना लोक-पूजित पिता के प्रति आदर योग्य है, उतना ही हे धर्मचारियों में उत्तम, माता के प्रति भी योग्य है।

एताभ्यां धर्मशीलाभ्यां वनं गच्छेति राघव।
मातापितृभ्यामुक्तोहं कथमन्यत् समाचरे॥२।१०१।२२॥

धर्म स्वभाव वाले इन दोनों—माता और पिता ने कहा—राम बन को जाओ। (ऐसा कहने पर) मैं कैसे अन्यथा आचरण कर सकता हूं।

रामकृतं विषण्णस्य भरतस्योपसान्त्वनम्

(राम द्वारा उदास हुए भरत को धीरज देना)

इतश्चेतरतश्चैनं कृतान्तः परिकर्षति॥२।१०५।१५॥

यहां अपनी इच्छा नहीं चलती, मनुष्य परवश है। दैव उसे कभी इधर कभी उधर खेंचता है।

सर्वे क्षयान्ता निचयाः पतनान्ताः समुच्छ्रयाः ।
संयोगा विप्रयोगान्ता मरणान्तं च जीवितम् ॥२।१०५।१६॥

सभी संग्रह (धीरे-धीरे) समाप्त हो जाते हैं। सभी उन्नति का अन्त अवनति है (सभी आरोह (चढ़ाई) का अन्त अवरोह है)। सभी संयोगों के अनन्तर वियोग होता है, और सभी जीवन के अनन्तर मरण।

अत्येति रजनी या तु सा न प्रतिनिवर्तते ।२।१०५।१६।
नन्दन्त्युदित आदित्ये नन्दन्त्यस्तमितेऽहनि ।
आत्मनो नावबुध्यन्ते मनुष्या जीवितक्षयम् ॥२।१०५।२४॥

सूर्य के उदय होने पर लोग प्रसन्न होते हैं और सूर्य के अस्त होने पर भी, यह हमारी आयु प्रतिदिन (एक-एक दिन के बीतने से) क्षीण हो रही है, इसे नहीं जानते (जानते होते तो खुशी न मनाते)।

यथा काष्ठं च काष्ठं च समेयातां महार्णवे ।
समेत्य तु व्यपेयातां कालमासाद्य कञ्चन ॥२।१०५।२६॥

एवं भार्याश्च पुत्राश्च ज्ञातयश्च वसूनि च ।
समेत्य व्यवधावन्ति ध्रुवो ह्येषां विनाभवः ॥२।१०५।२७॥

जैसे एक लकड़ी (समुद्र में तैरती हुई) (दैवयोग से) दूसरी लकड़ी से मिल जाती है, फिर कुछ काल के पीछे जुदा हो जाती है (२६), ऐसे ही भार्या, पुत्र, बन्धु तथा धन पुरुष से मिल कर फिर उससे परे हो जाते हैं। इनकी जुदाई अटल है।

धर्मात्मा सुशुभैः कृत्स्नैः क्रतुभिश्चाप्तदक्षिणैः ।
न स शोच्यः पिता तात स्वर्गतः सत्कृतः सताम् ॥२।१०५।३२।

धर्मात्मा राजा समस्त शुभ, पुष्कल दक्षिणा वाले सोम यागों (=यज्ञों) को करके, सत्पुरुषों से पूजित होकर स्वर्ग को प्राप्त हुआ है। वह शोक के योग्य नहीं है।

एते बहुविधाः शोका विलापरुदिते तथा ।
वर्जनीया हि धीरेण सर्वावस्थासु धीमता ॥२।१०५।३५॥

इन नाना (दशरथ मरण, मेरा निर्वासन आदि विषय भेद से

भिन्न-भिन्न) शोकों को और उनके कारण होने वाला जो विलाप और रोना धोना है इसे बुद्धिमान् धीर पुरुष को प्रत्येक अवस्था में छोड़ देना चाहिए।

स स्वस्थो भव मा शोको यात्वा चावस तां पुरीम्।
तथा पित्रा नियुक्तोसि वशिना वदतां वर ॥२।१०५।३६॥

अतः तू स्वस्थ (शोक-रहित, शान्त) हो जा, शोक तुझे दबाए नहीं। (यहां से) जाकर अयोध्यापुरी में निवास कर। हे वक्तृ-श्रेष्ठ (वक्ताओं में उत्तम), ऐसी ही अधिकारवान् पिता की आज्ञा है।

यत्राहमपि तेनैव नियुक्तः पुण्यकर्म्मणा।
तत्रैवाहं करिष्यामि पितुरार्यस्य शासनम् ॥२।१०५।३७॥

उस पुण्यकर्मा (पवित्र कर्म करने वाले) पिता ने जहां (बन में) रहकर मुझे आज्ञा पालन को कहा है, मैं वहीं उसकी आज्ञा का पालन करूँगा।

असन्तुष्टो भरतो भ्रातरं राममनुमानयितुं भूयोपि युक्तीरुदाहरति, रामश्च ताः प्रतिवदति

(असन्तुष्ट भरत भ्राता राम को मनाने के लिए एक बार फिर युक्तियुक्त वचन कहता है और राम उन का प्रतिवाद करता है)

प्रोषिते मयि यत्पापं मात्रा मत्कारणात्कृतम्।
क्षुद्रया तदनिष्टं मे प्रसीदतु भवान्मम ॥२।१०६।८॥

मेरे अयोध्या से प्रवास करने पर जो पाप मेरी क्षुद्र माता ने मेरे लिये किया, वह मेरी इच्छा से नहीं किया गया। अतः आप मुझे क्षमा करें।

धर्मबन्धेन बद्धोस्मि तेनेमां नेह मातरम्।
हन्मि तीव्रेण दण्डेन दण्डार्हां पापकारिणीम् ॥२।१०६।६॥

मैं धर्मरूप बन्धन से बंधा हुआ हूं, अतः तीव्र दण्ड देकर इस पापकारिणी मां को जान से नहीं मारता।

कथ दशरथाज्जातः शुभाभिजनकर्मणः ।
जानन्धर्ममधर्मं च कुर्यां कर्म जुगुप्सितम् ॥२।१०६।१०॥

शुभ कुल और कर्म वाले (महाराज) दशरथ का आत्मज (पुत्र) होता हुआ मैं ऐसा निन्दित कर्म कैसे करूँ ।

अन्तकाले हि भूतानि मुह्यन्तीति पुराश्रुतिः ।
राज्ञैवं कुर्वता लोके प्रत्यक्षा सा श्रुतिः कृता ॥२।१०६।१३॥

अन्त काल में प्राणी गड़बड़ा जाते हैं, इस पुराने वचन को महाराज ने ऐसा आचरण करके प्रत्यक्ष (सिद्ध) कर दिया ।

साध्वर्थमभिसन्धाय क्रोधान्मोहाच्च साहसात् ।
तातस्य यदतिक्रान्तं प्रत्याहरतु तद्भवान् ॥२।१०६।१४॥

पिता ने (कैकेयी के) क्रोध के कारण, (उसके विषय में) मोह अथवा साहस (क्षिप्रकारिता=जल्दबाज़ी) से जो न्याय का अतिक्रम (उल्लंघन) किया, राजा के वचनों (सदोष और अदोष वचनों) का विचार करके आप उसकी निवृत्ति कर सकते हैं ।

क्व चारण्यं क्व च क्षात्रं क्व जटाः क्व च पालनम् ।
ईदृशं व्याहतं कर्म न भवान्कर्तुमर्हति ॥२।१०६।१८॥
एष हि प्रथमो धर्मः क्षत्रियस्याभिषेचनम् ।
येन शक्यं महाप्राज्ञ प्रजानां परिपालनम् ॥२।१०६।१९॥

कहाँ बन, कहां क्षात्र धर्म, कहाँ जटा और कहाँ (प्रजाओं का) पालन, इस प्रकार परस्पर-विरुद्ध कर्म आप को योग्य नहीं है । (१८) राजा का सब से पहला धर्म है वह अपना अभिषेक करे । जिसके द्वारा ही प्रजाओं का पालन हो सकता है । (१९)

अथ क्लेशजमेव त्वं धर्मं चरितुमिच्छसि ।
धर्मेण चतुरो वर्णान्पालयन् क्लेशमाप्नुहि ॥२।१०६।२१॥
चतुर्णामाश्रमाणां गार्हस्थ्यं श्रेष्ठमुत्तमम् ।
आहुर्धर्मज्ञ धर्मज्ञास्तं कथं त्यक्तुमिच्छसि ॥२।१०६।२२॥

चार आश्रमों में गृहस्थ आश्रम अति उत्तम है । हे धर्मज्ञ, ऐसा धर्म जानने वाले कहते हैं । उसे आप क्यों छोड़ना चाहते हैं ?

श्रुतेन बालः स्थानेन जन्मना भवतो ह्यहम् ।
स कथं पालयिष्यामि भूमिं भवति तिष्ठति ॥२।१०६॥२३॥

विद्या से, वय में मैं आप से बाल(अवर, छोटा) हूं । आप के रहते मैं कैसे प्रजा पालन कर सकूंगा ।

पुनरेवं ब्रुवाणं तं भरतं लक्ष्मणाग्रजः ।
प्रत्युवाच ततः श्रीमाञ्ज्ञातिमध्ये सुसत्कृतः ॥२।१०७।१॥

भरत के इस भाषण का उत्तर देते हुए ज्ञातियों के बीच में पूजित हो, राम ने कहा ।

उपपन्नमिदं वाक्यं यत्त्वमेवमभाषथाः ।
जातः पुत्रो दशरथात्कैकेय्यां राजसत्तमात् ॥२।१०७।२॥

यह जो तुमने वचन कहा यह युक्त ही है । कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न, राजश्रेष्ठ दशरथ के पुत्र हो ।

पुरा भ्रातः पिता नः स मातरं ते समुद्वहन् ।
मातामहे समाश्रौषीद्राज्यं शुल्कमनुत्तमम् ॥२।१०७।३॥

हे भ्रातः पिछले समय में तेरी मां को विवाहते हुए हमारे पिता (दशरथ)ने तेरे नाने को शुल्क-रूप में राज्य देने का वचन दिया था ।

देवासुरे च संग्रामे जनन्यै तव पार्थिवः ।
संप्रहृष्टो ददौ राजा वरमाराधितः प्रभुः ॥२।१०७।४॥

देवासुर संग्राम में पृथिवीश्वर हमारे पिता ने सेवा से प्रसन्न होकर तेरी माता को वर (वरद्वय) दिया था ।

ततः सा संप्रतिश्राव्य तव माता यशस्विनी ।
अयाचत नरश्रेष्ठं द्वौ वरौ वरवर्णिनी ॥२।१०७।५॥

तब पिता से वचन लेकर यशस्विनी तेरी माता ने दो वर मांग लिए ।

तव राज्यं नरव्याघ्र मम प्रव्राजनं तथा ।
तच्च राजा तथा तस्यै नियुक्तः प्रददौ वरम ॥२।१०७।६।

तब राजा ने वर के वशीभूत होकर, हे पुरुष श्रेष्ठ, तुझे राज्य दिया और मुझे निर्वासन ।

जाबालिना मुनिना रामाय चार्वाकमतस्योपदेशः
(जाबालि मुनि द्वारा राम को चार्वाक मत का उपदेश)

आश्वासयन्तं भरतं जाबालि र्ब्राह्मणोत्तमः ।
उवाच रामं धर्मज्ञं धर्मापेतमिदं वचः ।।२।१०८।१।।

जब राम भरत को आश्वासन दे रहे थे तब जाबालि मुनि ने धर्मज्ञ राम को धर्म विरुद्ध यह वचन कहा—

कः कस्य पुरुषो बन्धुः किमाप्यं कस्य केनचित् ।
एको जायते जन्तुरेक एव विनश्यति ।।२।१०८।३।।

कौन किसी का बन्धु है, किससे किस को कुछ प्राप्त होता है। अकेला ही मनुष्य जन्मता है और अकेला ही मरता है ।

तस्मान्माता पिता चेति राम सज्जेत यो नरः ।
उन्मत्त इव स ज्ञेयो नास्ति कश्चिद्धि कस्यचित् ।।२।१०८।४।।

इसलिए जो पुरुष—यह मेरी माता है, यह पिता है, यह मान कर इन में आसक्त होता है उसे पागल अथवा मूर्ख जानना चाहिए। कारण कि कोई किसी का नहीं ।

न हि ते दशरथः कश्चित्त्वं च तस्य न कश्चन ।
अन्यो राजा त्वमन्यस्तु तस्मात्कुरु यदुच्यते ।।२।१०८।१०।।

तेरा दशरथ कुछ नहीं लगता और तू उसका। राजा (दशरथ) और है और तू और। इसलिए हम जो तुम्हें बतलाते हैं उस पर आचरण करो ।

अर्थे धर्मपरा ये ये तांस्ताञ्शोचामि नेतरान् ।
ते हि दुःखमिह प्राप्य विनाशं प्रेत्य लेभिरे ।।२।१०८।१३।।

जो प्रत्यक्ष सिद्ध प्राप्त हुए अर्थ को छोड़ कर धर्म परायण हुए वे सब शोच्य हैं। वे यहां दुःख उठा कर परलोक में भी दुःख के भागी बने ।

सतां बुद्धिं पुरस्कृत्य सर्वलोकनिदर्शिनीम् ।
राज्यं स त्वं निगृह्णीष्व भरतेन प्रसादितः ।।२।१०८।१८।।

सत्पुरुषों (प्रत्यक्षवादियों) के सर्व-संमत विचार का अनुसरण करो और भरत से प्रसन्न होकर राज्य को अपने अधीन करो ।

जाबालिना मुनिना सत्यात् सत्यप्रतिश्रवात् प्रच्यावयितुं राज्यं च ग्राहयितुं बलवत्प्रयुक्तो रामः सत्ये स्वस्य श्रद्धां सविस्तरमाह

(जाबालि मुनि द्वारा सत्य प्रतिज्ञा से गिराने के लिए और राज्य ग्रहण करवाने के लिए बलपूर्वक प्रेरणा किये जाने पर राम अपनी सत्य में श्रद्धा का व्याख्यान विस्तार से करता है)

कस्य यास्याम्यहं वृत्तं केन वा स्वर्गमाप्नुयाम् ।
अनया वर्तमानोहं वृत्त्या हीनप्रतिज्ञया ।।२।१०९।८।।

आप के बताये हुए आचार का पालन यदि करूं जिससे सत्य के पालन की प्रतिज्ञा की हानि होगी, तो किस के आचार (मेरे पिता पितामह आदि में तो यह आचार कहीं दीखता नहीं) का अनुसरण करूंगा और किस साधन से स्वर्ग को जाऊँगा ।

कामवृत्तोऽन्वयं लोकः कृत्स्नः समुपवर्तते ।
यद्वृत्ताः सन्ति राजानस्तद्वृत्ताः सन्ति हि प्रजाः ।।२।१०९।९।।

सभी लोग (प्रायः) स्वेच्छाचारी होते हैं (यदि मैं आप के मार्ग का अनुसरण करूं तो लोग मेरा अनुसरण करेंगे) । जैसे राजा का आचार होता है वैसा ही प्रजा का भी होता है ।

सत्यमेवानृशंसं च राजवृत्तं सनातनम् ।२।१०९।१०।
उद्विजन्ते यथा सर्पान्नरादनृतवादिनः ।२।१०९।१२।

सत्य और सदय व्यवहार राजा का अनादि धर्म है । झूठ बोलने वाले पुरुष से लोग ऐसे डरते हैं जैसे सांप से ।

धर्मः सत्यपरो लोके मूलं सर्वस्य चोच्यते ।२।१०६।१२।

धर्म सत्य पर आश्रित है और सबका मूल है ।

सत्यमेवेश्वरो लोके सत्ये धर्मः सदाश्रितः ।
सत्यमूलानि सर्वाणि सत्यान्नास्ति परं पदम् ।।२।१०६।१३।।

लोक में सत्य ही ईश्वर है, सत्य पर धर्म नित्य आधृत (आश्रित) है। सब कुछ सत्यमूलक है। सत्य से बढ़कर कोई पदार्थ नहीं।

नैव लोभान्न मोहाद्वा न चाज्ञानतमोन्वितः ।
सेतुं सत्यस्य भेत्स्यामि गुरोः सत्यप्रतिश्रवः ।।२।१०६।१७।।

न लोभ से, न मोह (संमोह, बुद्धि की व्याकुलता) से, न अज्ञान-अन्धकार से आवृत (ढका हुआ) होने से, जनक (पिता) से सत्य के पालन की प्रतिज्ञा करके सत्य की मर्यादा का उल्लंघन करूंगा।

सत्यप्रतिज्ञानादविचाल्यं रामं दृष्ट्वा भरतेन विस्मयकरं वनवासाय स्वस्य समर्पणम्

(राम को प्रतिज्ञा से अविचाल्य देखकर भरत का आश्चर्यजनक अपने आप को वनवास के लिए अर्पण करना)

न याचे पितरं राज्यं नानुशासामि मातरम् ।
एवं परमधर्मज्ञं नानुजानामि राघवम् ।।२।१११।२५।।

मैंने पिता से राज्य नहीं मांगा, और न मैंने माता को शिक्षा दी कि तू मेरे लिए राज्य मांग। मैं नहीं सह सकता कि ऐसा परम धर्म वेत्ता (मेरा भ्राता) राम बन को जाये।

यदि त्ववश्यं वस्तव्यं कर्तव्यं च पितुर्वचः ।
अहमेव निवत्स्यामि चतुर्दश वने समाः ।।२।१११।२६।।

यदि बन में रहना अनिवार्य है और पिता के आदेश का पालन आवश्यक है तो मैं ही चौदह बरस बन में रहूंगा।

धर्मात्मा तस्य सत्येन भ्रातु र्वाक्येन विस्मितः ।
उवाच रामः सम्प्रेक्ष्य पौरजानपदं जनम् ॥२।१११।२७॥

धर्मात्मा राम को भ्राता के इस सत्य (निश्छल, निर्व्याज, सच्चे) वचन को सुन कर विस्मय (हैरानी) हुआ और उसने पुरवासी तथा ग्रामवासी लोगों के सामने कहा—

उपाधिर्न मया कार्यो वनवासे जुगुप्सितः ।
युक्तमुक्तं च कैकेय्या पित्रा मे सुकृतं कृतम् ॥२।१११।२९॥

बन जाने (धर्म के पालन में) के विषय में मैंने प्रतिनिधि नहीं रखना, ऐसा करना निन्दित है । (माता) कैकेयी ने ठीक ही कहा और पिता जी ने ठीक ही किया ।

अन्तर्हिता मुनिगणाः स्थिताश्च परमर्षयः ।
तौ भ्रातरौ महाभागौ काकुत्स्थौ प्रशशंसिरे ॥२।११२।२॥

(ऐसा देख) छिपे हुए मुनिगण और परम ऋषियों ने ककुत्स्थ वंशज दोनों भाइयों की बहुत प्रशंसा की ।

सदार्यौ राजपुत्रौ द्वौ धर्मज्ञौ धर्मविक्रमौ ।
श्रुत्वा वयं हि संभाषामुभयोः स्पृहयामहे ॥२।११२।३॥

दोनों राजकुमार आर्य है, धर्म वेत्ता और धर्म पर चलने वाले है । इन दोनों के संवाद को सुन कर इन के प्रति हमारी स्पृहा होती है (हमारी चाह होती है कि ऐसा उज्ज्वल, उदात्त चरित्र हमारा भी हो) ।

रामस्य पुनः प्रतिज्ञानम्
(राम की दुबारा प्रतिज्ञा)

लक्ष्मीश्चन्द्रादपेयाद्वा हिमवान्वा हिमं त्यजेत् ।
अतीयात्सागरो वेलां न प्रतिज्ञामहं पितुः ॥२।११२।१८॥

लक्ष्मी (कान्ति, शोभा, श्री, प्रभा) भले ही चांद से जुदी हो जाये, हिमालय भले ही हिम (बर्फ) को छोड़ दे । समुद्र भले ही अपनी वेला (तीर) को लांघ जाये, पर मैं पिता को दिये हुए वचन से नहीं टल सकता ।

मातरं रक्ष कैकेयीं मा रोषं कुरु ताम् प्रति ।
मया च सीतया चापि शप्तोसि रघुनन्दन ।।२।११२।२७-२८।।

हे भरत, माता कैकेयी की रक्षा करना, उसके प्रति क्रोध मत करना । तुझे मेरी और सीता की सौगन्ध है ।

सीतां प्रत्यनसूयाकृतः स्त्रीधर्मोपदेशः

(सीता को अनसूया का स्त्री धर्म विषयक उपदेश)

त्यक्त्वा ज्ञातिजनं सीते मानवृद्धि च मानिनि ।
अवरुद्धं वने रामं दिष्ट्या त्वमनुगच्छसि ।।२।११७।२२।।

हे आत्म-संमानवति सीते ! बन्धुजनों को छोड़कर तथा बड़े मान को त्याग कर (मैं राजपुत्री हूं मैं कैसे बन को जाऊं, इस मान को परे हटा कर) बड़ी प्रसन्नता की बात है कि तुम पिता (दशरथ) से बनवास में नियुक्त राम का अनुगमन कर रही हो ।

नगरस्थो वनस्थो वा शुभो वा यदि वाऽशुभः ।
यासां स्त्रीणां प्रियो भर्ता तासां लोका महोदयाः ।।२।११७।२३।।

चाहे नगरवासी हो, चाहे वनवासी, शुभलक्षण-युक्त हो अथवा अशुभ लक्षण-युक्त, जिन स्त्रियों को पति प्यारा है उन्हें महालाभ-युक्त लोक प्राप्त होते हैं ।

दुःशीलः कामवृत्तो वा धनै र्वा परिवर्जितः ।
स्त्रीणामार्यस्वभावानां परमं दैवतं पतिः ।।२।११७।२४।।

पति चाहे दुःशील (दुष्ट स्वभाव वाला), स्वेच्छाचारी तथा धन-हीन हो, आर्य(=उत्तम) स्वभाव वाली स्त्रियों के लिए पति ही परम देवता है ।

नातो विशिष्टं पश्यामि बान्धवं विमृशन्त्यहम् ।
सवत्र योग्यं वैदेहि तपः कृतमिवाव्ययम् ।।२।११७।२५।।

हे जानकि ! मैं सोच विचार करती हुई इससे बड़ा बन्धु नहीं जानती जो सब समय (अथवा स्थान) में योग्य अविनाशी फल वाला तप ।

दण्डकारण्यवास्तव्यानामृषीणां रक्षणार्थाय राक्षसवधं प्रतिज्ञातवन्तं रामं वारयन्त्याः सीताया हेतुमन्ति वचांसि

(दण्डकारण्यवासी ऋषियों की रक्षार्थ जब राम राक्षसों के वध की प्रतिज्ञा करते हैं तो सीता उन्हें मना करती हुई युक्तियुक्त वचन कहती है)

न हि मे रोचते वीर गमनं दण्डकान्प्रति ।
कारणं तत्र वक्ष्यामि वदन्त्याः श्रूयतां मम ॥३।६।१३॥

हे वीर, दण्डकारण्य को जाना मुझे पसन्द नहीं। इसमें क्या कारण है मैं कहती हूँ, आप सुनिये ।

त्वं हि बाणधनुष्पाणि र्भ्रात्रा सह वनं गतः ।
दृष्ट्वा वनेचरान्सर्वान्कच्चित्कुर्याः शरव्ययम् ॥३।६।१४॥

आप बाण और धनुष हाथ लेकर भ्राता के साथ वन में आये हैं, हो सकता है आप सभी राक्षसों को देखकर उन पर बाण चला दें ।

क्षत्रियाणामिह धनुर्हुताशनस्येन्धनानि च ।
समीपतः स्थितं तेजोबलमुच्छ्र्यते भृशम् ॥३।६।१५॥

क्षत्रियों के पास में पड़ा धनुष और अग्नि के समीप में इन्धन दोनों के तेजोबल को वहुत बढ़ाते हैं ।

स्नेहाच्च बहुमानाच्च स्मारये त्वां न शिक्षये ।
न कथं चन सा कार्या गृहीतधनुषा त्वया ॥३।६।२४॥
बुद्धि वैरं विना हन्तुं राक्षसान् दण्डकाश्रितान् ।३।६।२५।
क्व च शस्त्रं क्व च वनं क्व च क्षात्रं तपः क्व च ।
व्याविद्धमिदमस्माभिर्देशधर्मस्तु पूज्यताम् ॥३।६।२७॥

आप के प्रति जो मेरा स्नेह है और जो आदर है उस से प्रेरित हो कर मैं आप को याद दिलाती हूं, शिक्षा नहीं दे रही हूं। दण्ड-कारण्य में रहने वाले राक्षसों को विना वैर के मारने का विचार धनुष लिये हुए आपको कभी नहीं करना चाहिए (२४-२५)। शस्त्र

कहां, और वन कहां, क्षात्र धर्म कहां और तपश्चर्या कहां। ये परस्पर विरुद्ध हैं। देश धर्म = तपोवन धर्म का पालन करना चाहिए।

कदर्यकलुषा बुद्धि र्जायते शस्त्रसेवनात्।
पुनर्गत्वायोध्यायां क्षत्रधर्मं चरिष्यसि ॥३।६।२६॥

शस्त्र के सेवन से बुद्धि संकुचित और मलिन हो जाती है। अयोध्या में लौटने पर आप भले ही क्षात्र धर्म का पालन करेंगे।

कामं सर्वस्वं जह्यां न तु कृतां प्रतिज्ञाम् इति रामस्य सीतां प्रत्युक्तिः

(भले ही सब कुछ छोड़ दूं, पर की हुई प्रतिज्ञा को नहीं, ऐसा सीता को राम का उत्तर)

हितमुक्तं त्वया देवि स्निग्धया सदृशं वचः ।३।१०।२।

हे देवि, तूने स्नेह-वश हितकर योग्य वचन ही कहा है।

किं नु वक्ष्याम्यहं देवि त्वयैवोक्तमिदं वचः।
क्षत्रियै र्धार्यते चापो नार्तशब्दो भवेदिति ॥३।१०।३॥

हे देवि, मैं इसमें क्या कहूं, तू ने ही स्वयं कहा है - क्षत्रिय लोग इस लिये धनुष धारण करते हैं कि कहीं दुःखिये की पुकार न सुने।

सर्वैरेव समागम्य वागियं समुदाहृता।
राक्षसै र्दण्डकारण्ये बहुभिः कामरूपिभिः ॥३।१०।१०॥
अर्दिताः स्म भृशं राम भवान्नस्तत्र रक्षतु ॥३।१०।११॥

सब ने आकर यह वचन कहा – इच्छा से नाना रूप धारण करने वाले राक्षसों से हम बुरी तरह से पीड़ित हैं, आप हमारी रक्षा कीजिये।

मया चैतद्वचः श्रुत्वा कार्त्स्न्येन परिपालनम् ।३।१०।१६॥
ऋषीणां दण्डकारण्ये संश्रुतं जनकात्मजे।
संश्रुत्य न शक्ष्यामि जीवमानः प्रतिश्रवम् ।३।१०।१७॥

मुनीनामन्यथा कर्तुं सत्यमिष्टं हि मे सदा ।
अप्यहं जीवितं जह्यां त्वां वा सीते सलक्ष्मणाम् ।।३।१०।१८।।
न तु प्रतिज्ञां संश्रुत्य ब्राह्मणेभ्यो विशेषतः ।३।१०।१९।।

हे जनकपुत्रि ! मैं ने इस वचन को सुनकर दण्डकारण्य में ऋषियों की पूर्ण रूप से रक्षा करने का वचन दिया (१६)। मैं मुनियों के प्रति प्रतिज्ञा करके अपने जीवन में कैसे इस प्रतिज्ञा का त्याग कर सकता हूं। (१७) मुझे नित्य ही सत्य प्यारा है। हे सीते मैं तुझे छोड़ सकता हूं, लक्ष्मण को भी छोड़ सकता हूं, पर विशेष कर ब्राह्मणों के प्रति की गई प्रतिज्ञा को नहीं।

स्त्रीप्रकृतिमधिकृत्यागस्त्यवचनम्

(स्त्री-स्वभाव के विषय में अगस्त्य मुनि का वचन)

एषा हि प्रकृतिः स्त्रीणामासृष्टे रघुनन्दन ।
समर्थमनुरज्यन्ते विषमस्थं त्यजन्ति च ।।३।१३।५।।

हे राघव ! जब से सृष्टि हुई है यह स्त्रियों का स्वभाव चला आ रहा है सम्पत्ति में पति से अनुराग (प्रेम) करती हैं, विपत्ति में उसका त्याग कर देती हैं।

शतह्रदानां लोलत्वं शस्त्राणां तीक्ष्णता तथा ।
गरुडानिलयोः शैघ्र्यमनुगच्छन्ति योषितः ।।३।१३।६।।

स्त्रियाँ चपला (बिजुली) की चपलता (चञ्चलता), शस्त्रों की तीक्ष्णता (तीखापन), गरुड़ और वायु का वेग धारण करती हैं।

इयं तु भवतो भार्या दोषैरेतैर्विवर्जिता ।३।१३।७।

पर (हे राम) तेरी पत्नी इन दोषों से शून्य है।

अरण्ये दण्डकायां निवसँल्लक्ष्मणो हेमन्तावतरे भरतं स्मरति स्तवीति च

(दण्डकारण्य में निवास करता हुआ लक्ष्मण हेमन्त ऋतु के आने पर भरत को याद करता है और सराहता है)

अत्यन्तसुखे संवृद्धः सुकुमारो हिमार्दितः ।
कथं त्वपररात्रे तु सरयूमवगाहते ।।३।१६।३०।।

नित्य सुख से पाला पोसा, मृदु-काय भरत रात्रि के तृतीय याम में उठकर कैसे सरयू में स्नान करता होगा।

पद्मपत्रेक्षणः श्यामः श्रीमान्निरुदरो महान्।
धर्मज्ञः सत्यवादी च ह्रीनिषेवो जितेन्द्रियः ॥३।१६।३१॥

जो कमलनयन, श्याम वर्ण, शोभायुक्त, कृशोदर (पतली कमर वाला), महाकाय (लम्बे कद वाला) धर्मज्ञ, सत्यवादी, लज्जालु, तथा जितेन्द्रिय (इन्द्रियों को वश में किये हुए है)।

प्रियाभिभाषी मधुरो दीर्घबाहुररिन्दमः।
सन्त्यज्य विविधान्भोगानार्यं सर्वात्मना श्रितः ॥३।१६।३२॥

जो मीठा बोलने वाला, मधुर-स्वभाव, लम्बी भुजाओं वाला, रिपुदमन (शत्रुओं का दमन करने वाला) नाना भोगों को त्याग कर हृदय से आप के आश्रित है।

जितः स्वर्गस्तव (=रामस्य) भ्रात्रा भरतेन महात्मना।
वनस्थमपि तापस्ये यस्त्वामनु विधीयते ॥३।१६।३३॥

आप के भाई महात्मा भरत ने सच मुच स्वर्ग को जीत लिया है, जो वन में रहकर तपस्या करते हुए आप का अनुसरण कर रहा है।

न पित्र्यमनुवर्तन्ते मातृकं द्विपदा इति।
ख्यातो लोकप्रवादोऽयं भरतेनान्यथा कृतः ॥३।१६।३४॥

द्विपात् (मनुष्य) प्रायः माता के शील को ग्रहण करते हैं, पिता के शील को नहीं, यह प्रसिद्ध कहावत भरत ने झूठी सिद्ध कर दी है।

रामस्यौदार्यम्
(राम की उदारता)

भर्ता दशरथो यस्याः साधुश्च भरतः सुतः।
कथं नु साम्बा कैकेयी तादृशी क्रूरदर्शिनी ॥३।१६।३५॥

जिस के भर्ता (पति) महाराज दशरथ हों, पुण्यात्मा भरत जिस का पुत्र हो, वह माता कैकेयी कैसे क्रूर दर्शिनी (निर्दय विचार वाली) हो गई?

इत्येवं लक्ष्मणे वाक्यं स्नेहाद् वदति धार्मिके ।
परिवादं जनन्यास्तमसहन्राघवोऽब्रवीत् ॥३।१६।३६॥

इस प्रकार धार्मिक लक्ष्मण के स्नेह-पूवक कहने पर राम ने माता (कैकेयी) की निन्दा को न सहते हुए कहा —

न तेऽम्बा मध्यमा तात गर्हितव्या कदाचन ।
तामेवेक्ष्वाकुन थस्य भरतस्य कथां कुरु ॥३।१६।३७॥

हे प्यारे ! तुझे मँझलो मां को निन्दा नहीं करनी चाहिये । उसी इक्ष्वाकुओं के नाथ भरत की चर्चा कर ।

हतेषु रक्षसां चतुर्दशसु सहस्रेषु गदापाणिमवस्थितं खरं प्रति रा नस्य मृदुपूर्वं परुषं भाषितम्

(चौदह हजार राक्षसों के राम द्वारा मारे जाने पर गदा हाथ में लिये सामने डटे हुए खर के प्रति राम का पहले नरम और पीछे कठोर भाषण)

गजाश्वरथसंबाधे बले महति तिष्ठता ।
कृतं ते (=त्वया) दारुणं कर्म सर्वलोक जुगुप्सितम् ॥३।२६।२॥

हाथी घोड़े और रथों से भरपूर बड़ी सेना का आश्रय लेकर तू ने सर्वलोक-निन्दित अत्यन्त भयानक कर्म किया ।

उद्वेजनीयो भूतानां नृशंसः पापकर्मकृत् ।
त्रयाणामपि लोकानामीश्वरोऽपि न तिष्ठति ॥३।२६।३॥

प्राणि-मात्र को डराने वाला, क्रूर, पापी, तीनों लोकों का यदि स्वामी भी हो तो भी (चिर तक) ठहर नहीं सकता ।

लोभात्पापानि कुर्वाणः कामाद्वा यो न बुध्यते ।
हृष्टः पश्यति तस्यान्तं ब्राह्मणी-करकादिव ॥३।२६।५॥

लोभ से अथवा काम से जो न जाने (फल को) पाप करता है, वह प्रसन्न होकर अपने विनाश को देखता है जैसे लाल दुम वाली छिपकली के विष को खाकर (अथवा जैसे छिपकली करक=ओले खाते ही मर जाती है) ।

वसतो दण्डकारण्ये तापसान्धर्मचारिणः।
किं नु हत्वा महाभागान् फलं प्राप्स्यसि राक्षस ॥३।२६।६॥

दण्डकारण्य में रहने वाले तपस्वी धर्मचारी महापुरुषों को मार कर, हे राक्षस ! तू क्या फल प्राप्त करेगा ?

अवश्यं लभते कर्ता फलं पापस्य कर्मणः।
घोरं पर्यागते काले द्रुमः पुष्पमिवार्तवम् ॥३।२६।८॥

समय बीतने पर कर्ता किये हुए पाप कर्म का फल अवश्य प्राप्त करता है जैसे वृक्ष में समय पर फूल आता है।

रावणस्य समुद्धर्षणकाम्यया शूर्पणखाकृतं राज्ञां गुण-दोषस्य वर्णनम्

(रावण का उत्साह बढ़ाने की इच्छा से शूर्पणखा द्वारा राजाओं के गुण दोषों का वर्णन)

यस्मात्पश्यन्ति दूरस्थान्सर्वानर्थान्नराधिपाः।
चारेण तस्मादुच्यन्ते राजानो दीर्घचक्षुषः ॥३।३३।१०॥

चूंकि राजा लोग दूरवर्ती सभी पदार्थों को चार (गुप्तचरों) द्वारा देखते हैं इसलिए उन्हें दीर्घचक्षु (दूर तक देखने वाली आंखों से युक्त) कहते हैं।

अयुक्तचारं मन्ये त्वां प्राकृतैः सचिवैर्युतः।
स्वजनं च यतः स्थानं निहतं नावबुध्यसे ॥३।३३।११॥

मैं समझती हूं कि तेरे गुप्तचर अयोग्य हैं अथवा हैं ही नहीं, यह भी कि तू प्राकृत (जघन्य, घटिया) मन्त्रियों से युक्त है, कारण कि जनस्थान (जिसमें तेरे अपने लोग रहते हैं) नष्ट हो गया, और तुझे मालूम ही न हुआ।

नानुतिष्ठति कार्याणि भयेषु च न बिभेति च।
क्षिप्रं राज्याच्च्युतो दीनस्तृणैस्तुल्यो भवेदिह ॥३।३३।१७॥

जो समय पर कार्य नहीं करता, भय का निमित्त उपस्थित होने

पर भी नहीं चौंक उठता, वह शीघ्र ही क्षीण होकर राज्य से भ्रष्ट होकर तिनकों के तुल्य हो जाता है।

नयनाभ्यां प्रसुप्तो वा जार्गात नयचक्षुषा।
व्यक्तक्रोधप्रसादश्च स राजा पूज्यते जनैः ॥३।३३।२१॥

जो आंखें मूंदे हुए सो रहा है, पर जिसकी नीति-रूपी आँख खुली है (अर्थात् जागता है) जिसका कोप और प्रसाद (=प्रसन्नता) छिपा हुआ नहीं है, वह राजा प्रजाओं से पूजा जाता है।

सीताहरणे मे सहायो भवेति व्यादिष्टस्य मारीचस्य रावणं प्रति निःशङ्कोक्तयः

(सीता-हरण में तू मेरी सहायता कर, ऐसी आज्ञा मिलने पर मारीच का रावण के प्रति बेधड़क वचन)

आज्ञप्तो रावणेनेत्थं प्रतिकूलं च राजवत्।
अब्रवीत्परुषं वाक्यं निःशङ्को राक्षसाधिपम् ।३।४१।१॥

इस प्रकार रावण से राजा की तरह प्रतिकूल वचन द्वारा (नहीं मानोगे तो तुझे मार दूंगा) आज्ञा दिये जाने पर मारीच ने निर्भय होकर कहा—

केनायमुपदिष्टस्ते विनाशः पापकर्मणा।
सपुत्रस्य सराज्यस्य सामात्यस्य निशाचर ॥३।४१।२॥

हे निशाचर (राक्षस) तुझे पाप कर्म द्वारा पुत्र, राज्य, अमात्य (वज़ीर) सहित सर्वस्व-नाश का मार्ग किसने बताया है।

कस्त्वया सुखिना राजन्नाभिनन्दति पापकृत्।
केनेदमुपदिष्टं ते मृत्युद्वारमुपायतः ॥३।४१।३॥

वह कौन पापी है जो तुम्हें सुखी (देखना) नहीं चाहता। किसने उपाय कहकर मृत्यु-द्वार का उपदेश किया है।

शत्रवस्तव सुव्यक्तं हीनवीर्या निशाचर।
इच्छन्ति त्वां विनश्यन्तमुपरुद्धं बलीयसा ॥३।४१।४॥

यह स्पष्ट है कि तुझ से दुर्बल तेरे शत्रु बलवत्तर विरोधी से आक्रान्त होने पर तुझे नष्ट होता हुआ देखना चाहते हैं।

वध्याः खलु न वध्यन्ते सचिवास्तव रावण।
ते त्वामुत्पथमारूढं न निगृह्णन्ति सर्वशः ॥३।४१।६॥

मारने-योग्य उन सचिवों (मन्त्रियों) को तू नहीं मारता, जो उन्मार्ग प्रस्थित (उलटे मार्ग पर चलने वाला) तुम्हें रोकते नहीं हैं।

अमात्यैः कामवृत्तो हि राजा कापथमाश्रितः।
निग्राह्यः सर्वथा सद्भिः स निग्राह्यो न गृह्यसे ॥३।४१।७॥

सच्चे अमात्यों को चाहिए कि स्वेच्छा-चारी विमार्गगामी राजा को सभी अनिष्टाचरण से रोकें, पर वे रोकने योग्य होने पर भी तुम्हें रोक नहीं रहे।

राजमूलो हि धर्मश्च यशश्च जयतां वर।
तस्मात्सर्वास्ववस्थासु रक्षितव्या नराधिपाः ॥३।४२।१०॥

हे विजयियों में श्रेष्ठ ! राजा ही धर्म और यश का मूल है। अतः हर अवस्था में राजा की रक्षा होनी चाहिए (उसे व्यसन से बचाना चाहिए)।

राज्यं पालयितुं शक्यं न तीक्ष्णेन निशाचर।
न चातिप्रतिकूलेन न चाविनीतेन राक्षस ॥३।४१।११॥

हे राक्षस ! सख्ती से काम लेने वाला (राजा) राज्य का पालन नहीं कर सकता, न ही अति विरोध करने वाला और न संयम-हीन।

बहवः साधवो लोके युक्तधर्ममनुष्ठिताः।
परेषामपराधेन विनष्टाः सपरिच्छदाः ॥३।४१।१३॥

बहुत साधु (नीति शास्त्र-विशारद), योग्य धर्म का अनुष्ठान करने वाले परिजनों (नौकर-चाकरों) सहित दूसरों के अपराध के कारण नष्ट हो गये।

स्वामिना प्रतिकूलेन प्रजास्तीक्ष्णेन रावण।
रक्ष्यमाणा न वर्धन्ते मृगा गोमायुना यथा ॥३।४१।१४॥

हे रावण ! राजा के तीक्ष्ण और प्रतिकूल व्यवहार वाला होने पर प्रजा सुरक्षित न होकर बढ़ती नहीं, जैसे गीदड़ (जो मृगों का घातक है) से रक्षा किये हुए मृग।

अवश्यं विनशिष्यन्ति सर्वे रावण राक्षसाः।
येषां त्वं कर्कशो राजा दुर्बुद्धिरजितेन्द्रियः ॥३।४१।१५॥

हे रावण, सभी राक्षस अवश्य नष्ट हो जायेंगे जिनका तू कर्कश (कठोर, निर्दय), दुर्बुद्धि (कुमति), और अजितेन्द्रिय (जिसने इन्द्रियों को नहीं जीता) राजा है।

निवार्यमाणस्तु मया हितैषिणा
न मृष्यसे वाक्यमिदं निशाचर।
परेतकल्पा हि गतायुषो नरा
हितं न गृह्णन्ति सुहृद्भिरीरितम् ॥३।४१।२०॥

हे निशाचर ! तुम मुझ हितैषी से निवारण किये जाने पर भी इस मेरे वचन को नहीं सहोगे, कारण कि जिन की आयु समाप्त हो चुकी है और जो मरे हुए के बराबर हैं वे मित्रों से कहे गये हितकर वचन को ग्रहण नहीं करते।

सीताहरणे बीजभूतानि परुषाण्यरुन्तुदानि लक्ष्मणोद्देश्यकानि सीताया वाक्यानि

(सीता-हरण में मूल कारण सीता के लक्ष्मण के प्रति कहे हुए कर्कश (कठोर) मर्मघाती वचन)

आर्तस्वरं तु तं भर्तुर्विज्ञाय सदृशं वने।
उवाच लक्ष्मणं सीता गच्छ जानीहि राघवम् ॥३।४५।१॥

वन में उस (हे सीते, हे लक्ष्मण) आर्तशब्द (दुःखित की आवाज) को भर्ता की आवाज़ के समान जानकर जानकी ने लक्ष्मण से कहा— जाओ पता लो राघव (राम) का क्या हाल है।

आक्रन्दमानं तु वने भ्रातरं त्रातुमर्हसि।
तं क्षिप्रमभिधाव त्वं भ्रातरं शरणैषिणम् ॥३।४५।३॥

तुझे बन में चिल्लाते हुए भाई की रक्षा करनी चाहिए। रक्षा चाहते हुए भाई के पास दौड़ कर जाओ।

न जगाम तथोक्तस्तु भ्रातुराज्ञाय शासनम् ।३।४५।४।।
तमुवाच ततस्तत्र क्षुभिता जनकात्मजा ।
सौमित्रे मित्ररूपेण भ्राता त्वमसि शत्रुवत् ।।३।४५।५।।

ऐसा कहने पर लक्ष्मण भाई की आज्ञा को जानता हुआ नहीं गया। तब क्षोभ में आकर जानकी ने उससे कहा—हे सौमित्रे तू मित्र बनकर भ्राता होकर शत्रु का सा व्यवहार कर रहा है।

यस्त्वमस्यामवस्थायां भ्रातरं नाभिपद्यसे ।
इच्छसि त्वं विनश्यन्तं रामं लक्ष्मण मत्कृते ।।३।४५।६।।

जो तू इस अवस्था में भ्राता के पास नहीं जाता है, हे लक्ष्मण तू चाहता है कि राम मारा जाये और मैं तुझे प्राप्त हो जाऊं।

लोभात्तु मत्कृते नूनं नानुगच्छसि राघवम् ।
व्यसनं ते प्रियं मन्ये स्नेहो भ्रातरि नास्ति ते ।।३।४५।७।।

निश्चित ही मेरी प्राप्ति की इच्छा से तू राम के पास नहीं जा रहा। ऐसा प्रतीत होता है कि तुझे राम का व्यसन (कष्ट) प्यारा है, भाई में तेरा स्नेह कुछ भी नहीं।

एवं ब्रुवाणां वैदेही बाष्पशोकसमन्विताम् ।३।४५।८।।
अब्रवील्लक्ष्मणस्तां, सीताम्...।३।४५।९।

जब आंसू बहाती शोकातर सीता ऐसा कह रही थी, तो लक्ष्मण ने उससे कहा—

राक्षसेषु पिशाचेषु किन्नरेषु मृगेषु च ।
दानवेषु च घोरेषु न स विद्येत शोभने ।।३।४५।१२।।
यो रामं प्रतियुध्येत समरे वासवोपमम् ।।३।४५।१३।।

राक्षसों में, पिशाचों में, किन्नरों में, श्वापदों (जंगल के सिंह आदि हिंस्र जीवों) में तथा घोर दानवों में कोई ऐसा नहीं जो युद्ध में इन्द्र-सदृश राम के सामने खड़ा हो सके।

न स तस्य स्वरो व्यक्तम्···।३।४५।१६।।

निश्चय ही यह आर्त शब्द राम का नहीं।

न्यासभूतासि वैदेहि न्यस्ता मयि महात्मना।
रामेण त्वं वरारोहे न त्वां त्यक्तुमिहोत्सहे ।।३।४५।१६-१८।।

महात्मा राम ने तुझे मेरे पास न्यास (निक्षेप) रूप में रखा है। हे प्रशस्तरूपवति ! मैं तुम्हें यहां (अकेली) छोड़ कर नहीं जा सकता।

अब्रवीत्परुषं वाक्यं लक्ष्मणं सत्यवादिनम्।
अनार्य करुणारम्भ नृशंस कुलपांसन ।।३।४५।२१।।

तब सीता ने सत्यवादी लक्ष्मण को कठोर वचन कहा—हे नीच, क्रूर, कुल-कलङ्क।

अहं तव प्रियं मन्ये रामस्य व्यसनं महत् ।।३।४५।२२।

मैं जानती हूं राम पर बड़ा कष्ट आने पर तू खुश है।

नैवं चित्रं सपत्नेषु पापं लक्ष्मण यद्भवेत्।
त्वद्विधेषु नृशंसेषु नित्यं प्रच्छन्नचारिषु ।।३।४५।२३।।

हे लक्ष्मण यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि तेरे जैसे निर्दय, गुप्त रूप धारण किये हुए सपत्न (ज्ञाति होने से शत्रु) में पाप-संकल्प हो।

सुदुष्टस्त्वं वने राममेकमेकोऽनुगच्छसि।
मम हेतोः प्रतिच्छन्नः प्रयुक्तो भरतेन वा ।३।४५।२४।

तू दुष्ट है, अकेले राम के पीछे वन में मेरी प्राप्ति के लिए अपने रूप को छिपा कर आया है, अथवा भरत ने तुझे इस कार्य में प्ररित किया है।

तन्न सिध्यति सौमित्रे तवापि भरतस्य वा।
कथमिन्दीवरश्यामं रामं पद्मनिभेक्षणम् ।।३।४५।२५।।
उपसंश्लिष्य भर्तारं कामयेयं पृथग्जनम् ।।३।४५।२६।।

पर यह तेरा अथवा भरत का अभिप्राय सिद्ध नहीं होगा। नीलोत्पल (नीलोफर) के सदृश श्याम, कमल सदृश नयनों वाले भर्ता राम से संयुक्त होकर मैं कैसे नीच पुरुष की कामना करूंगी।

अब्रवील्लक्ष्मणः सीतां प्राञ्जलिः स जितेन्द्रियः।
उत्तरं नोत्सहे वक्तुं दैवतं भवती मम ।।३।४५।२८।।

तब जितेन्द्रिय (संयमी) लक्ष्मण ने हाथ जोड़ कर कहा—मैं उत्तर नहीं दे सकता, आप मेरे लिए देवता हैं।

वाक्यमप्रतिरूपं तु न चित्रं स्त्रीषु मैथिलि।
स्वभावस्त्वेष नारीणामेषु लोकेषु दृश्यते ।।३।४५।२९।।

हे मिथिलेश पुत्रि स्त्रियों के लिये ऐसा अयोग्य वचन कहना कोई आश्चर्य नहीं। तीनों लोकों में स्त्रियों का ऐसा स्वभाव देखा जाता है।

विमुक्तधर्माश्चपलास्तीक्ष्णा भेदकराः स्त्रियः।
न सहे हीदृशं वाक्यं वैदेहि जनकात्मजे ।।३।४५।३०।।

स्त्रियाँ धर्म को त्याग देती हैं, चञ्चल, तीक्ष्णस्वभाव वाली होती हैं और (भाईयों में) फूट डालती हैं। मैं तुम्हारे ऐसे वचन को नहीं सह सकता।

श्रोत्रयोरुभयोर्मध्ये तप्तनाराचसंनिभम् ।।३।४५।३१।।

(जो वचन) दोनों कानों में गिरे तपे बाण की तरह है।

न्यायवादी यथा वाक्यमुक्तोऽहं परुषं त्वया।
धिक्त्वामद्य विनश्यन्तीं यन्मामेवं विशङ्कसे ।।३।४५।३२।।

यथार्थ वचन कहने वाले मुझे जो तू ने इतना कठोर वाक्य कहा है। तुझे धिक्कार हो, तू नष्ट होने जा रही है, जो तू मुझ पर इस प्रकार शंका करती है।

गच्छामि यत्र काकुत्स्थः स्वस्ति तेऽस्तु वरानने ।३।४५।।३३।।

मैं जाता हूं जहाँ काकुत्स्थ (राघव राम) है। हे सुमुखि, तेरा भला हो।

हरणात्प्राङ् ममाग्रमहिषी भव, सर्वसौख्यभाग् भविष्यसि वनस्थेन तापसेन रामेण ते किमिति रावणेन सीतायाः प्रलोभनं तया चाभीतवत्तन्निराकरणम्

(सीता हरण से पूर्व, तू मेरी पटरानी बनो, सब प्रकार का सुख पाओगी, वन में रहने वाले तपस्वी राम से तू ने क्या लेना – इस प्रकार रावण का सीता को प्रलोभन देना, और सीता का निडर होकर उसे ठुकराना)।

महागिरिमिवाकम्प्यमहं महेन्द्रसदृशं पतिम्।
महोदधिमिवाक्षोभ्यमहं राममनुव्रता॥३।४७।३३॥

महापर्वत जो हिलाया नहीं जा सकता, महासमुद्र की तरह जो क्षोभ (हलचल) में नहीं लाया जा सकता, मैं उस इन्द्र सदृश पति में लग्न रखती हूं।

महाबाहुं महोरस्कं सिंहविक्रान्तगामिनम्।
नृसिंहं सिंहसंकाशमहं राममनुव्रता॥३।४७।३५॥

विशाल भुजाओं वाले, चौड़ी छाती वाले, सिंह की वीर गति से चलने वाले, मनुष्यों में सिंह, और सिंह सदृश उस राम में मेरी लग्न है।

त्वं पुनर्जम्बुकः सिंहीं मामिहेच्छसि दुर्लभाम्।३।४७।३७।

तू तो गीदड़ है, मुझ सिंही (शेरनी) को प्राप्त करना चाहता है, जो दुर्लभ है।

क्षुधितस्य च सिंहस्य मृगशत्रोस्तरस्विनः।
आशीविषस्य वदनाद् दंष्ट्रामादातुमिच्छसि॥३।४७।३९॥

मृगों के शत्रु, महावेगवान् भूखे सिंह के मुख से अथवा सांप के मुख से दाढ़ को निकालना चाहते हो।

मन्दरं पर्वतश्रेष्ठं पाणिना हर्तुमिच्छसि।
कालकूटं विषं पीत्वा स्वस्तिमान् गन्तुमिच्छसि॥३।४७।४०॥

पर्वतों में श्रेष्ठ मन्दर को हाथ से उठाना चाहता है प्राणहर विष को पीकर राजी-खुशी रहना चाहता है।

अवसज्य च शिलां कण्ठे समुद्रं तर्तुमिच्छसि।
सूर्याचन्द्रमसमौ चोभौ पाणिभ्यां हर्तुमिच्छसि ॥३।४७।४२॥

तू गले पत्थर बाँधकर समुद्र को तैरना चाहता है, सूर्य और चाँद को हाथों से पकड़ना चाहता है (जो तू मुझे प्राप्त करने की इच्छा करता है)।

यदन्तरं सिंहश्रृगालयोर्वने यदन्तरं स्यन्दनिकासमुद्रयोः।
सुराग्र्यसौवीरकयोर्यदन्तरं तदन्तरं दाशरथेस्तवैव च ॥३।४७।४५॥

जो अन्तर (फर्क, भेद) शेर और गीदड़ में है, जो अन्तर छोटी सी नहर और समुद्र में है, जो अन्तर उत्तम सुरा और काँजी में है वह दाशरथि (दशरथ पुत्र राम) और तुझ में है।

यदन्तरं काञ्चनसीसलोहयोर्यदन्तरं चन्दनवारिपङ्कयोः।
यदन्तरं हस्तिविडालयोर्वने तदन्तरं दाशरथेस्तवैव च ॥३।४७।४६॥

जो अन्तर सोने और सीसक (सिक्का) में है, जो अन्तर चन्दन रस और पतले कीचड़ में है वह अन्तर दाशरथि और तुझ में है।

यदन्तरं वायसवैनतेययो र्यदन्तरं मद्गुमयूरयोरपि।
यदन्तरं हंसकगृध्रयोर्वने वदन्तरं दाशरथेस्तवैव च ॥३।४७।४७॥

जो अन्तर कौआ और गरुड़ में है, जो अन्तर मद्गु (पानी में डुबकी लगाने वाला एक पक्षी), और मोर में है, वह दाशरथि और तुझ में है।

मृत्युकाले यथा मर्त्यो विपरीतानि सेवते।
मुमूर्षूणां च सर्वेषां यत् पथ्यं तन्न रोचते ॥३।५३।१७॥

मृत्यु के निकट काल में मनुष्य उलट-पुलट आचरण करता है। मरणासन्न (जिनकी मृत्यु समीप है) सभी लोगों को जो हितकर वचन होता है वह नहीं भाता।

सीतां हरन्तं रावणं प्रति जटायुष उक्तिः
(सीता को हरते हुए रावण के प्रति जटायु का वचन)

कथं राजा स्थितो धर्मे परदारान् परामृशेत् ।
रक्षणीया विशेषेण राजदारा महाबल ।।३।५०।६७।।

धर्म में स्थित राजा दूसरों की स्त्रियों का प्रधर्षण (बलात्कार) कैसे करे । हे महाबल, राज-स्त्रियों की तो विशेषरूप से रक्षा करनी चाहिये ।

अर्थं वा यदि वा कामं शिष्टाः शास्त्रेष्वनागतम् ।
व्यवस्यन्त्यनु राजानं धर्मं पौलस्त्यनन्दन ।।३।५०।६।।

हे पुलस्त्य पौत्र अर्थ, काम और धर्म जिसका शास्त्रों में निरूपण नहीं आया है, शिष्ट लोग उसका निश्चय राजा को देखकर करते हैं ।

सीतायां हृतायां रामस्य विलापः
(सीता-हरण होने पर राम का विलाप)

हा लक्ष्मण ! महाबाहो पश्यसे त्वं प्रियां क्वचित् ।
हा प्रिये क्व गता भद्रे हा सीतेति पुनः पुनः ।।३।६०।३५।।
इत्येवं विलपन्रामः परिधावन्वनाद् वनम् ।
क्वचिद् उद्भ्रमते वेगात् क्वचिद् भ्रमते बलात् ।।३।६०।३६।।

हा महाभुज लक्ष्मण, क्या तुम कहीं सीता को देखते हो, हा प्रिये तुम कहां गई हो । इस प्रकार बार-बार विलाप करता हुआ राम एक बन से दूसरे बन को दौड़ता है, कभी वेग से ऊपर उछलता है, कभी ज़ोर से चक्कर काटता है ।

हा सकामाद्य कैकेयी देवी मेऽद्य भविष्यति ।
सीतया सह निर्यातो विना सीतामुपागतः ।।३।६२।१०।।

हा, आज देवी कैकेयी का मनोरथ सिद्ध होगा (यह देखकर) कि राम सीता के साथ गया और सीता के विना वापिस आया है ।

कथं नाम प्रवेक्ष्यामि शून्यमन्तःपुरं मम ।
निर्वीर्यं इति लोको मां निर्दयश्चेति वक्ष्यति ।।२।६२।११।।

मैं सीता से शून्य अपने अन्तः पुर (रन वास) में कैसे प्रवेश करूँगा । मुझे लोग नपुंसक और निर्दय कहेंगे ।

न मद्विधो दुष्कृतकर्मकारी मन्ये द्वितीयोस्ति वसुन्धरायाम् ।
शोकानुशोको हि परम्पराया मामेति भिन्दन्हृदयं मनश्च ।।३।६३।३।।

मैं समझता हूं कि मेरे जैसा पृथिवी पर दूसरा पापी नहीं है । शोक के पीछे शोक लगातार मुझे प्राप्त हो रहा है और मेरे हृदय और मन को छिन्न-भिन्न कर रहा है ।

पूर्वं मया नूनमभीप्सितानि पापानि कर्माण्यसकृत्कृतानि ।
तत्रायमापतितो विपाको दुःखेन दुःखं यदहं विशामि ।।३।६३।४।।

निश्चय ही मैंने पूर्वजन्म में मनचाहे बार-बार दुष्ट कर्म किये । उन्हीं में से किन्हीं का यह फल है कि मैं एक दुःख के पीछे दूसरे दुःख को प्राप्त होता हूँ ।

राज्यप्रणाशः स्वजनैर्वियोगः पितुर्विनाशो जननीवियोगः ।
सर्वाणि मे लक्ष्मण शोकवेगमापूरयन्ति प्रविचिन्तितानि ।।३।६३।५।।

राज्य का राश (प्राप्त होते हुए राज्य से भ्रंश), बन्धुओं से वियोग, पिता का निधन (मृत्यु), माता से जुदाई, ये सब याद आने पर शोक के वेग को भर देते हैं ।

या मे राज्यविहीनस्य वने वन्येन जीवतः ।
सर्वं व्यपानयच्छोकं वैदेही क्व नु सा गता ।।३।६४।१२-१३।।

जो राज्य-हीन वन में वन के कन्दमूल खाकर निर्वाह करते हुए मुझ राम का सभी दुःख निवारण करती थी, वह जानकी कहाँ गई ।

राज्यं भ्रष्टं वने वासः सीता नष्टा मृतो द्विजः ।
ईदृशीयं ममालक्ष्मीर्दहेदपि पावकम् ।।३।६७।२४।।

राज्य नष्ट हो गया, वन में वास हुआ, सीता का हरण हुआ, पक्षी (जटायु) की मृत्यु हुई। ऐसी मेरी विपत्ति अग्नि को भी जला दे।

शोकक्रोधवशंवदस्य रामस्य लक्ष्मणेन सान्त्वनम्
(शोक और क्रोध के वशीभूत राम का लक्ष्मण द्वारा आश्वासन)

पुरा भूत्वा मृदुर्दान्तः सर्वभूतहिते रतः।
न क्रोधवशमापन्नः प्रकृतिं हातुमर्हसि ॥३।६५।४॥

पहले शम-दम-समन्वित होकर, प्राणि-मात्र के हित में निरत हो कर आप को उचित नहीं कि क्रोध के वश में आकर अपने स्वभाव का त्याग करें।

चन्द्रे लक्ष्मीः प्रभा सूर्ये गतिर्वायौ भुवि क्षमा।
एतच्च नियतं नित्यं त्वयि चानुत्तमं यशः ॥३।६५।५॥

चाँद में कान्ति, सूर्य में तेज, वायु में गति, पृथिवी में क्षमा नियत हैं (स्थिर रूप से विद्यमान है) और आप में उत्तम यश।

यदि दुःखमिदं प्राप्तं काकुत्स्थ न सहिष्यसे।
प्राकृतश्चाल्पसत्त्वश्च इतरः कः सहिष्यते ॥३।६६।५॥

हे काकुत्स्थ (ककुत्स्थगोत्रज) यदि प्राप्त हुए इस दुख को नहीं सहोगे तो दूसरा साधारण पुरुष जिसमें थोड़ा धीरज है, कैसे सहेगा।

आश्वसिहि नरश्रेष्ठ प्राणिनः कस्य नापदः।
संस्पृशन्त्यग्निवद् राजन् क्षणेन व्यपयान्ति च ॥३।६६।६॥

हे पुरुषोत्तम धैर्य धरो। किस प्राणी को आपत्तियां नहीं आतीं। हे राजन्, ये आपत्तियां अग्नि की तरह छूती हैं और छूकर क्षण में चली जाती हैं।

या चेयं जगतो माता सर्वलोकनमस्कृता।
अस्याश्च चलनं भूमे दृश्यते कोसलेश्वर ॥३।६६।९॥

यह जो सब के नमस्कार के योग्य जगत् की माता पृथिवी है, वह भी हे कोसलेश्वर (कोसल देश के महाराज), हिल जाती है।

यौ धर्मौ जगतो नेत्रौ यत्र सर्वं प्रतिष्ठितम्।
आदित्यचन्द्रौ ग्रहणमभ्युपेतौ महाबलौ ॥३।६६।१०॥

ये जो महाबली सूय और चाँद जो धर्मके प्रवर्तक हैं, जो जगत् के नेत्र (नेता) है, जिनमें सभी कुछ स्थित है, वे भी ग्रह-ग्रस्त हो जाते हैं।

स्मृत्वा वियोगजं दुःखं त्यज स्नेहं प्रिये जने।
अतिस्नेहपरिष्वङ्गाद् वर्तिरार्द्रापि दह्यते ॥४।१।११६॥

वियोग से दुःख उत्पन्न होता है इस बात को स्मरण करके अपने प्यारे बन्धु के प्रति स्नेह को त्यागिये। (शान्त स्वभाव वाले को भी स्नेह जला देता है इसमें दृष्टान्त है—) जल से भीगी हुई बत्ती को भी अधिक स्नेह (=तेल) जला देता है।

पश्य लक्ष्मण सीतया त्यक्तानि भूषणानीत्युक्तो लक्ष्मण आह

('हे लक्ष्मण, सीता से त्यागे हुए इन भूषणों को देखो,' राम के ऐसा कहने पर लक्ष्मण का उत्तर)

नाहं जानामि केयूरे नाहं जानामि कुण्डले।
नूपुरे त्वभिजानामि नित्यं पादाभिवन्दनात् ॥४।६।२२-२३॥

मैं बाहुबन्द को नहीं पहचानता। नूपुर (पादकटक, पाजेब) को तो पहचानता हूं कारण कि मैं सीता के चरणों में नित्य नमस्कार करता हूं।

वालिनोऽभिमुखे ताराकृता रामप्रशस्तिः

(वाली के संमुख तारा द्वारा की गई राम की स्तुति)

निवासवृक्षः साधूनामापन्नानां परा गतिः।
आर्तानां संश्रयश्चैव यशसश्चैकभाजनम् ॥४।१५।२०॥

राम सज्जनों के बसेरा करने का वृक्ष है, आपद्-ग्रस्तों का सब से बड़ा रक्षक है, दुखियों का आसरा है और यश का एक मात्र निधि है।

धातूनामिव शैलेन्द्रो गुणानामाकरो महान् ।।४।१५।२१।

(वह) मानो धातों का महान् पर्वत है और गुणों की विशाल खनि (खान) है।

रामसमागमाद्वारयन्तीं तारां सम्बोध्य वाली स्माह

(राम के साथ संघर्ष करने से हटाती हुई तारा को सम्बोधन करके बाली ने कहा)

न च कार्यो विषादस्ते राघवं प्रति मत्कृते ।
धर्मज्ञश्च कृतज्ञश्च कथं पापं करिष्यति ।।४।१६।५।।

तुझे मेरे कारण राघव के विषय में विषाद नहीं करना चाहिये। धर्मज्ञ और कृतज्ञ राम पाप करेगा इसकी संभावना नहीं।

तरुतिरस्कृतेन रामेणाहतः परासुतां यान् वाली स्माह

(वृक्ष के पीछे छिपे हुए राम द्वारा घायल होकर प्राण छोड़ते हुए बाली का कथन)

स त्वां विनिहतात्मानं धर्मध्वजमधार्मिकम् ।
जाने पापसमाचारं तृणैः कूपमिवावृतम् ।।४।१७।२२।।

मैं तुम्हें अधर्माचरण से नष्ट हुए आत्मा वाला, धर्मध्वजी (दिखावे के लिये धर्म करने वाला, धर्माचरणशून्य और पापी समझता हूं जो तिनकों से ढके हुए कूएँ की तरह है।

वयं वनचरा राम, मृगा मूलफलाशिनः ।
एषा प्रकृतिरस्माकं पुरुषस्त्वं नरेश्वर ।।४।३०।१७।।।

हे राम हम वन में रहने वाले मूलकन्द खाने वाले जीव हैं। यह हमारी प्रकृति है। हे नरेश, आप तो मनुष्य हैं।

भूमिर्हिरण्यं रूपं च निग्रहे कारणानि च ।
तत्र कस्ते वने लोभो मदीयेषु फलेषु वा ।।४।१७।३१।।

भूमि, सोना, रूप (रुप्पा, अथवा सौन्दर्य) के कारण किसी का निग्रह होता है। वन में प्राप्त होने वाले मेरे फलों में तेरा कैसा लोभ?

हत्वा बाणेन काकुत्स्थ मामिहानपराधिनम्।
किं वक्ष्यसि सतां मध्ये कृत्वा कर्म जुगुप्सितम् ॥४।१७।३५॥

हे राम मुझ निरपराध को बाण से मार कर निन्दित कर्म करके सत्पुरुषों की सभा में तू क्या कहेगा।

शठो नैकृतिकः क्षुद्रो मिथ्याप्रश्रितमानसः।
कथं दशरथेन त्वं जातः पापो महात्मना ॥४।१७।४३॥

तू धूर्त्त है, नोच कर्म करने वाला है, नीच स्वभाव वाला है और बनावटी विनय वाला है, तुझ पापी को दशरथ ने कैसे जन्म दिया।

दृश्यमानस्तु युध्येथा मया युधि नृपात्मज।
अद्य वैवस्वतं देवं पश्येस्त्वं निहतो मया ॥४।१७।४७॥

यदि तू सामने आकर युद्धभूमि में मेरे साथ लड़ता तो सूर्य पीछे निकलता और तू उससे पहले मरा होता।

प्राणान्तमुपैष्यन्तं साधिक्षेपमुपालभमानं वालिनं प्रति रामस्य वचः

(प्राण निर्याण के समीपवर्ती समय में निन्दा युक्त उलाहना देते हुए बाली के प्रति राम का वचन)

त्वं तु संक्लिष्टधर्मश्च कर्मणा च विगर्हितः।
कामतन्त्रप्रधानश्च न स्थितो राजवर्त्मनि ॥४।१८।१२॥

तू धर्म की हानि करने वाला और कर्म से निन्दित है। तू काम-व्यवसाय-तत्पर (=काम रूप पुरुषार्थ में मुख्य रूप से लगा हुआ) है और राज मर्ग से विचलित है।

यवीयानात्मनः पुत्रः शिष्यश्चापि गुणोदितः।
पुत्रवत्ते त्रयश्चिन्त्या धर्मश्चैवात्र कारणम् ॥४।१८।१४॥

छोटा भाई, अपना पुत्र, और गुण युक्त शिष्य—इन तीनों में पुत्र बुद्धि करनी चाहिए। इस में धर्म का बोध ही कारण है।

चपलश्चपलैः सार्धं वानरैरकृतात्मभिः।
जात्यन्ध इव जात्यन्धैर्मन्त्रयन् प्रेक्षसे नु किम् ॥४।१८।१६॥

स्वयं चञ्चल और चञ्चल स्वभाव वाले, असंस्कृत बुद्धिवाले वानरों के साथ जन्म का अन्धा जैसे जन्मान्धों के साथ मन्त्रणा (गुप्त विचार) करने वाला तू धर्म को कैसे जानेगा।

तदेतत् कारणं पश्य यदर्थं त्वं मया हतः।
भ्रातु र्वर्तसि भार्यायां त्यक्त्वा धर्मं सनातनम् ॥४।१८।१८॥
अस्य त्वं धरमाणस्य सुग्रीवस्य महात्मनः।
रुमायां वर्तसे कामात् स्नुषायां पापकर्मकृत् ॥४।१८।१९॥

जिस कारण से मैंने तुझे मारा है वह यह है— तूने पाप किया है जो तू जोते हुए अपने भाई पुण्यात्मा सुग्रीव की स्त्री रुमा को जो तेरी स्नुषा (नूह) है, भोग रहा है।

औरसीं भगिनीं वापि भार्यां वाप्यनुजस्य यः।
प्रचरेत नरः कामात्तस्य दण्डो वधः स्मृतः ॥४।१८।२२-२३॥

जो पुरुष अपनी सगी बहिन, अथवा छोटे भाई की स्त्री के साथ व्यभिचार करे उसके लिये मृत्यु दण्ड ही बतलाया गया है।

शृणु चाप्यपरं भूयः कारणं हरिपुङ्गव ॥४।१८।३६॥
हे वानर-श्रेष्ठ, तेरे मारन में और भी कारण है, उसे सुनिये।

प्रतिच्छन्नाश्च दृश्याश्च गृह्णन्ति सुबहून्मृगान्।
प्रधावितान् वित्रस्तान् विस्रब्धानतिविष्ठितान् ॥४।१८।३८॥
प्रमत्तानप्रमत्तांश्च नरा मांसाशिनो भृशम्।
विध्यन्ति विमुखांश्चापि न च दोषोऽत्र विद्यते ॥४।१८।३९॥

स्वयं छिप कर या प्रत्यक्ष होकर बहुत से बन के जीवों को मारते हैं चाहे वे मृग (वन-पशु) दौड़ रहे हों, डर कर भाग रहे हों (३८), सावधान हों अथवा अवधान रहित हों अथवा विमुख हों मांस खाने

वाले उन्हें (बाणों से) बींधते है और इसमें कोई दोष नहीं माना जाता।

तस्मात्त्वं निहतो युद्धे मया बाणेन वानर।
अयुध्यन्प्रतियुध्यन्वा यस्माच्छाखामृगो ह्यसि ॥४।१८।४०॥

इसलिए मैंने तुझे (सुग्रीव के साथ) युद्ध में बाण से मार दिया। युद्ध नहीं किया अथवा प्रत्यक्ष युद्ध नहीं किया, कारण कि तू शाखा मृग (वानर) ही तो है।

वालिनि हते तारायाः विलापः

(बाली के मारे जाने पर तारा का विलाप)

शूराय न प्रदातव्या कन्या खलु विपश्चिता।
शूरभार्यां हतां पश्य सद्यो मां विधवां कृताम् ॥४।२३।८॥

शूर को सोच समझ वाला विवाह में कन्या न दे। देखो शूर की स्त्री मैं शीघ्र ही विधवा हो नष्ट हो गई हूं।

वालिनि हते सुग्रीवस्य विलपितम्

(बाली के वध पर सुग्रीव का विलाप)

न त्वा जिघांसामि चरेति यन्मामयं महात्मा मतिमानुवाच।
तस्य तद् राम वचोऽनुरूपम् इदं वचः कर्म च मेऽनुरूपम् ॥४।२४।८॥

मैं तुझे जान से नहीं मारना चाहता, तू चला जा, हे राम, यह वचन उस (मेरे भाई) के सदृश था और मेरा यह वचन और कर्म मेरे सदृश है।

भ्रातृत्वमार्यभावश्च धर्मश्चानेन रक्षितः।
मया क्रोधश्च कामश्च कपित्वं च प्रदर्शितम् ॥४।२४।१२॥

बाली ने भ्रातृभाव, सुजनता; और धर्म की रक्षा की। मैंने काम, क्रोध और वानरपना दिखाया।

अचिन्तनीयं परिवर्जनीयमनीप्सनीयं स्वनवेक्षणीयम्।
प्राप्तोस्मि पाप्मानमिमं वयस्य भ्रातुर्वधा त्वाष्ट्र वधादिवेन्द्रः
॥४।२४।१३॥

हे मित्र, चिन्तन के अयोग्य, परिहार (त्याग) के योग्य, न चाहने योग्य, न देखने योग्य इस पाप को प्राप्त हुआ हूं जैसे त्वष्टा के पुत्र वृत्र का वध करके इन्द्र प्राप्त हुआ था।

सुतः सुलभ्यः सुजनः सुवश्यः कुतस्तु पुत्रः सदृशोऽङ्गदेन।
न चापि विद्येत स वीर देशो यस्मिन्भवेत्सोदरसंनिकर्षः ॥४।२४।२०॥

पुत्र सुलभ है, पर अङ्गद के सदृश सज्जन आज्ञाकारी पुत्र कहां मिलेगा (पति के वियोग से तारा के मरण की आशङ्का है और उसका मरण होते ही अङ्गद जीता रह सकेगा या नहीं ; इस की भी आशङ्का है)। ऐसा कोई स्थान नहीं जहां सगा भाई मिले।

नियतिः कारणं लोक इति रामस्तारां सम्बोधयन्नाह
(लोक में काल ही (सुख-दुःख, संयोग-वियोग का) कारण है
ऐसा तारा को सम्बोधन करके राम कहता है)

नियतिः कारणं लोके नियतिः कर्मसाधनम्।
नियतिः सर्वभूतानां नियोगेष्विह कारणम् ॥४।२५।४॥

नियति (काल) ही क्रिया-मात्र का (कारण) प्रवर्तक है, काल ही कर्म का साधन है। काल हि सब प्राणियों के नियोग (अवश्य कर्तव्य ज्योतिष्टोम आदि यज्ञों में वसन्त आदि रूप से) कारण है।

न कर्ता कस्यचित् कश्चिन्नियोगे नापि चेश्वरः।
स्वभावे वर्तते लोकस्तस्य कालः परायणम् ॥४।२५।५॥

(कृषि आदि कर्म का काल-निरपेक्ष) कर्ता कोई नहीं। नियम से अनुष्ठान में भी काल के अतिरिक्त कोई समर्थ नहीं। जीव स्वभाव (ईश्वर सहित पूर्वकृत कर्म) के अधीन है। और उस स्वभाव का सहकारी कारण काल है।

न कालः कालमत्येति न कालः परिहीयते।
स्वभावं च समासाद्य न किञ्चिदतिवर्तते ॥४।२५।६॥

भगवान् काल=(ईश्वर) अपने से ही की गई जन्म-मरणादि व्यवस्था का उल्लङ्घन नहीं करता और (सब की हानि करता हुआ) आप हीन (क्षीण नहीं होता। स्वभाव (पूर्वकृत कर्म) का आश्रय लेकर उत्कृष्ट जीवों को भी नहीं छोड़ता।

न कालस्यास्ति बन्धुत्वं न हेतुर्न पराक्रमः।
न मित्रज्ञातिसम्बन्धः कारणं नात्मनो वशः ।।४।२५।७।।

काल का कोई बन्धु नहीं है (जिसका समय आ गया है उसे पक्षपात से छोड़ता नहीं, अवश्य उसका संहार करता है)। (अपने सर्जन संहार रूप व्यवहार में अपनी व्यवस्था अतिरिक्त) उसके लिए कोई हेतु नहीं। कोई पराक्रमी (शुर-वीर) है, इसी हेतु उसे छोड़ता नहीं। उसकी किसी के साथ मैत्री या ज्ञाति-सम्बन्ध (भाईचारा) भी नहीं है। वह काल अन्तर्वर्ती जीव के वश में नहीं है।

किन्तु कालपरीणामो द्रष्टव्यः साधु पश्यता।
धर्मश्चार्थश्च कामश्च कालक्रमसमाहिताः ।।४।२५।८।।

विवेको पुरुष को सुख-दुःख आदि लाभ काल का परिणाम समझना चाहिए। धर्म, अर्थ और काम ये सब समय पर सम्पन्न होते हैं।

इतः स्वां प्रकृतिं वाली गतः प्राप्तः क्रियाफलम्।
सामदानार्थसंयोगैः पवित्रं प्लवगेश्वरः ।।४।२५।।

साम और दान से अर्थार्जन करके वानरों का स्वामी वाली इस जगत् से चला गया और शुभ कर्म फल-रूप अपनी प्रकृति को प्राप्त हो गया है (अर्थात अपने कारण में लीन हो गया)।

सीतामार्गणे विलम्बमानं सुग्रीवं प्रति रामस्योक्तिः

(सीता की ढूंढ करने में विलम्ब करते हुए सुग्रीव के प्रति राम का वचन)

अर्थिनामुपपन्नानां पूर्वं चाप्युपकारिणाम्।
आशां संश्रुत्य यो हन्ति स लोके पुरुषाधमः ।।४।३०।७१।।

जो समीप आये हुए याचकों की तथा पहले उपकार करने वालों की कामनापूर्ति की प्रतिज्ञा करके उसका भंग कर देता है वह पुरुषों में अधम (सबसे अधिक नीच) है।

शुभं वा यदि वा पापं यो हि वाक्यमुदीरितम्।
सत्येन परिगृह्णाति स वीरः पुरुषोत्तमः ॥४।३०।७२॥

जो अपने से कहे हुए वचन को, चाहे वह शुभ हो चाहे अशुभ, सच्चा करके दिखाता है वह वीर पुरुषोत्तम है।

कृतार्था ह्यकृतार्थानां मित्राणां न भवन्ति ये।
तान् मृतानपि क्रव्यादाः कृतघ्नान्नोपभुञ्जते ॥४।३०।७३॥

जो स्वयं सिद्धार्थ हो चुके हैं (जिनका प्रयोजन सिद्ध हो चुका है), पर जिन के मित्र अभी सिद्धार्थ नहीं हुए, उन मित्रों के सहायक नहीं बनते, उन कृतघ्नों (नासुकरिया) लोगों के मरने पर उन की लाशों को गीध आदि मांस-भक्षी जीव भी नहीं खाते।

सुग्रीवं प्रति हनूमतो वचः
(सुग्रीव के प्रति हनुमान् का कथन)

न स क्षमः कोपयितुं यः प्रसाद्यः पुनर्भवेत्।
पूर्वोपकारं स्मरता कृतज्ञेन विशेषतः ॥४।३२।२०॥

पहले किये हुए उपकार को स्मरण करते हुए विशेषकर कृतज्ञ पुरुष को चाहिए कि उसे कुपित न करे जिसे (कालान्तर में) उसे प्रसन्न करना पड़े।

कामोपभोगप्रसक्तस्य प्रमत्तस्य सुग्रीवस्य सौमित्रिकृत-मनुशासनम्
(कामवासना की तृप्ति में आसक्त प्रमादी सुग्रीव को लक्ष्मण का समझाना)

यस्तु राजा स्थितोऽधर्मे मित्राणामुपकारिणाम्।
मिथ्या प्रतिज्ञां कुरुते को नृशंसतरस्ततः ॥३४।८॥

जो राजा धर्म में दृढ़ न होकर उपकारी मित्रों के प्रति की गई प्रतिज्ञा का पालन नहीं करता, उससे बढ़कर कौन नृशंस (क्रूर, घातुक) हो सकता है।

शतमश्वानृते हन्ति सहस्रं तु गवानृते।
आत्मानं स्वजनं हन्ति पुरुषः पुरुषानृते ॥४।३४।६॥

एक घोड़े के विषय में प्रतिज्ञा-भङ्ग करने से (घोड़ा दान में दूंगा इस प्रकार प्रतिज्ञा न निभाने में) सौ घोड़ों की हत्या के फल को प्राप्त होता है। एक गौ के विषय में इस प्रकार बोलने से एक हजार गौओं की हत्या के फल को प्राप्त होता है। पुरुष के प्रति दिये हुए वचन को मिथ्या करने से अपने पुण्यलोक को तथा अपने बन्धुओं के पुण्यलोक को नष्ट कर देता है।

गीतोऽयं ब्रह्मणा श्लोकः सर्वलोकनमस्कृतः।
दृष्ट्वा कृतघ्नं क्रुद्धेन तन्निबोध प्लवङ्गम ॥४।३४।११॥

हे वानर, कृतघ्न को देखकर क्रोध में आये ब्रह्मा ने यह सर्वलोक-पूजित श्लोक गाया, इसे सुनो—

गोघ्ने चैव सुरापे च चौरे भग्नव्रते तथा।
निष्कृतिर्विहिता सद्भिः कृतघ्ने नास्ति निष्कृतिः ॥४।३४।१२॥

गोहत्या करने के लिए, सुरापान करने वाले के लिए, चोर के लिए, ब्रह्मचर्य-व्रत भङ्ग करने वाले के लिए सत्पुरुषों (स्मृतिकारों) ने प्रायश्चित्त का विधान किया है, पर कृतघ्न के लिए प्रायश्चित्त नहीं।

अङ्गदस्य वानरान्प्रत्युद्धर्षणवचः
(अङ्गद का वानरों के हौसले को बढ़ाना)

अनिर्वेदं च दाक्ष्यं च मनसश्चापराजयम्।
कार्यसिद्धिकराण्याहुस्तस्मादेतद् ब्रवीम्यहम् ॥४।४९।६॥

निर्वेद (चित्त की ग्लानि, खेद) का न होना, दाक्ष्य (सामर्थ्य, फुरती), मन का न हारना, ये कार्य में सफलता के कारण कहे जाते हैं, इसलिए मैं तुम्हें बतलाता हूं।

न विषादे मनः कार्यं विषादो बलवत्तरः ।
विषादो हन्ति पुरुषं बालं क्रुद्ध इवोरगः ।।४।६४।६।।

विषाद (शोक) में मन को नहीं लगाना चाहिये, विषाद बड़ा बलवान् है । विषाद मूर्ख पुरुष को नष्ट कर देता है जैसे क्रोध में आया हुआ सांप ।

यो विषादं प्रसहते विक्रमे समुपस्थिते ।
तेजसा तस्य हीनस्य पुरुषार्थो न सिध्यति ।।४।६४।१०।।

जो विक्रम (पराक्रम) के समय के आने पर हठपूर्वक शोक में प्रवृत्त होता है, उस तेज-हीन पुरुष को कार्य में सिद्धि नहीं मिलती ।

आकाशचारिभिर्भूतैर्हनुमतः प्रशस्तिः

(गगन-विहारी सिद्ध आदिकों के द्वारा हनुमान् की स्तुति)

यस्य त्वेतानि चत्वारि वानरेन्द्र यथा तव ।
धृतिर्दृष्टिर्मतिर्दाक्ष्यं स कर्मसु न सीदति ।।५।१।१९०।।

हे वानरश्रेष्ठ ! जिसमें ये चार—धैर्य, बोध, विचार, और सामर्थ्य हों जो तुझ में हैं वह कभी अपने कार्यों में विफलता को प्राप्त नहीं होता ।

हनूमतो जितेन्द्रियता

(हनुमान् का इन्द्रियों पर वश)

एवं सर्वमशेषेण रावणान्तःपुरं कपिः ।
ददर्श स महातेजा न ददर्श च जानकीम् ।।५।११।३६।।

इस प्रकार रावण के सारे अन्तःपुर की छान बीन करने पर भी तेजस्वी हनुमान् ने सीता को नहीं देखा ।

निरीक्षमाणश्च ततस्ताः स्त्रियः स महाकपिः ।
जगाम महतीं शङ्कां धर्मसाध्वस-शङ्कितः ।।५।११।३७।।

उन (नंगी) स्त्रियों को देखकर धर्म-लोप के भय से भीत होकर वह महावानर बड़ी चिन्ता को प्राप्त हुआ ।

परदारावरोधस्य प्रसुप्तस्य निरीक्षणम् ।
इदं खलु ममात्यर्थं धर्मलोपं करिष्यति ॥५।११।३८॥

दूसरे की स्त्रियों (दार=सामान्य स्त्रियाँ, अवरोध=कुल-स्त्रियाँ) को सोते (जब वे प्रायः विवस्त्र होती हैं) देखना—यह कर्म तो निश्चय ही मेरे धर्म का लोप कर देगा ।

न हि मे परदाराणां दृष्टिर्विषयवर्तिनी ।
अयं चात्र मया दृष्टः परदारपरिग्रहः ॥५।११।३९॥

मेरी दृष्टि आज तक कभी पर स्त्रियों में नहीं गई । पर आज मैंने रावण के समस्त अन्तः पुर को देखा है ।

कामं दृष्टा मया सर्वा विश्वस्ता रावणस्त्रियः ।
न तु मे मनसः किञ्चिद् वैकृत्यमुपजायते ॥५।११।४१॥

माना कि मैंने रावण की स्त्रियों को विश्वस्त होकर सोई हुई (हमें कोई देख रहा है इस डर से रहित होकर सोई हुई) को देखा है, पर मेरे मन में कुछ भी विकार नहीं हुआ ।

मनो हि हेतुः सर्वेषामिन्द्रियाणां प्रवर्तने ।
शुभाशुभास्ववस्थासु तच्च मे सुव्यवस्थितम् ॥५।११।४१॥

मन ही सब इन्द्रियों की प्रवृत्ति में कारण है, अवस्था शुभ हो अथवा अशुभ । और यह मेरा मन सुव्यवस्थित (अचल) है ।

नित्यकृत्यपरायणा सीतेति हनूमतो दर्शनम्

(सीता सन्ध्या वन्दनादि नित्य कर्म करने वाली है ऐसा हनुमान् का विचार)

सन्ध्याकालमनाः श्यामा ध्रुवमेष्यति जानकी ।
नदीं चेमां शुभजलां सन्ध्यार्थे वरवर्णिनी ॥५।१४।४९॥

सुन्दरी श्यामा जानकी सन्ध्याकाल का चिन्तन करती हुई सन्ध्या वन्दन के लिये शुभजलवाली इस नदी पर अवश्य आयेगी ।

प्रथमे सीतादर्शने हृष्टेन हनूमताऽनर्घ्यं स्त्री-
रत्नमिदमिति सीतायाः प्रशस्तिः

(सीता को पहली बार देखने पर हनुमान् का यह स्त्री-रत्न है इस प्रकार उसकी प्रशंसा करना)

राज्यं वा त्रिषु लोकेषु सीता वा जनकात्मजा ।
त्रैलोक्यराज्यं सकलं सीताया नाप्नुयात्कलाम् ।।५।१६।१४।

एक ओर तीनों लोकों का राज्य, दूसरी ओर जनकात्मजा सीता । तीनों लोकों का सम्पूर्ण राज्य सीता का पासंग भी नहीं ।

रामेण तापसेन वनेचरेण किं ते, भार्या मे भव, मयि रमस्व, परमं त्रिलोकैश्वर्यं च भुङ्क्ष्व, न हि रामो वाऽन्यो वा कश्चिन्मत्तस्त्वामाच्छेत्तु मर्हतीत्येवमुक्ताया विगतसाध्वसायाः सीताया रावणं प्रति वचनम्

(तपस्वी वनेचर राम से तूने क्या लेना है, मेरी भार्या बन मुझ में रमण कर, त्रिलोकी के ऐश्वर्य का भोग कर, राम अथवा कोई और तझे मुझ से छीन नहीं सकता, रावण के ऐसे कहने पर सीता का निर्भय होकर कथन)

निवार्य मनो मत्तः स्वजने प्रीयतां मनः ।५।२१।१३।।

(हे रावण), मुझ से मन हटाकर इसे अपने प्रिय जन में लगा ।

न मां प्रार्थयितुं युक्तस्त्वं सिद्धिमिव पापकृत् ।५।२१।४।

पापी जैसे सिद्धि को चाहे वैसा तेरा मुझे चाहना व्यर्थ है ।

इह सन्तो न वा सन्ति सतो वा नानुवर्तसे ।
यथा हि विपरीता ते बुद्धिराचारवर्जिता ।।५।२१।६।।

या तो तेरे हां सत्पुरुष नहीं हैं, या हैं तो तू उनके पीछे नहीं चलता, क्योंकि तेरी बुद्धि उलटी और आचार-हीन है ।

शक्या लोभयितुं नाहमैश्वर्येण धनेन वा ।
अनन्या राघवेणाहं भास्करेण यथा प्रभा ।।५२१।१५।।

तू मुझे ऐश्वर्य (आधिपत्य, स्वामित्व, सर्वाधिकार) अथवा धन का लालच नहीं दे सकता । मैं राम से जुदा नहीं की जा सकती जैसे सूर्य का तेज उससे जुदा नहीं किया जा सकता ।

अशोकवनिकास्थायाः सीताया हनूमता वर्णनम्
(अशोकवन में स्थित सीता का हनुमान् द्वारा वर्णन)

उपवासकृशां दीनां निःश्वसन्तीं पुनः पुनः ।
ददर्श शुक्लपक्षादौ चन्द्ररेखामिवामलाम् ।।४।१५।१६।।

(हनुमान् ने अशोक वाटिका में) सीता को देखा जो उपवास से कृश (पतली-दुबली थी, दीन मन वाली थी और बार-बार आह भर रही थी शुक्लपक्ष के आदि में शुभ्र चन्द्र कला की तरह प्रतीत होती थी ।

मन्दप्रख्यायमानेन रूपेण रुचिरप्रभाम् ।
पिनद्धां धूमजालेन शिखामिव विभावसोः ।।५।१५।२०।।

जो रुचिरकान्ति वाली, कुछ-कुछ पहचाने जाने वाले रूप से युक्त थी और इसीलिये धूएँ के जाल से ढकी हुई अग्नि की शिखा (ज्वाला) के समान थी ।

पीतेनैकेन संवीतां क्लिष्टेनोत्तमवाससा ।
सपङ्कामनलङ्कारां विपद्मामिव पद्मिनीम् ।५।१५।२१।।

(जो) पीले क्लिष्ट (जीर्ण) उत्तम एक वस्त्र से आच्छादित और अलंकार-रहित थी और इस कारण कीचड़-युक्त पद्म (कँवल फूल) रहित पद्मिनी (कमलिनी, कमल के पौधे) की तरह प्रतीत होती थी ।

पीडितां दुःखसन्तप्तां परिक्षीणां तपस्विनीम् ।
ग्रहेणाङ्गारकेणेव पीडितामिव रोहिणीम् ।।५।१५।२२।।

(जो) पीड़ित तथा दुःख से संतप्त, अत्यन्त क्षीण तथा तापसी का जीवन बिता रही थी, और इसलिये अङ्गारक-सदृश केतु से ग्रस्त हुई रोहिणी (नक्षत्र के सदृश थी ।

प्रियं जनमपश्यन्तीं पश्यन्तीं राक्षसीगणम् ।
स्वगणेन मृगीं हीनां श्वगणेनावृतामिव ॥५।१५।२४॥

(जो) अपने प्रिय बन्धु-जन को तो नहीं देख रही, पर राक्षसी-गण को देख रही है । जैसे अपने ज्ञातियों से हीन पर कुत्तों के गण से घिरी हुई मृगी (हिरनी) हो ।

तां स्मृतीमिव सन्दिग्धामृद्धिं निपतितामिव ।
विहतामिव च श्रद्धामाशां प्रतिहतामिव ॥५।१५।३३॥

(जो) अर्थ-सन्देह युक्त स्मृति की तरह, अन्याय-वश नष्ट हुए ऐश्वर्य की तरह, (नास्तिकता से) नष्ट हुई श्रद्धा की तरह, और विघ्नित आशा की तरह थी ।

सोपसर्गां यथा सिद्धिं बुद्धिं सकलुषामिव ।
अभूतेनापवादेन कीर्तिं निपतितामिव ॥५।१५।३४॥

(जो) विघ्न-सहित सिद्धि की तरह थी, राग द्वेषादि मालिन्य (मलिनता) वाली बुद्धि की तरह थी, मिथ्या अपवाद (निन्दा) से दूषित हुई कीर्ति की तरह थी ।

प्रभां नक्षत्रराजस्य कालमेघैरिवावृताम् ।
आम्नायानामयोगेन विद्यां प्रशिथिलामिव ॥५।१५।३७-३८॥

(जो) काले बादलों से छाये हुए चाँद की चाँदनी की तरह थी और वेद के अनभ्यास से शिथिल हुई विद्या की तरह थी ।

दुःखेन बुबुधे सीतां हनुमाननलङ्कृताम् ।
संस्कारेण यथा हीनां वाचमर्थान्तरं गताम् ॥५।१५।३९॥

हनुमान् ने सीता को जो अलंकारहीन थी, बड़ी कठिनाई से पहचाना, जैसे संस्कार-हीन (प्रकृति-प्रत्ययादि से हीन), अर्थान्तर (दूसरे बदले हुए अर्थ) को प्राप्त हुई वाणी पहचानी नहीं जाती है ।

क्षीणपुण्यां च्युतां भूमौ तारां निपतितामिव ।
चारित्रव्यपदेशाढ्यां भर्तृदर्शनदुर्गताम् ॥५।१७।२०॥

(जो) पुण्य क्षीण होने पर भूमि पर गिरे हुए तारे की तरह थी, जो पतिव्रता होने के नाते कीर्ति युक्त थी, और जिसे भर्ता का दर्शन (दुर्गत) दुर्लभ था।

भूषणैरुत्तमैर्हीनां भर्तृवात्सल्यभूषिताम्।
राक्षसाधिपसंरुद्धां बन्धुभिश्च विनाकृताम् ॥५।१७।२१॥

(जो) उत्तम भूषणों से तो हीन थी पर भर्ता के प्रेम से भूषित थी, और जो राक्षसों के अधीश द्वारा कैद होकर बन्धुओं से बिछुड़ी हुई थी।

वियूथां सिंहसंरुद्धां बद्धां गजवधूमिव।
चन्द्ररेखां पयोदान्ते शारदाऽभ्रैरिवावृताम् ॥५।१७।२२॥

(जो) अपने यूथ (झुंड) से जुदा हुई, सिंह से रोकी हुई हथिनी की तरह थी, और बरसात के अन्त में शरद् ऋतु के बादलों से छायी हुई चन्द्रकला की तरह थी।

क्लिष्टरूपामसंस्पर्शादयुक्तामिव वल्लकीम्।

(जो) स्पर्शाभाव के कारण मलिन रूप वाली थो, जैसे उपयोग में न लाई गई वीणा।

तां देवीं दीनवदनामदीनां भर्तृतेजसा।
रक्षितां स्वेन शीलेन सीतामसितलोचनाम् ॥५।१७।२७॥

(जो) उतरे हुए चेहरे वाली थी, पर भर्ता के तेज (पराक्रम) का (स्मरण करते ही) अक्षीण तेज वाली हो जाती थी, और जो चरित्र (रूप ढाल) से सुरक्षित थी उस काली आंखों वाली सीता को देखा।

मृगकन्यामिव त्रस्तां वीक्षमाणां समन्ततः ।५।१७।२८॥

जो बाल हिरनी की तरह डरी हुई इधर उधर देख रही थी।

दहन्तीमिव निःश्वासैर्वृक्षान् पल्लवधारिणः।
संघातमिव शोकानां दुःखस्योर्मिमिवोत्थिताम् ॥५।१७।२७॥

(जो) अपनी आहों से नव किसलय-युक्त (जिन पर नये पत्ते आये हैं) वृक्षों को मानो जला रही थी, जो दुःखों का संघात (संघात =समूह, राशि, ढेर) सा थी और जो उठी हुई दुःख की लहर सी थी।

रावणेन सीताया वित्रासनम्

(रावण का सीता को धमकाना)

द्वौ मासौ रक्षितव्यौ मे योऽवधिस्ते मया कृतः।
ततः शयनमारोह मम त्वं वरवर्णिनि ॥५।२२।८॥

जो काल की अवधि तुझे मैं ने दी है उसमें दो महीने मुझे प्रतीक्षा करनी है। इसके अनन्तर, हे सुन्दरि, तुझे मेरी सेज पर आना होगा।

द्वाभ्यामूर्ध्वं तु मासाभ्यां भर्तारं मामनिच्छतीम्।
मम त्वां प्रातराशार्थे सूदाश्छेत्स्यन्ति खण्डशः ॥५।२२।९॥

दो महीनों के पीछे यदि तू मुझे भर्ता-रूप में नहीं स्वीकार करेगी तो रसोईये तुझे काट-कर मेरा प्रातः का भोजन तैयार करेंगे।

अवित्रस्तायाः सीताया रावणं प्रति वचः

(निर्भय होकर सीता का रावण को उत्तर)

मां हि धर्मात्मनः पत्नीं शचीमिव शचीपतिः।
त्वदन्यस्त्रिषु लोकेषु प्रार्थयेन्मनसापि कः ॥५।२२।१४॥

जो मैं इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी की तरह धर्मात्मा राम की पत्नी हूं, उस मुझ को, तीनों लोकों में सिवाय तेरे कौन दूसरा मन से भी चाहे (मुंह से कहना तो दूर रहा)।

राक्षसाधम रामस्य भार्याममिततेजसः।
उक्तवानसि यत्पापं क्व ततस्तस्य मोक्ष्यसे ॥५।२२।१५॥

हे नीच राक्षस अनन्त तेज वाले राम की धर्मपत्नी को जो तूने बुरे शब्द कहे हैं, तू उनके फल से कहाँ जाकर छूटेगा?

यथा दृप्तश्च मातङ्गः शशश्च सहितौ वने।
तथा द्विरदवद्रामस्त्वं नीच शशवत्स्मृतः ॥५।२२।१६॥

जैसे दर्प (घमंड) को प्राप्त हुआ द्विरद (हाथी) तथा शश (खरगोश) वन में टकरा जायें, वहाँ द्विरद-स्थानी राम जानो और तू अपने को खरगोश जान।

स त्वमिक्ष्वाकुनाथं वै क्षिपन्निह न लज्जसे।
चक्षुषो विषये तस्य न यावदुपगच्छसि ॥५।२२।१७॥

इक्ष्वाकुनाथ (राम) की निन्दा करता हुआ तू लज्जाता नहीं, पर यह तभी तक है जब तक तू उन्हे सामने खड़े नहीं देखता।

इमे ते नयने क्रूरे विकृते कृष्णपिङ्गले।
क्षितौ न पतिते कस्मान्मामनार्य निरीक्षतः ॥५।२२।१८॥

हे अनार्य (नीच), तेरे ये विकृत काले और भूरे नयन मुझे निहारते हुए ही पृथिवी पर क्यों नहीं गिर पड़े।

तस्य धर्मात्मनः पत्नीं स्नुषां दशरथस्य च।
कथं व्याहरतो मां ते न जिह्वा पाप शीर्यति ॥५।२२।१६॥

धर्मात्मा राम और दशरथ की स्नुषा (नूह) को ऐसे दुर्वचन कहते हुए तेरी जिह्वा क्यों नहीं फट गई।

असन्देशात्तु रामस्य तपसश्चानुपालनात्।
न त्वां कुर्मि दशग्रीव भस्म भस्मार्हं तेजसा ॥५।२२।२०॥

राम की आज्ञा न होने से और तपस्या के क्षय के भय से, हे दशग्रीव (रावण) मैं तुझे तेज से भस्म नहीं करती, यद्यपि तू भस्म करने के योग्य है।

राक्षसीभिस्तर्जितायाः सीतायाः ताः प्रति निःशङ्कं वचः

(राक्षसियों से धमकाये जाने पर सीता का निर्भय प्रतिवचन)

न मानुषी राक्षसस्य भार्या भवितुमर्हति।
कामं खादत मां सर्वा न करिष्यामि वो वचः ॥५।२४।८॥

यह नहीं हो सकता कि मानुषी (मनुष्य योनि में उत्पन्न) स्त्री राक्षस को अपना भर्ता स्वीकार करे। चाहे तुम सब मिलकर मुझे खा जाओ, मैं तुम्हारा वचन कभी भी पूरा नहीं करूँगी।

दीनो वा राज्यहीनो वा यो मे भर्ता स मे गुरुः।
तं नित्यमनुरक्तास्मि यथा सूर्यं सुवर्चला ॥५।२४।६॥

दीन हो अथवा राज्यहीन हो, जो मेरा भर्ता है वही मेरे लिये पूज्य है मैं नित्य उसके प्रति अनुरक्त हूं जैसे सूर्य के प्रति सुवर्चला (पत्नी)।

चरणेनापि सव्येन न स्पृशेयं निशाचरम्।
रावणं किं पुनरहं कामयेयं निशाचरम् ॥५।२६।८॥

मैं तो बाएँ पैर से भी राक्षस रावण को नहीं छूहूंगी, मैं उसकी कामना करूँ यह तो दूर रहा।

छिन्ना भिन्ना प्रभिन्ना वा दीप्ता वाग्नौ प्रदीपिता।
रावणं नोपतिष्ठेयं किं प्रलापेन वश्चिरम् ॥२।२६।१०॥

चाहे टुकड़े की जाऊँ, फाड़ी जाऊँ, फोड़ी जाऊँ अग्नि में भूनी जाऊँ अथवा भस्म कर दी जाऊँ, मैं रावण के पास नहीं जाऊँगी तुम्हारा बकना बेकार है।

कथा वाचा सीताभालपेर्याभति मारुतेः सन्दिदिहे मनः
मैं सीता से किस भाषा में बातचीत करूँ इसमें हनुमान् के
मन में सन्देह)

यदि वाचं प्रदास्यामि द्विजातिरिव संस्कृताम्।
रावणं मन्यमाना मां सीता भीता भविष्यति ॥५।३०।१८॥

यदि मैं ब्राह्मण की तरह संस्कृत वाणी बोलूंगा तो सीता मुझे रावण जानकर डर जायेगी।

सीताहनूमतोः संवादः
(सीता और हनुमान् की बातचीत)

धर्मापदेशात् त्यजतः स्वराज्यं
मां चाप्यरण्यं नयतः पदातेः ।
नासीद्यथा यस्य न भीर्न शोकः
कच्चित्स धैर्यं हृदये करोति ॥५।३६।२६॥

हे हनुमन् ! धर्म के कारण अपना राज्य त्याग करते हुए और मुझे बन में पैदल लाते हुए जिसे न डर हुआ और न शोक, क्या वह हृदय में धीरज धारण कर रहा है ?

अमृतं विषसम्पृक्तं त्वया वानर भाषितम् ।
यच्च नान्यमना रामो यच्च शोकपरायणः ॥५।३७।२॥

हे वानर, तू ने ज़हर से मिला जुला अमृत भाषण किया है। यह कि वह राम एकमात्र मेरा ही चिन्तन कर रहा है, और यह कि वह शोक के वशीभूत है ।

अथवा मोचयिष्यामि त्वामद्यैव स राक्षसात् ।
अस्माद् दुःखादुपारोह मम पृष्ठमनिन्दिते ॥५।३७।२१॥

अथवा मैं तुझे अभी राक्षस के पंजे से छुड़ा दूंगा, हे अनिन्दनीये तुम मेरी पीठ पर चढ़ो, और तुम दुख से छूट जाओगी ।

पृष्ठमारोह मे देवि मा विकाङ्क्षस्व शोभने ।
योगमन्विच्छ रामेण शशाङ्केनेव रोहिणी ॥५।३७।२६॥

इस मेरे कथन की उपेक्षा न करो । ऐसा करने से तुम (शीघ्र ही) राम के साथ संयुक्त हो जाओगी जैसे रोहिणी चांद से युक्त होती है ।

अयुक्तं तु कपिश्रेष्ठ मया गन्तुं त्वया सह ।
वायुवेगसवेगस्य वेगो मां मोहयेत्तव ॥५।३७।४५॥

हे उत्तम वानर, मेरा तेरे साथ जाना बनता नहीं । तू वायु के समान वेग वाला है, तेरा वेग मुझे व्याकुल कर सकता है ।

भर्तुर्भक्ति पुरस्कृत्य रामादन्यस्य वानर ।
नाहं स्प्रष्टुं स्वतो गात्रमिच्छेयं वानरोत्तम ।।५।३७।६२।।

हे वानर, अपने भर्ता के प्रति अपनी भक्ति को आगे रखती हुई मैं अपनी इच्छा से दूसरे के शरीर को नहीं छू सकती ।

यदहं गात्रसंस्पर्शं रावणस्य गता: बलात् ।
अनीशा किं करिष्यामि विनाथा विवशा सती ।।५।३७।६३।।

रही रावण के साथ स्पर्श की बात तो उसमें मुझे यह कहना है कि मेरा वह स्पर्श बलात्कार से हुआ । मैं स्त्री होने से अनीशा (असमर्थ) थी, विनाथा (मेरा नाथ राम मेरे निकट नहीं था) थी और विवशा (परवश, चेष्टाहीन) थी, मैं क्या करती ।

द्वितीयं कारणं यच्च ब्रवीषि विनयान्विते ।
रामादन्यस्य नार्हामि संसर्गमिति जानकि ।।५।३८।४।।
एतत्ते देवि सदृशम्पत्न्यास्तस्य महात्मनः ।
का ह्यन्या त्वामृते देवि ब्रूयाद् वचनमीदृशम् ।।५।३८।५।।

हे विनय-सम्पन्ने देवि, यह जो तूने दूसरा कारण बतलाया है कि राम (की भक्ति को देखती हुई) मैं किसी दूसरे के शरीर को स्पर्श नहीं कर सकती--यह वचन उस धर्मात्मा राम की पत्नी जो तू है, तेरे ही योग्य है, तुम्हें छोड़कर ऐसा वचन और कौन कह सकती है ?

दशग्रीवस्य प्रथमे साक्षात्कारे मारुतिना तस्य वर्णना

(रावण को पहली बार देखने पर हनुमान् द्वारा उसकी स्तुति)

अहो रूपमहो धैर्यं महो सत्त्वमहो द्युतिः ।
अहो राक्षसराजस्य सर्वलक्षणयुक्तता ।।५।४९।१७।।

क्या रूप (सौन्दर्य) है क्या धैर्य क्या सत्त्व (शक्ति) क्या तेज । आश्चर्य है राक्षसराज सभी शुभ लक्षणों से युक्त है ।

यद्यधर्मो न बलवान्स्यादयं राक्षसेश्वरः ।
स्यादयं सुरलोकस्य सशक्रस्यापि रक्षिता ।।५।४९।१८।।

यदि बलवान् अधर्म इसमें न हो तो यह राक्षसों का राजा इन्द्र सहित समस्त देवलोक का रक्षक हो जाए।

अशोकवनिकां प्रध्वंसितवतोऽक्षादिप्रवीरान् प्रमापितवतो हनुमतो वधमिच्छन्तं रावणमनुशास्ति विभीषणोऽनुजः

(जब हनुमान् ने अशोकवनिका को नष्ट-भ्रष्ट कर दिया और अक्षादि सेनापतियों को मार दिया, तो रावण उसके वध का आदेश देना चाहता था, तब छोटे भाई विभीषण का रावण को समझाना)

वधं न कुर्वन्ति परावरज्ञा दूतस्य सन्तो वसुधाधिपेन्द्राः।
गृह्यन्ते यदि रोषेण त्वादृशोपि विचक्षणाः।
ततः शास्त्रविपश्चित्त्वं श्रम एव हि केवलम् ॥५।५२।८॥

सत् असत् (सर्वकार्य-विषयक उत्कर्ष-अपकर्ष) को जानने वाले धार्मिक पृथिवी पति दूत को नहीं मारते। यदि आप जैसे शास्त्र-विशारद (शास्त्र में चतुर लोग) भी क्रोध के वश में आ जायें तो शास्त्र का ज्ञान (उसमें प्रयास) थकावटमात्र है (अर्थात् व्यर्थ है)।

लङ्कां प्रदहता मया महदकार्यं कृतम्, तत्र यदि सीतापि दग्धा स्यात्सर्वं कार्यमुत्सादितं स्यादिति क्रोधं निन्दति मारुतिस्तद्वशंवदमात्मानं च

(लङ्का को जलाते हुए मैंने बहुत अनिष्ट किया, यदि सीता भी इस में जल गई हो तो सारा काम नष्ट-भ्रष्ट हो जायेगा, इस प्रकार क्रोध की निन्दा करता हुआ हनुमान् अपने आप की निन्दा करता है)।

क्रुद्धः पापं न कुर्यात्कः क्रुद्धो हन्याद् गुरूनपि।
क्रुद्धः परुषया वाचा नरः साधूनधिक्षिपेत् ॥५।५५।४॥

क्रोध में आया हुआ कौन पाप नहीं करता, क्रोध में आया हुआ कठोर वाणी से सज्जनों को भी गाली-गिलोच दे।

वाच्यावाच्यं प्रकुपितो न विजानाति कर्हिचित् ।५।५५।५।

कुपित पुरुष क्या कहना चाहिए क्या नहीं इसको भी नहीं जानता ।

यः समुत्थितं क्रोधं क्षमयैव निरस्यति ।
यथोरगस्त्वचं जीर्णां स वै पुरुष उच्यते ।।५।५५।६।।

जो उठते हुए क्रोध को क्षमा से दबा देता है जैसे सांप अपनी कंचुली को छोड़ देता है, वह पुरुष कहलाने के योग्य है ।

धिगस्तु मां सुदुर्बुद्धि निर्लज्जं पापकृत्तमम् ।
अचिन्तयित्वा तां सीतामग्निदं स्वामिघातकम् ।।५।५५।७।।

धिक्कार हो मुझ को, मैं मूढ हूं, निर्लज्ज और सबसे बड़ा पापी हूं, सीता की चिन्ता किये बिना अग्नि लगाने वाला मैं स्वामी (सुग्रीव) का घातक हूं ।

रोषदोषपरीतात्मा व्यक्तं लोकविनाशनः (५।५५।२०)

क्रोध-दोष से भरा हुआ निश्चय ही लोक का नाशक होता है ।

कथं राघवसत्तमौ सुग्रीवादयश्च समुद्रं तरिष्यन्तीति शङ्कमानां सीतां प्रति मारुतेर्वचः

राम, लक्ष्मण, सुग्रीव आदि समुद्र को कैसे पार करेंगे (तू तो पवनसत होने से उसे ऊपर से लांघ सका) ऐसी शंका करती हुई सीता को हनुमान् का उत्तर)

अहं तावदिह प्राप्तः किं पुनस्ते महाबलाः ।
न हि प्रकृष्टाः प्रेष्यन्ते प्रेष्यन्ते हीतरे जनाः ।।५।३९।२२।।

जब मैं (समुद्रपार) यहां पहुँच गया हूं, मेरे से अधिक बल वाले समुद्र पार कर लेंगे इसका तो क्या कहना है । मेरे जैसे अपकृष्ट (छोटे) लोगों को कार्य में (सन्देश भेजने में) लगाया जाता है, दूसरे=उत्कृष्ट, उत्तम लोगों को नहीं ।

रावणः स्वमुखेनात्मनः स्वभावमाह

(रावण अपने मुंह से अपना स्वभाव बतलाता है)

द्विधा भज्येयमप्येवं न नमेयं तु कस्यचित् ।
एष मे सहजो दोषः स्वभावो दुरतिक्रमः ॥६॥३६॥११॥

टूट कर दो टुकड़े हो जाऊं पर किसी के आगे झुकूंगा नहीं । यह मेरा सहज (स्वाभाविक) दोष है स्वभाव छोड़ा नहीं जा सकता ।

रावणे कृतज्ञतागुणः

(रावण में कृतज्ञता-गुण

हन्यामहं त्विमौ पापौ शत्रुपक्षप्रशंसिनौ ।
यदि पूर्वोपकारैर्मे क्रोधो न मृदुतां व्रजेत् ॥६।२६।१३॥

मैं इन दो (शुक व सारण-नामक) वीरों को जान से मार दूं, क्योंकि ये पापी शत्रु पक्ष की प्रशंसा करते हैं, यदि इन से किये गये पूर्व उपकारों से मेरा कोध मृदु (दुर्बल) न हो जाये ।

रामस्य लक्ष्मणे स्नेहः समादरश्च

(राम का लक्ष्मण के प्रति स्नेह व आदर)

शरतल्पे शयानं लक्ष्मणमधिकृत्य रामस्य सविलापं वचः

(वाण-शय्या पर लेटे हुए लक्ष्मण के विषय में राम का विलाप

इष्टबन्धुजनो नित्यं मां च नित्यमनुव्रतः ।
इमामद्य गतोऽवस्थां ममानार्यस्य दुर्नयैः ॥६।४६।१८॥

प्यारा बन्धु, नित्य मेरे प्रति भक्तिमान् (लक्ष्मण) आज मेरी कुनीतियों के कारण इस अवस्था (मूर्छा) को पहुंच गया है ।

सुरुष्टेनापि वीरेण लक्ष्मणेन न संस्मरे ।
परुषं विप्रियं चापि श्रावितं तु कदाचन ॥६।४६।१६॥

मुझे याद नहीं कि कभी क्रोध में आने पर भी वीर लक्ष्मण ने मुझे कठोर अथवा कड़वा वचन सुनाया हो ।

शरबन्धात्कथमपि निर्मुक्तस्याकामस्य निर्विण्णस्य प्रतिज्ञाहानिं स्मरतो रामस्य विप्रतीसारः

(शरबन्ध से ज्यों त्यों छूटे हुए निराश खिन्न राम का प्रतिज्ञा-हानि को स्मरण करते हुए पश्चात्ताप)

तत्तु मिथ्याप्रलप्तं मां प्रधक्ष्यति न संशयः ।
यन्मया न कृतो राजा राक्षसानां विभीषणः ।।६।४६।२२।।

निःसन्देह मेरी मिथ्या प्रतिज्ञा कि मैं विभीषण को राक्षसों का राजा नहीं बना सका मुझे जला देगी ।

विभीषणे राज्यकामुकत्वम्

(विभीषण में राज्य की चाह)

ययो र्वीर्यमुपाश्रित्य प्रतिष्ठा काङ्क्षिता मया ।
ताविमौ देहनाशाय प्रसुप्तौ पुरुषर्षभौ ।।६।५०।१८।।

जिन दो की वीरता का आश्रय लेकर मैं ने प्रतिष्ठा (राज्य में स्थिति) की कामना की, वे पुरुषश्रेष्ठ देहनाश (प्राणान्त के लिए) (भूमि पर) सोये पड़े हैं ।

जीवन्नद्य विपन्नोस्मि नष्टराज्यमनोरथः ।
प्राप्तप्रतिज्ञश्च रिपुः सकामो रावणः कृतः ।।६।५०।१९।।

आज मैं जीता हुआ (प्राणधारण करता हुआ) भी नष्ट हो गया हूं (क्योंकि) मेरा राज्य प्राप्ति का मनोरथ नष्ट हो गया है । शत्रु रावण की (सीता न लौटाने) की प्रतिज्ञा पूरी हो गई है । (पुत्र इन्द्रजित् ने उसे) आप्तकाम (सिद्धार्थ, कृतार्थ, सफल-मनोरथ) बना दिया है ।

इन्द्रजित्कृता विभीषणस्य भर्त्सना

(इन्द्रजित् का विभीषण को झिड़कना)

तमुवाच महातेजाः (विभीषणः) पौलस्त्यमपराजितम् ।
समाह्वये त्वां समरे सम्यग्युद्धं प्रयच्छ मे ।।६।८७।१९।।

उस न हारने वाले पुलस्त्य गोत्रज (इन्द्रजित्) को महातेजस्वी विभीषण ने कहा—मैं तुझे ललकारता हूं, मेरे साथ युद्ध कर।

एवमुक्तो महातेजा मनस्वी रावणात्मजः।
अब्रवीत्परुषं वाक्यं तत्र दृष्ट्वा विभीषणम् ॥६।८७।१०॥

ऐसा कहे जाने पर मनस्वी रावण का पुत्र (इन्द्रजित्) विभीषण को वहां देखकर कठोर वचन बोला—

इह त्वं जातसंवृद्धः साक्षाद् भ्राता पितुर्मम।
कथं द्रुह्यसि पुत्रस्य पितृव्यो मम राक्षस ॥६।८७।११॥

तेरा यहीं जन्म हुआ, तू यहीं पला-पोसा, तू मेरे पिता का सगा भाई है, हे राक्षस, मेरा चचा होता हुआ तू क्यों अपने पुत्र के साथ द्रोह कर रहा है।

न ज्ञातित्वं न सौहार्दं न जातिस्तव दुर्मते।
प्रमाणं न च सौदर्यं न धर्मो धर्मदूषण ॥६।८७।१२॥

हे कुबुद्धे, धर्म नाशक, तूने (ऐसा आचरण करते हुए) न बन्धु-भाव को प्रमाणित किया, न मित्रता को, न समानजातिता (सजातीयता, राक्षसता) न भ्रातृत्व को और न धर्म को।

शोच्यस्त्वमसि दुर्बुद्धे निन्दनीयश्च साधुभिः।
यस्त्वं स्वजनमुत्सृज्य परभृत्यत्वमागतः ॥६।८७।१३॥

हे मूर्ख तू शोक के योग्य है, सत्पुरुष तेरी निन्दा करेंगे जो तू अपने लोगों को छोड़ कर दूसरों की दासता को स्वीकार कर रहा रहा है।

नैतच्छिथिलया बुद्धया त्वं वेत्सि महदन्तरम्।
क्व च स्वजनसंवासः क्व च नीचपराश्रयः ॥६।८७।१४॥

कहां अपने बन्धुओं के साथ रहना और कहाँ नीच शत्रु का आश्रय—इनमें तू अपनी दुर्बल बुद्धि से भेद नहीं जानता।

गुणवान्वा परजनः स्वजनो निर्गुणोपि वा।
निर्गुणः स्वजनः श्रेयान् यः परः पर एव सः ॥६।८७।१५॥

दूसरा कोई चाहे गुणवान् हो, अपना चाहे निर्गुण हो। निर्गुण अपना बन्धु अच्छा है जो इतर है वह इतर ही है।

यः स्वपक्षं परित्यज्य परपक्षं निषेवते।
स्वपक्षे क्षयं याते पश्चात्तैरेव हन्यते ॥६।८७।१६॥

जो अपने पक्ष को छोड़ कर शत्रुपक्ष में जा मिलता है, अपने पक्ष के हीन होने पर वह शत्रु पक्ष वालों से मारा जाता है।

निरनुक्रोशता चेयं यादृशी ते निशाचर।
स्वजनेन त्वया शक्यं पौरुषं रावणानुज ॥६।८७।१७॥

हे निशाचर रावण के छोटे भाई (विभीषण) तेरे अन्दर जो यह ऐसी क्रूरता है उससे तू मेरे वध के विषय में पौरुष (प्रयत्न) कर सकता है।

रामस्यौदार्यम्

(राम की उदारता)

तस्मात् परिश्रान्त इति व्यवस्य
न त्वां शरैर्मृत्युवशं नयामि ।६।५९।१४०।

हे रावण तू थका हुआ है यह जानकर मैं तुझे बाणों से जान से नहीं मारता।

प्रयाहि जानामि रणार्दितस्त्वं
प्रविश्य रात्रिंचरराज लङ्काम्।
आश्वस्य निर्याहि रथी सधन्वी
तदा बलं प्रेक्ष्यसि मे रथस्थः ॥६।५९।१४१॥

रणभूमि से निकल जाओ, मैं तुम्हें अनुज्ञा देता हूं। तुम रण से पीड़ित हो। हे निशाचरराज! लङ्का में प्रवेश करके आश्वस्त होकर रथ और धनुष से युक्त होकर आओ। तब तुम मेरे बल को देखोगे।

रामस्यानृशंस्यम्
(राम की दयालुता)

ब्रह्मास्त्रं प्रयुयुक्षमाणं लक्ष्मणं वारयन्नाह रामः
(ब्रह्मास्त्र को छोड़ना चाहते हुए लक्ष्मण को राम का मना करना)

नैकस्य हेतो रक्षांसि पृथिव्यां हन्तुमर्हसि ।६।८०।३८।।

एक के अपराध के कारण पृथिवी पर विद्यमान सभी राक्षसों को तुम्हें मारना उचित नहीं ।

अयुध्यमानं प्रच्छन्नं प्राञ्जलिं शरणागतम् ।
पलायमानं मत्तं वा न हन्तुं त्वमिहार्हसि ।।६।८०।३९।।

जो नहीं लड़ रहा, जो छिपा हुआ है, जो हाथ जोड़े हुए है और जो रक्षा चाहता हुआ तेरे पास आया है, जो युद्धभूमि से भाग रहा है और जो सुरापान से मस्त है तुम्हें ऐसे योद्धा को नहीं मारना चाहिये ।

रावणशक्त्या प्रहृतस्य निर्भिन्नहृदयस्य सौमित्रेरवस्थां विलोकयतो रामस्य विलापः
(रावण की शक्ति से घायल हुए और विभिन्न हृदय वाले लक्ष्मण की अवस्था को देखकर राम का विलाप)

किं मे युद्धेन किं प्राणैर्युद्धकार्यं न विद्यते ।
यत्रायं निहतः शेते रणमूर्धनि लक्ष्मणः ।।६।१०१।११।।

मुझे युद्ध से क्या काम, जीवन से क्या काम, युद्ध से अब क्या प्रयोजन, जब रणभूमि में निष्प्राण लक्ष्मण पड़ा है ।

इष्टबन्धुजनो नित्यं मां स नित्यमनुव्रतः ।
इमामवस्थां गमितो राक्षसैः कूटयोधिभिः ।।६।१०१।१३।।

वह (लक्ष्मण) मेरा प्यारा बन्धु है और मेरा भक्त है । कूट युद्ध (छल पूर्वक युद्ध) करने वाले राक्षसों ने इसे इस अवस्था को पहुंचा दिया है ।

देशे देशे कलत्राणि देशे देशे च बान्धवाः ।
तं तु देशं न पश्यामि यत्र भ्राता सहोदरः ॥६।१०१।१४॥

देश-देश में स्त्री मिल जायेगी, देश-देश में बन्धु मिल जायगा, पर वह देश नहीं दीखता जहां सगा भाई मिले ।

किं नु राज्येन दुर्धर्षलक्ष्मणेन विना मम ।
कथं वक्ष्याम्यहं त्वम्बां सुमित्रां पुत्रवत्सलाम् ॥६।१०१।१५॥

दुर्धर्ष (जिसे ललकारा नहीं जा सकता) लक्ष्मण के बिना मुझे राज्य से क्या काम ? पुत्र-प्रिय माता सुमित्रा को मैं क्या कहूंगा ।

उपालम्भं न शक्ष्यामि सोढुं दत्तं सुमित्रया ।
किं नु वक्ष्यामि कौसल्यां मातरं किं नु कैकयीम् ॥६।१०१।१६॥

मैं सुमित्रा से दिये हुए उलाहने को नहीं सह सकूंगा । माता कौसल्या को क्या कहूंगा और कैकेयी को क्या ?

भरतं किं नु वक्ष्यामि शत्रुघ्नं च महाबलम् ।
सह तेन वनं यातो विना तेनागतः कथम् ॥६।१०१।१७॥

महाबली भरत और शत्रुघ्न से क्या कहूंगा । उस (लक्ष्मण) के साथ बन को गया और उसके बिना कैसे आ गया ।

किं मया दुष्कृतं कर्म कृतमन्यत्र जन्मनि ।
येन मे धार्मिको भ्राता निहतश्चाग्रतः स्थितः ॥६।१०१।१८-१९॥

दूसरे जन्म में मैंने ऐसा कौन सा पाप किया जिसके कारण मेरा भाई मेरे सामने मरा पड़ा है ।

समरे साम्मुख्यमादधता रामेण रावणस्य गर्हा

(राम का संमुख खड़े होकर रावण की निन्दा करना)

मया विरहितां दीनां वर्तमानां महावने ।
वैदेहीं प्रसभं हृत्वा शूरोऽहमिति मन्यसे ॥६।१०३।१२॥

मुझ से वियुक्त (मेरी असंनिधि में) दीन, महावन में रहती हुई सीता को बलात् हरण करके तू अपने को शूर समझता है ।

स्त्रीषु शूर विनाथासु परदाराभिमर्शनम् ।
कृत्वा कापुरुषं कर्म शूरोहमिति मन्यसे ॥६।१०३।१३॥

हे विनाथ (पति से वियुक्त) स्त्रियों के प्रति शूर, रावण, पर स्त्रियों का घर्षण (अभिभव, तिरस्कार) रूप कायर पुरुष का कर्म करके तू अपने को शूर समझता है ।

भिन्नमर्याद निर्लज्ज चारित्रेष्वनवस्थित ।
दर्पान्मृत्युमुपादाय शूरोहमिति मन्यसे ॥६।१०३।१४॥

हे मर्यादा (सीमा) को भंग करने वाले, निर्लज्ज, सदाचार का पालन न करने वाले रावण तू घमंड से मृत्यु को गले लगाकर अपने को शूर समझता है ।

शूरोऽहमिति चात्मानमवगच्छसि दुर्मते ।
नैव लज्जास्ति ते सीतां चौरवद् व्यपकर्षतः ॥६।१०३।१७॥

हे मूढ तू अपने को शूर समझता है । चोर की तरह सीता का अपहरण करते हुए तुझे लज्जा नहीं आयी ।

दिष्ट्याऽसि मम मन्दात्मंश्चक्षुर्विषयमागतः ।
अद्य त्वां सायकैस्तीक्ष्णै र्नयामि यमसादनम् ॥६।१०३।१९॥

बड़े हर्ष की बात है कि तू मन्दबुद्धि मेरी आँखों के सामने खड़ा है । मैं आज ही तुझे तीव्र बाणों के द्वारा यमलोक भेज दूंगा ।

रामबाणैरार्दितं परिश्रान्तं हीयमानं च विलोक्य रथं रणाजिरादपवाहितवतः सूतस्य बलवद् गर्हणं वीर्योत्सिक्तेन संभावितात्मना दशाननेन

(राम के बाणों से रावण पीड़ित, श्रान्त और हीन हो रहा है ऐसा देखकर रणभूमि से रथ को बाहिर ले जाते हुए सारथि की सामर्थ्यगर्वित, आत्ममानी रावण द्वारा जोरदार शब्दों में निन्दा)

किमर्थं मामवज्ञाय मच्छन्दमनवेक्ष्य च ।
त्वया शत्रुसमक्षं मे रथोऽयमपवाहितः ॥६।१०४।४॥

किसलिये तुम मेरा तिरस्कार करके, मेरी इच्छा को जाने बिना शत्रु के सामने से मेरे रथ को (रण-भूमि) से बाहिर ले गये ?

त्वयाद्य हि ममानार्य चिरकालमुपार्जितम् ।
यशो वीर्यं च तेजश्च प्रत्ययश्च विनाशितः ।।६।१०४।।५।।

तुम ने आज, हे नीच, चिर से कमाया हुआ मेरा यश, वीर्य, तेज और (प्रजाओं का मेरी शूरता में) विश्वास नष्ट कर दिया ।

शत्रोः प्रख्यातवीर्यस्य रञ्जनीयस्य विक्रमैः ।
पश्यतो युद्धलुब्धोहं कृतः कापुरुषस्त्वया ।।६।१०४।६।।

उस शत्रु के देखते-देखते जिसकी वीरता प्रसिद्ध है और जिसे हमने अपनी वीरता से रिझाना है, तुम ने नित्य युद्ध की चाह करने वाले हमको कायर बना दिया ।

न हि तद् विद्यते कर्म सुहृदो हितकाङ्क्षिणः ।
रिपूणां सदृशं त्वेतद् यत्त्वयैतदनुष्ठितम् ।।६।१०४।८।।

यह कर्म किसी हितैषी मित्र का नहीं है । यह जो तुम ने कर्म किया है यह शत्रुओं के योग्य है ।

निवर्तय रथं शीघ्रं यावन्नापैति मे रिपुः ।
यदि वाऽध्युषितोसि त्वं स्मर्यते यदि मे गुणः ।।६।१०४।६।

मेरे रथ को लौटाओ, इससे पहले कि मेरा शत्रु युद्ध-भूमि से चला जाय, यदि तुम चिरतक मेरे समीप रहे हो और यदि तुम मेरे उपकार को जानते हो ।

भ्रातरि रावणे निहते विभीषणस्य विलपितम्
(रावण के मारे जाने पर विभीषण का विलाप)

गतः सेतुः सुनीतानां गतो धर्मस्य विग्रहः ।
गतः सत्त्वस्य संक्षेपः सुहस्तानां गतिर्गता ।।६।१०६।६।।

धार्मिकों का सेतु (बाँध) टूट गया है, धर्म का विग्रह (शरीर) नष्ट हो गया है, बल के संग्रह-स्थान का नाश हो गया है, और तुम वीर-गति को प्राप्त हो गए हो।

आदित्यः पतितो भूमौ मग्नस्तमसि चन्द्रमाः।
चित्रभानुः प्रशान्तार्चि र्व्यवसायो निरुद्यमः।
अस्मिन्निपतिते वीरे भूमौ शस्त्रभृतां वरे ॥६।१०६।७॥

इस शस्त्रधारियों में श्रेष्ठ वीर के भूमि पर गिरने से मानो सूर्य पृथिवी पर गिर गया है, चन्द्रमा अन्धकार में पड़ गया है, अग्नि शान्त हो गया है और व्यवसाय (प्रवृत्ति लक्षण धर्म) (आश्रय के न होने से) निर्व्यापार हो गया है (=रुक गया है)।

शोकपरीतस्य विभीषणस्य रामेण सान्त्वनम्
रावणशौटीर्यस्य च प्रशंसनम्
(शोकातुरविभीषण को राम का आश्वासन)
और रावण की वीरता की प्रशंसा

नायं विनष्टो निश्चेष्टः समरे चण्डविक्रमः।
अत्युन्नतमहोत्साहः पतितोऽयमशङ्कितः ॥६।१०६।१४॥

युद्ध में भीम-पराक्रम यह तेरा भाई रावण निश्चेष्ट होकर नहीं मरा, महोत्साह-सम्पन्न निःशङ्क होकर (लड़ता हुआ) मरा है।

येन सेन्द्रास्त्रयो लोकास्त्रासिता युधि धीमता।
अस्मिन् कालसमायुक्ते न कालः परिशोचितुम् ।।६।१०६।१६॥

जिस बुद्धिमान् ने इन्द्र-सहित तीनों लोकों को युद्ध में भयभीत कर दिया उसका काल आने पर शोक का काल नहीं है।

नैकान्तविजयो युद्धे भूतपूर्वः कदाचन।
परैर्वा हन्यते वीरः परान्वा हन्ति संयुगे ।।६।१०६।१७॥

पहले भी कभी युद्ध में विजय ही हो ऐसा नियम नहीं देखा गया। युद्ध में वीर या तो शत्रु से मारा जाता है या शत्रु को मार डालता है।

मस्यौदार्यम्
(राम की उदारता)

एषोऽहिताग्निश्च महातपाश्च
वेदान्तगः कर्मसु चाग्र्यशूरः।
एतस्य यत्प्रेतगतस्य कृत्यं
तत्कर्तुमिच्छामि तव प्रसादात् ॥६।१०६।२३॥

अग्निहोत्री, महातपस्वी, वेदान्त-वेत्ता, कर्म (युद्ध) में शूरतम यह मेरा भाई था, मैं इस के शरीर का अन्त्य संस्कार करना चाहता हूं यदि आप की अनुज्ञा हो। यह विभीषण की उक्ति है।

मरणान्तानि वैराणि निवृत्तं नः प्रयोजनम्।
क्रियतामस्य संस्कारो ममाप्येष यथा तव ॥६।१०६।२५॥

(राम का उत्तर)—हमारा जीवन काल तक इसके साथ वैर था, हमारा प्रयोजन सिद्ध हो चुका है। इसका दाहसंस्कार कीजिए, अब यह मेरा भी है जैसे तेरा।

हते रावणे रामसन्देशहरो मारुतिः सीतां संगत्याह—तव विप्रिय कारिणीरिमा राक्षसी र्हन्तुमिच्छामि यद्यनुजानासि। तत्रोदारं करुणामयं मारुतिं प्रति सीताया वचनम्

(रावण वध के अनन्तर राम-सन्देश लेकर हनुमान् सीता के पास पहुंच कर कहता है—यदि तेरी अनुमति हो तो तुझे कटुवचन कहने वाली इन राक्षसियों को मैं मार दूं। तिस पर सीता का उदार करुणामय वचन)

राजसंश्रयवश्यानां कुर्वतीनां पराज्ञया।
विधेयानां च दासीनां कः कुप्येद् वानरोत्तम ॥६।११३।३६-३७॥

राजाश्रित होने से पराधीन, दूसरे की आज्ञा का पालन करती दासियों पर, हे वानरोत्तम, कौन क्रोध करे।

भाग्यवैषम्यदोषेण पुरस्ताद् दुष्कृतेन च ।
मयैतत्प्राप्यते सर्वं स्वकृतं ह्युपभुज्यते ।।६।११३।३७-३८।।

भाग्य के विपर्यय (उलटा) होने से, अपने से किये हुए पिछले पाप के कारण मुझे यह सब प्राप्त हुआ है, निश्चय ही अपना किया हुआ भोगना पड़ता है ।

न परः पापमादत्ते परेषां पापकर्मणाम् ।
समयो रक्षितव्यस्तु सन्तश्चारित्रभूषणाः ।।६।११३।४२।।

पाप (अपकार) करने वालों के प्रति भी हमें पाप (प्रत्यपकार) नहीं करना चाहिए । आचार की रक्षा करनी चाहिए । सत्पुरुषों का चरित्र ही भूषण है ।

पापानां वा शुभानां वा वधार्हाणामथापि वा ।
कार्यं कारुण्यमार्येण न कश्चिन्नापराध्यति ।।६।११३।४३।।

जैसे शुभ आचार वालों के प्रति हमें दया करनी चाहिए वैसे वध के योग्य पापियों के प्रति भी, कारण कि अपराध तो सभी से हो जाता है ।

रामस्य जनापवादभीरुत्वं संमुखे स्थितायाः सीतायाः प्रत्याख्यानं च

(राम का लोकापवाद से डरना और सामने खड़ी हुई सीता का त्याग)

विदितश्चास्तु भद्रं ते योऽयं रणपरिश्रमः ।
सुतीर्णः सुहृदां वीर्यान्न त्वदर्थं मया कृतः ।।६।११५।१५।।

तुझे मालूम होना चाहिए कि यह जो मैंने मित्रों की सहायता से युद्ध-परिश्रम सफलता पूर्वक किया है, वह तेरे लिए नही किया ।

रक्षता तु मया वृत्तमपवादं च सर्वतः ।
प्रख्यातस्यात्मवंशस्य न्यङ्गं च परिमार्जता ।।६।११५।१६।।

वृत्त (चरित्र) की रक्षा करने के लिए, अपवाद से बचने के लिये,

सर्वत्र प्रसिद्ध अपने वंश के दूषण को मिटाने के लिए मैंने ऐसा किया है।

प्राप्तचारित्रसन्देहा मम प्रतिमुखे स्थिता ।
दीपो नेत्रातुरस्येव प्रतिकूलासि मे दृढा ।।६।११५।१७।।

मुझे तेरे चरित्र में सन्देह है, मेरे सामने खड़ी हुई तू मुझे ऐसे प्रतिकूल भास रही है जैसे नेत्ररोगी को दीया।

तद् गच्छ त्वाऽनुजानेऽद्य यथेष्टं जनकात्मजे ।
एता दश दिशो भद्रे कार्यमस्ति न मे त्वया ।।६।११५।१८।।

अतः हे भद्रे, मैं तुझे अनुज्ञा (इजाज़त) देता हूं—ये दश दिशाएं खुली हैं, जिधर तेरा मन चाहे, चली जा। मेरा तुझ से कुछ काम नहीं।

रावणाङ्क परिक्लिष्टां दृष्टां दुष्टेन चक्षुषा ।
कथं त्वां पुनरादद्यां कुलं व्यपदिशन्महत् ।।६।११५।२०।।

रावण की गोद से मर्दित, (कामवासना भरी) दुष्ट दृष्टि से देखी हुई तुझ को मैं दुबारा कैसे स्वीकार कर सकता हूं जब कि मैं अपने महान् कुल (इक्ष्वाकु वंश) से प्रसिद्ध हूं।

एवं महति जने परुषं रोमहर्षणमश्रुतपूर्वं वच उक्ता जानकी लज्जया स्वानि गात्राणि प्रविशन्तीव सबाष्पं सगद्गदं शनकैराह

(इस प्रकार जन समुदाय के सामने कठोर, रोंगटे खड़े करने वाले, पहले कभी न सुने गये शब्दों को सुनकर सीता लज्जा के मारे मानों अपने अंगों सिकुड़ गई और आंसू बहाती हुई अटक-अटक कर धीरे-धीरे बोली।

न तथास्मि महाबाहो यथा मामवगच्छसि ।
प्रत्ययं गच्छ मे स्वेन चारित्रेणैव ते शपे ।।११६।।६।।

हे महाभुज ! मैं वैसी नहीं हूं जैसी आप मुझे समझते हैं। आप मुझ पर विश्वास करें। मैं अपने चरित्र की सौगन्ध खाती हूं।

पृथक् स्त्रीणां प्रचारेण जातिं त्वं परिशङ्कसे ।
परित्यजैनां शङ्कां त्वं यदि तेऽहं परीक्षिता ॥६॥११६॥७॥

स्त्रियों के जुदा रहने से जो उनका आचरण होता है उससे सारी स्त्रीजाति के चरित्र के विषय में आप शंका कर रहे हैं। आप इस शंका को त्यागिये, यदि आपने मुझे पहचाना है।

यदहं गात्रसंस्पर्शं गतास्मि विवशा प्रभो ।
कामकारो न मे तत्र दैवं तत्रापराध्यति ॥

हे प्रभो ! मैं जो उसके अङ्गों के साथ स्पर्श को प्राप्त हुई मैं उसमें विवश थी, मेरी उसमें इच्छा नहीं थी। उसमें दैव का अपराध है, मेरा नहीं।

मदधीनं तु यत्तन्मे हृदयं त्वयि वर्तते ।
पराधीनेषु गात्रेषु किं करिष्याम्यनीश्वरी ॥६॥११६॥६॥

मेरा हृदय जो मेरे अधीन है वह आप में ही लगा हुआ है। शरीर के अङ्गों के परवश होने पर सामर्थ्य-हीन मैं क्या करती।

सहसंवृद्धभावेन संसर्गेण च मानद ।
यदि तेऽहं न विज्ञाता हता तेनास्मि शाश्वतम् ॥६॥११६॥१०॥

यदि एक साथ पाले पोसे जाने पर और इकट्ठा रहकर भी आपने मुझे पहचाना नहीं तो मैं सदा के लिए नष्ट हो गई।

न प्रमाणीकृतः पाणिर्बाल्ये मम निपीडितः ।
मम भक्तिश्च शीलं च सर्वं ते पृष्ठतः कृतम् ॥६॥११६॥१६॥

बालकपन में जो आपने मेरा हाथ पकड़ा उसका आपने प्रमाण नहीं किया। मेरी भक्ति और मेरे स्वभाव को भी एक तरफ रख दिया।

जीविताय परिग्लानायाः सर्वथा निर्विण्णायाः सीताया वह्निप्रवेशः

(जीने से उकताई और निराशा को प्राप्त हुई सीता का अग्नि प्रवेश)

इति ब्रुवन्ती रुदती बाष्पगद्गदभाषिणी ।
उवाच लक्ष्मणं सीता दीनं ध्यानपरायणम् ।।६।३१६।१७।।

ऐसे कहती हुई, रोती हुई आँसू के कारण अटक-अटक कर बोलती हुई सीता ने दीन चिन्ताग्रस्त लक्ष्मण से कहा —

चितां मे कुरु सौमित्रे व्यसनस्यास्य भेषजम् ।
मिथ्यापवादोपहता नाहं जीवितुमुत्सहे ।।६।११६।१८।।

हे लक्ष्मण ! मेरे लिए चिता बनाओ, यह (मेरे) इस दुःख की दवा होगी, मिथ्यापवाद (झूठी निन्दा) से दूषित हुई मैं (अब) जीना नहीं चाहती ।

अप्रीतेन गुणै र्भर्त्रा त्यक्तया जनसंसदि ।
या क्षमा मे गतिर्गन्तुं प्रवेक्ष्ये हव्यवाहनम् ।।६।११६।।१६।।

भर्ता (राम) को मेरे पवित्रता आदि गुणों में विश्वास नहीं, उस ने इतने लोगों के समक्ष मुझे त्याग दिया है, अब मेरे योग्य एक ही रास्ता है कि मैं अग्नि में प्रवेश कर जाऊं ।

स विज्ञाय मनश्छन्दं रामस्याकारसूचितम् ।
चितां चकार सौमित्रि र्मते रामस्य वीर्यवान् ।।६।११६।२१।।

दृढ मनोबल वाले लक्ष्मण ने राम के आकार (भ्रूभङ्ग आदि इङ्गित=इशारा) से उसके मन के अभिप्राय को जानकर उसके मतानुसार चिता बना दी ।

नहि रामं तदा कश्चित्कालान्तकयमोपमम् ।
अनुनेतुमथो वक्तुं द्रष्टुं वाप्यशकत् सुहृत् ।।६।११६।२२।।

उस समय सर्व-संहारक यम के सदृश (प्रचण्ड) राम को मनाने, आंख उठा कर देखने अथवा कहने को कोई मित्र समर्थ नहीं था ।

अधोमुखं स्थितं रामं ततः कृत्वा प्रदक्षिणम् ।
उपावर्तत वैदेही दीप्यमानं हुताशनम् ।।६।११६।२३।।

नीचे मुख किये खड़े राम की प्रदक्षिणा करके विदेहराज पुत्री प्रदीप्त अग्नि के पास आ गई ।

दहशुस्तां महाभागां प्रविशन्तीं हुताशनम् ।
ऋषयो देव गन्धर्वा यज्ञे पूर्णाहुतिमिव ॥६।११६।३१॥

ऋषियों ने, देवताओं ने तथा गन्धर्वों ने उस भाग्यशालिनी सीता को अग्नि में प्रवेश करते हुए ऐसे देखा जैसे यज्ञ में घृतपूर्ण स्रुवा से आहुति पड़ती है ।

प्रचुक्रुशुः स्त्रियः सर्वास्तां दृष्ट्वा हव्यवाहने ।
पतन्तीं संस्कृतां मन्त्रैर्वसोर्धारामिवाध्वरे ॥६।११६।३२॥

उसे अग्नि में प्रवेश करती हुई को देखकर सब स्त्रियां चिल्ला उठीं जो यज्ञ में मन्त्रों से संस्कृत घृत की धारा की तरह प्रतीत होती थी।

दहशुस्तां त्रयो लोका देवगन्धर्वदानवाः ।
शप्तां पतन्तीं निरये त्रिदिवाद् देवतामिव ॥६।११६।३३॥

उसे तीनों लोकों के देव, गन्धर्व और दानवों ने देखा जो शाप वश स्वर्ग से मर्त्य लोक में गिरती हुई देवता प्रतीत हो रही थी ।

अक्लिष्टमाल्याभरणां तथारूपामनिन्दिताम् ।
ददौ रामाय वैदेहीमङ्के कृत्वा विभावसुः ॥६।११८।४॥

शुभ्र माल्य और भूषणों को धारण किये हुई, अपने स्वरूप में अवस्थित सर्वथा दोष रहित सीता को गोद में लेकर अग्नि देवता ने राम को समर्पित किया ।

अब्रवीत् तु तदा रामं साक्षी लोकस्य पावकः ।
एषा ते राम वैदेही पापमस्यां न विद्यते ॥६।११८।५॥

तब सब लोक के साक्षी (साक्षात् द्रष्टा) अग्नि देवता ने कहा— हे राम यह तेरी जानकी है, यह सर्वथा निर्दोष (निष्पाप) है ।

निर्जिते हते रावणेऽवसिते सङ्गरे प्रतिलब्धे पावकेन शोधिते प्रिये कलत्रे स्वर्गादवतीर्य दशरथः प्रीयमाणो राममाह, रामश्च तं प्रार्थयते

(रावण के मारे जाने पर युद्ध की समाप्ति होने पर अग्नि से शुद्ध की हुई प्रिय पत्नी की प्रतिलब्धि होने पर स्वर्ग से उतर कर दशरथ का राम को आशीर्वाद देना और रामका उससे प्रार्थना करना)

तारितोहं त्वया पुत्र सुपुत्रेण महात्मना।
अष्टावक्रेण धर्मात्मा कहोलो ब्राह्मणो यथा ॥६।११९।१६॥

हे पुत्र, तुम महामना सुपुत्र हो, तुमने मुझे भवसागर के पार पहुंचा दिया, जैसे अष्टावक्र ने अपने पिता कहोल-नामक ब्राह्मण'को।

अनुरक्तेन बलिना शुचिना धर्मचारिणा।
इच्छेयं त्वामहं द्रष्टुं भरतेन समागतम् ॥६।११९।२०॥

मैं चाहता हूं भक्त, बलवान्, पवित्र और धार्मिक भरत से तेरा मेल हो।

कृतं कर्म यशः श्लाघ्यं प्राप्तं ते शत्रुसूदन।
भ्रातृभिः सह राज्यस्थो दीर्घमायुरवाप्नुहि ॥६।११९।२३॥

हे रिपुदमन तूने बहुत बड़ा काम किया, प्रशंसनीय यश को प्राप्त किया, भाइयों के साथ शासन करता हुआ तू चिरंजीव हो।

इति ब्रुवाणं राजानं रामः प्राञ्जलिरब्रवीत्।
कुरु प्रसादं धर्मज्ञ कैकेय्या भरतस्य च ॥६।११९।२४॥

ऐसा कहते हुए पिता दशरथ से राम ने हाथ जोड कर कहा--हे धर्मज्ञ, कैकेयी और भरत पर कृपा कीजिए।

सपुत्रां त्वां त्यजामीति यदुक्ता केकयी त्वया।
स शापः कैकयीं घोरः सपुत्रां न स्पृशेत्प्रभो ॥६।११९।२५॥

हे कैकेयि! मैं पुत्र-सहित तेरा त्याग करता हूँ, यह जो घोर शाप आपने दिया था इसका कैकेयी और भरत पर प्रभाव न हो।

रामस्य भरते स्नेहः

(राम का भरत में स्नेह)

सज्ज स्नानीयं दिव्यानि चाभरणानीति विभीषणेनोक्तो राम। आह---

हरीन्सुग्रीवमुख्यांस्त्वं स्नानेनोपमन्त्रय ॥६।१२०।४।

सुग्रीव और दूसरे वानरों को स्नान के लिए बुलाइए।

स तु ताम्यति धर्मात्मा मम हेतोः सुखोचितः।
सुकुमारो महाबाहु भरतः सत्यसंश्रयः ॥६।१२०।५॥

वह कोमलाङ्ग, महाभुज, धर्मात्मा, सत्याश्रित, सुखसंवर्धित भरत हमारे समागम के लिए उत्कण्ठित है।

तं विना कैकयीपुत्रं भरतं व्रतचारिणम्।
न मे स्नानं बहुमतं वस्त्राण्याभरणानि च ॥६।१२०।६॥

व्रतधारी कैकेयी-पुत्र भरत के बिना मुझे स्नान, वस्त्र तथा भूषण नहीं भाते।

लङ्कातः प्रतिनिवृत्तोऽयोध्याया नातिदूरे वर्तमानो रामो हनूमन्तं भरताय सन्दिशति

(लङ्का से लौटने पर अयोध्या के समीप पहुँचने पर राम हनुमान् को सन्देश देकर भरत के पास भेजता है)

भरतस्तु त्वया वाच्यः कुशलं वचनान्मम।
सिद्धार्थं शंस मां तस्मै सभार्यं सहलक्ष्मणम् ॥६।१२५॥७।

भरत को हमारा कुशल कहना और यह भी कहना कि मैं सफलता पूर्वक धर्मपत्नी सीता और लक्ष्मण के साथ आ गया हूँ।

जित्वा शत्रुगणान्रामः प्राप्य चानुत्तमं यशः।
उपायाति समृद्धार्थः सहमित्रैर्महाबलैः ॥६।१२५।१३॥

(यह भी कहना) कि राम सब शत्रुगणों को जीत कर, उत्तम यश को प्राप्त कर, सफल-मनोरथ हो, अपने महाबली मित्रों के साथ तुम्हारे पास आ रहा है।

एतच्छ्रुत्वा यमाकारं भजते भरतस्ततः ।
स च ते वेदितव्यः स्यात्सर्वं यच्चापि माम्प्रति ।। ६।१२५।१४ ।।

इस सन्देश को सुनकर जैसा भी भरत का आकार हो (प्रीति= प्रसन्नता से खिलना, या दुःख से मुर्झाना) वह तुझे जानना चाहिए और जो भी उसका हमारे विषय में कर्तव्य है उसे भी अच्छी तरह जानना चाहिए ।

सर्वकामसमृद्धं हि हस्त्यश्वरथसंकुलम् ।
पितृपैतामहं राज्यं कस्य नावर्तयेन्मनः ।।६।१२५।१६।।

सर्व कामनाओं की पूर्त्ति से युक्त, हाथी, घोड़े और रथों से भरपूर पिता पितामह के क्रम से आए राज्य की प्राप्ति किसके मन को न बदल दे ।

संगत्या भरतः श्रीमान् राज्येनार्थी स्वयं भवेत् ।
प्रशास्तु सर्वाम खिलांवसुधां रघुनन्दनः ।।६।१२८।२।।

यदि दैवयोग से श्रीमान् भरत को राज्य की इच्छा हो, तो भले ही वह रघुनन्दन समस्त पृथिवी पर शासन करे (हम तपस्या से जीवन व्यतीत करेंगे)।

भरतस्य विनयमाहात्म्यम्
(भरत में अतिनम्रता)

शिरस्यञ्जलिमाधाय कैकेयी नन्दिवर्धनः ।
बभाषे भरतो ज्येष्ठं रामं सत्यपराक्रमम् ।।६।१२८।१।।

कैकेयीनन्दन भरत ने माथे पर हाथ जोड़कर सच्चे पराक्रमी अपने बड़े भाई राम से कहा---

पूजिता मामिका माता दत्तं राज्यमिदं मम ।
तद् ददामि पुनस्तुभ्यं यथा त्वमददा मम ।।६।१२८।२।

आप ने मेरी माता का मान किया (उसके वचन को मानकर चौदह बरस बनवास स्वीकार किया), मुझे राज्य दिया । मैं इस राज्य को जो आपने मुझे दिया था, आप को समर्पित करता हूँ ।

धुरमेकाकिना न्यस्तां वृषभेण बलीयसा ।
किशोरवद् गुरुं भारं न वोढुमहमुत्सहे ॥६।१२८।३॥

अकेले बलवत्तर बैल से उठाकर फैंके हुए जूए के बोझ को घोड़े का बछेरा जैसे नहीं उठा सकता वैसे मैं राज्य भार को उठाने में असमर्थ हूँ ।

वारिवेगेन महता भिन्नः सेतुरिव क्षरन् ।
दुर्बन्धनमिदं मन्ये राज्यच्छिद्रमसंवृतम् ॥६।१२८।४॥

ज़ोर से बहते हुए पानी से जैसे टूटा हुआ बाँध खुरता जाता है, इसी प्रकार चोर आदि से किया हुआ राज्य छिद्र बाँधा नहीं जा सकता, यह मूँदा नहीं जाता । मैं ऐसा मानता हूँ ।

गतिं खर इवाश्वस्य हंसस्येव च वायसः ।
नान्वेतुमुत्सहे वीर तव मार्गमरिन्दम ॥६।१२८।५॥

जैसे गधा घोड़े की गति (चाल) को प्राप्त नहीं कर सकता, अथवा जैसे कौआ हंस की गति को नहीं प्राप्त कर सकता वैसे ही, हे रिपुदमन, मैं आप के मार्ग (प्रजापालन में चतुराई) को नहीं पहुँच सकता ।

यथा चारोपितो वृक्षो जातश्चान्तर्निवेशने ।
महानपि दुरारोहो महास्कन्धः प्रशाखवान् ॥६।१२८।६॥
शीर्येत पुष्पितो भूत्वा न फलानि प्रदर्शयन् ।
तस्य नानुभवेदर्थं यस्य हेतोः स रोपितः ॥६।१२८।७॥
एषोपमा महाबाहो त्वमर्थं वेत्तुमर्हसि ।
यद्यस्मान्मनुजेन्द्र त्वं भर्ता भृत्यान्न शाधि हि ॥६।१२८।८॥

जैसे घर के भीतर लगाया हुआ वृक्ष महान् महास्कन्ध वाला (बड़े तने वाला), दुरारोही (चढ़ने में कठिन) और शाखाओं प्रशाखाओं से युक्त (६) यदि पुष्प आने पर शीर्ण हो जायें (मुर्झा जायें) और फल लाये नहीं, उससे लगाने वाले का वह प्रयोजन जिस के लिये वह लगाया गया था, सिद्ध नहीं होता (७), यह दृष्टान्त है इस का अर्थ आप महाभुज जानते हैं, यदि आप हमारे भर्ता (जिन

का जन्म, पालन-पोषण प्रजा पालन के लिये बड़े यत्न से हुआ) हम भृत्यों पर शासन करके हमारी रक्षा न करें (८)।

रामराज्यम्

(राम के समय का राज्य)

न पर्यदेवन् विधवा न च व्यालकृतं भयम्।
न व्याधिजं भयं चासीद्रामे राज्यं प्रशासति ॥६।१२८।९८॥

जब राम राज्य कर रहे थे तब विधवाओं का विलाप सुनाई नहीं देता था (अर्थात् कोई स्त्री विधवा नहीं थी), सर्प का भय नहीं था, और रोग का भी भय नहीं था)।

निर्दस्युरभवल्लोको नानर्थं कश्चिदस्पृशत्।
न च स्म वृद्धा बालानां प्रेतकार्याणि कुर्वते ॥६।१२८।९९॥

लोक में दस्यु (डाकू) कोई नहीं था, किसी पर विपत्ति नहीं आती थी, वृद्ध माता पिता बालों का दाह संस्कार नहीं करते थे (अर्थात् बड़ों के जीते जी बालों की मृत्यु नहीं होती थी।

सर्वं मुदितमेवासीत्सर्वो धर्मपरोऽभवत्।
राममेवानुपश्यन्तो नाभ्यहिंसन्परस्परम् ॥६।१२८।१००॥

सब जगह मोद-प्रमोद था। सभी लोग धर्मपरायण थे। राम की ओर देखते हुए एक दूसरे को हानि नहीं पहुँचाते थे (अथवा एक दूसरे की हत्या नहीं करते थे)।

नित्यमूला नित्यफलास्तरवस्तत्र पुष्पिताः।
कामवर्षी च पर्जन्यः सुखस्पर्शश्च मारुतः ॥६।१२८।१०२॥

उस समय वृक्ष (आंधी आदि से) उखड़ते नहीं थे, वे नित्य पुष्पित और फलित होते थे। जब (प्रजा की) इच्छा हो तब बादल बरसता था और सुख स्पर्श वाला मन्द-मन्द वायु बहता था।

अगस्त्याभिमुखे रामकृतो हनूमतोऽभिष्टवः

(अगस्त्य मुनि के समक्ष राम द्वारा हनुमान् की स्तुति)

न कालस्य न शक्रस्य न विष्णो वित्तपस्य च।
कर्माणि तानि श्रूयन्ते यानि युद्धे हनूमतः ॥७।३५।८॥

न यम के, न इन्द्र के, न विष्णु के और न कुबेर के ऐसे कर्म सुने जाते हैं जैसे युद्ध में हनुमान् के।

एतस्य बाहुवीर्येण लङ्का सीता च लक्ष्मणः।
प्राप्ता मया जयश्चैव राज्यं मित्राणि बान्धवाः ॥७।३५।९॥

इसी के बाहुबल से हमें लङ्का, सीता, लक्ष्मण (मूर्च्छित हुए के लिए संजीवनी बूटी लाने के कारण), जय, राज्य, मित्र और बन्धु जन प्राप्त हुए हैं।

हनूमान्यदि मे न स्याद् वानराधिपतेः सखा।
प्रवृत्ति मपि को वेत्तुं जानक्याः शक्तिमान्भवेत् ॥७।३५।१०॥

यदि वानरों के राजा सुग्रीव का सखा हनुमान मेरा सहायक न होता तो सीता का वृत्तान्त जानने को भी कौन समर्थ होता।

रामस्य विनयमाहात्म्यम्
(राम की अति नम्रता)

राज्याभिषेके समवेताञ्जनकादीन् राज्ञो विसृजन्राम आह
(राज तिलक के समय इकट्ठे हुए जनक आदि राजाओं से बिदाई लेते हुए राम का वचन)

हतो दुरात्मा दुर्बुद्धी रावणो राक्षसाधमः।
हेतुमात्रमहं तत्र भवतां तेजसा हतः ॥७।३५।२३॥

दुष्ट स्वभाव वाला, दुष्ट बुद्धि वाला राक्षसों में नीच रावण मारा गया। उसके मारने में मैं तो निमित्त मात्र हूँ, वह आप के तेज से ही मारा गया है।

रामो हनूमते वरं ददाति
(राम हनुमान् को वर देता है)

चरिष्यति कथा यावदेषा लोके च मामिका।
तावत्ते भविता कीर्तिः शरीरेऽप्यसवस्तथा ॥७।४०।२१-२२।

जब तक लोक में मेरी कथा (रामायण) का प्रचार रहेगा तब तक तेरी कीर्ति और प्राण भी रहेंगे (अत एव हनुमान् चिरजीवी माना जाता है)।

अशक्यो नाम मारुतेरुपकारभारो निर्यातयितुमिति रामस्य हृदयोद्गारः

(हनुमान् के उपकारों का बदला नहीं दिया जा सकता है इस विषय में राम का हृदयोद्गार)

एकैकस्योपकारस्य प्राणान्दास्यामि ते कपे।
शेषस्येहोपकाराणां भवाम ऋणिनो वयम् ॥७४०।२३॥

हे कपे, तेरे एक-एक उपकार के लिए मैं तुम्हें अपने प्राण अर्पण कर सकता हूँ। शेष उपकारों का हमारे ऊपर ऋण रहेगा।

मदङ्गे जीर्णतां यातु यत्त्वयोपकृतं कपे।
नरः प्रत्युपकाराणामापत्स्वायाति पात्रताम् ॥७४०।२४॥

हे कपे! जो उपकार तुमने मेरे प्रति किया है वह मुझ में जीर्ण हो जाए। अपने ऊपर आपत्ति आने पर ही पुरुष को प्रत्युपकार की अपेक्षा होती है।

रामस्याकीर्तेर्भयम्

(राम का अपयश से भय)

अकीर्तिर्यस्य गीयेत लोके भूतस्य कस्यचित्।
पतत्येवाधमाँल्लोकान्यावच्छब्दः प्रकीर्त्यते ॥७।४५।१२-१३॥

जिस किसी प्राणी की लोक में अकीर्ति सुनाई देती है, जब तक वह नाना नीच लोकों (नरकों) को प्राप्त होता रहता है।

अप्यहं जीवितं जह्यां युष्मान्वा पुरुषर्षभाः।
अपवादभयाद्भीतः किं पुनर्जनकात्मजाम् ॥७।४५।१४-१५॥

हे पुरुष श्रेष्ठो, अपवाद के भय से मैं आप सबको छोड़ सकता हूं, जनकनन्दिनी सीता को छोड़ सकता हूं, इसका तो क्या कहना।

राजकार्ये स्वल्पोऽपि प्रमादो रामस्य मर्मस्पृग्भवति

(राज कार्य में छोटा-सा प्रमाद भी राम के मर्मों को काटता है)

चत्वारो दिवसाः सौम्य कार्यं पौरजनस्य च ।
अकुर्वाणस्य सौमित्रे तन्मे मर्माणि कृन्तति ।।७।५३।४।।

हे सौम्य, हे सौमित्रे, मैं आज चार दिन से नागरिक लोगों के कार्यों में ध्यान नहीं दे सका। यह (उपेक्षा) मेरे मर्मों को काट रही है ।

पौरकार्याणि यो राजा न करोति दिने दिने ।
संवृते नरके घोरे पतितो नात्र संशयः ।।७।५३।६।।

जो राजा पुरवासियों के कार्य प्रतिदिन नहीं निभाता वह 'संवृत' नाम के नरक में पड़ता है इसमें कोई सन्देह नहीं ।

अश्वमेधान्ते सीता शुद्धेति वाल्मीके र्जनमध्ये सशपथ-माश्वासनम्

(अश्वमेध यज्ञ की समाप्ति पर सीता शुद्ध है ऐसा वाल्मीकि का सब लोगों के सामने सशपथ आश्वासन)

इयं दाशरथे सीता सुव्रता धर्मचारिणी ।
अपवादात्परित्यक्ता ममाश्रमसमीपतः ।।७।९६।१५।।

हे दशरथ नन्दन ! यह पतिव्रता धर्माचरण-निरता सीता है जिस को तूने मेरे आश्रम के पास छोड़ दिया था ।

लोकापवादभीतस्य तव राम महाव्रत ।
प्रत्ययं दास्यते सीता तामनुज्ञातुमर्हसि ।।७।९६।१६।।

हे व्रतधारिन् राम, तुझे लोक निन्दा का भय है। सीता अपनी शुद्धि के विषय में विश्वास दिलाएगी, तुम इसे अनुज्ञा दो ।

इमौ तु जानकीपुत्रौ भावुकौ यमजातकौ ।
सुतौ तवैव दुर्धर्षौ सत्यमेतद्ब्रवीमि ते ।।७।९६।१७।।

ये दोनों जानकी गर्भज, होनहार, दुराधर्ष (जिन्हें ललकारा नहीं

जा सकता) यमज (एक-साथ जन्मे) तेरे ही पुत्र हैं मैं तुझे यह शपथपूर्वक कहता हूँ ।

प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन ।
न स्मराम्यनृतं वाक्यमिमौ तु तव पुत्रकौ ।।७।९६।१८।।

मैं प्रचेता: (वरुण) का दसवाँ पुत्र हूँ, हे राघव, मुझे याद नहीं कि मैंने कभी झूठ बोला हो। ये दोनों तेरे पुत्र हैं।

बहुवर्षसहस्राणि तपश्चर्या मया कृता ।
नोपाश्नीयां फलं तस्या दुष्टेयं यदि मैथिली ।।७।९६।१९।।

सहस्रों वर्षों तक मैंने तपश्चर्या की है, उसका मुझे फल मत मिले यदि मैथिली जानकी दुष्टा हो (भ्रष्टाचारा, भग्न-पतिव्रता हो)।

मनसा कर्मणा वाचा भूतपूर्वं न किल्बिषम् ।
तस्याहं फलमश्नामि अपापा मैथिली यदि ।।७।९६।२०।।

मैंने मन वाणी और कर्म से कभी पूर्व समय में पाप नहीं किया उसका (निषिद्ध कर्म न करने का) फल मैं भोगूं यदि मैथिली निष्पापा है।

रामस्य प्रख्यापनम्

(राम का अपना अपराध स्वीकार करना)

लोकापवादो बलवान्येन त्यक्ता हि मैथिली ।
सेयं लोकभयाद् ब्रह्मन्नपापेत्यभिजानता ।
परित्यक्ता मया सीता तद्भवान्क्षन्तुमर्हति ।।६।९७।४।।

हे ब्रह्मन् ! लोक में प्रचुर निन्दा फैल रही थी, अतः यह जानते हुए भी कि सीता निष्पाप है मैंने उसको त्याग दिया। आप मुझे क्षमा करें।

जानामि चेमौ पुत्रौ मे यमजातौ कुशीलवौ ।
शुद्धायां जगतो मध्ये मैथिल्यां प्रीतिरस्तु मे ।।६।९७।५।।

मैं जानता हूँ कि एक-साथ जन्मे हुए कुश और लव मेरे पुत्र हैं। सब लोगों के बीच में शुद्ध हुई जानकी में मेरी प्रीति हो।

सीताया उत्तमः शपथः
(सीता की अन्तिम सौगन्ध)

सर्वान्समागतान् दृष्ट्वा सीता काषायवासिनी।
अब्रवीत् प्राञ्जलि वाक्यमधोदृष्टिरवाङ् मुखी ॥७।९७।१३॥

(तपस्या के उचित) गेरवे वस्त्र पहने हुई सीता ने हाथ जोड़कर नीचे मुंह कर एकत्रित हुए सब (देवता और ऋषियों) को सम्बोधन करके कहा—

यथाऽहं राघवादन्यं मनसापि न चिन्तये।
तथा मे माधवी देवी विवरं दातुमर्हति ॥७।९७।१४॥

यदि यह सच है कि मैं राघव को छोड़कर किसी दूसरे का मन से भी चिन्तन नहीं करती, तो माधवी देवी (=पृथिवी) फट जाए (ताकि मैं अपने दुःख के अन्त के लिए इसमें समा जाऊँ)।

मनसा कर्मणा वाचा यथा रामं समर्चये।
तथा मे माधवी देवी विवरं दातुमर्हति ॥७।९७।१५॥

यदि यह सच है कि मैं मन वाणी और कर्म से राम की ही पूजा करती हूँ तो…

यथैतत्सत्यमुक्तं मे वेद्मि रामात्परं न च।
तथा मे माधवी देवी विवरं दातुमर्हति ॥७।९७।१६॥

यदि यह मेरा वचन सत्य है कि मैं राम से उत्तम किसी को नहीं जानती हूँ तो

सुभाषितावलिः
(रामायण में सूक्तियाँ)

अथेह रुचिरतराणि श्रीरामायणगतानि सुभाषितानि संगृह्यन्ते भूयसे रसास्वादाय सदुपदेशग्रहाय च—

विधिहीनस्य यज्ञस्य सद्यः कर्ता विनश्यति ॥१।१२।१८॥

शास्त्र-विधि को छोड़कर जो यज्ञ किया जाता है उसका कर्त्ता शीघ्र नष्ट हो जाता है।

अवज्ञया न दातव्यं कस्य चिल्लीलयापि वा ।
अवज्ञया कृतं हन्याद् दातारं नात्र संशयः ॥१।१३।३३-३४॥

अनादर पूर्वक दान नहीं देना चाहिए, अश्रद्धा होने पर भी नहीं । अनादरपूर्वक दिया हुआ दान दाता का घातक होता है इसमें कुछ भी सन्देह नहीं ।

नृशंसं वाऽनृशंसं वा प्रजारक्षणकारणात् ।
पातकं वा सदोषं वा कर्तव्यं रक्षता सदा ॥१।२५।१८॥

प्रजा की रक्षा के लिए क्रूर अथवा अक्रूर कर्म चाहे पातक (गिराने वाला पाप) हो चाहे साधारण दोषयुक्त हो, करना ही चाहिए ।

क्षमा दानं क्षमा सत्यं क्षमा यज्ञाश्च पुत्रिकाः ।
क्षमा यशः क्षमा धर्मः क्षमायां विष्ठितं जगत् ।।२।३२।८-९॥

क्षमा ही दान है, क्षमा ही सत्य है, क्षमा ही धर्म है । क्षमा पर यह सब कुछ आधृत है । (यह कुशनाभ का अपनी पुत्रियों को उपदेश है) ।

न बलं क्षत्रियस्याहुर्ब्राह्मणा बलवत्तराः ॥१।५४।१४।

क्षत्रिय का कुछ बल नहीं ऐसा कहा जाता है । ब्राह्मण अधिक बलवाले हैं ।

धिग्बलं क्षत्रियबलं ब्रह्मतेजो बलं बलम् ।१।५६।२३।

क्षात्रबल को धिक्कार हो, ब्रह्म तेज ही बल है ।

दैवमेव परं मन्ये पौरुषं तु निरर्थकम् ।१।५८।२२॥

दैव (भाग्य) ही मुख्य है, पौरुष (पुरुषकार, उद्योग) व्यर्थ है ।

प्रायेण हि नरश्रेष्ठ ज्येष्ठाः पितृषु वल्लभाः ।
मातृणां च कनीयांसः······ ॥१।६१।२९॥

हे नरश्रेष्ठ ! प्रायः पिता को बड़े पुत्र प्यारे होते हैं और माता को छोटे ।

अरक्षितारं राजानं घ्नन्ति दोषा नरेश्वर ।१।६१।७।

जो राजा प्रजापालन नहीं करता उसे उसके पाप मार देते हैं।

अन्या मध्यस्थचिन्ता विमर्दाभ्यधिकोदया ।२।२।१६।

मध्यस्थ (रागद्वेष-रहित महात्माओं का विचार विचित्र होता है इसमें पूर्वापर संघर्ष से अधिक फल का प्रादुर्भाव होता है।

गतोदके सेतुबन्धो न कल्याणि विधीयते ।२।६।५४।

हे भद्रे ! जब क्षेत्र में से जल बहकर निकल गया हो तब बाँध बाँधना व्यर्थ है।

यथा ह्यपालाः पशवो यथा सेना ह्यनायका ।
यथा चन्द्रं विना रात्रिर्यथा गावो विना वृषम् ।
एवं हि भविता राष्ट्रं यत्र राजा न दृश्यते ।२।१४।५४-५५।।

जैसे पशु पाल के बिना पशु, नायक के बिना सेना, वैसे ही राजा के बिना राष्ट्र (देश) होता है।

दुर्लभं हि सदा सुखम् ।२।१८।१३।

निरन्तर सुख दुर्लभ है। (दुःख बीच में आ टपकता है)

अकाले मरणं न विद्यते ।२।२०।५१।

अकाल मृत्यु नहीं होती। (समय आने से पहले कोई नहीं मरता)।

मृदुर्हि परिभूयते ।२।२१।११।

निस्तेज (दुर्बल, नरम स्वभाव वाला) पुरुष का तिरस्कार होता है।

कामात्मता खल्वति न प्रशस्ता ।२।२१।५८।

अनेक कामनायें रखना अच्छा नहीं होता।

असंकल्पितमेवेह यदकस्मात्प्रवर्तते ।
निवर्त्यारब्धमारम्भै ननु दैवस्य कर्म तत् ।।२।२२।२४।।

जो कार्य हमारे यत्नों द्वारा प्रारम्भ किए हुए कार्य को हटाकर हमारे संकल्प के बिना अकस्मात् (बिना दृष्ट कारण, अचानक) हो जाता है वह दैव कर्म है यह निश्चित है।

विक्लबो वीर्यहीनो यः स दैवमनुवर्तते।
वीराः सम्भावितात्मानो न दैवं पर्युपासते ॥२।२३।१६॥

जो असमर्थ है, उत्साह हीन है वह दैव का आश्रय लेता है, वीर आत्ममानी लोग दैव के आश्रित नहीं होते।

भर्तृशुश्रूषया नारी लभते स्वर्गमुत्तमम् ।२।२४।२६।

भर्ता की सेवा से भार्या उत्तम स्वर्ग प्राप्त करती है।

ऋद्धियुक्ता हि पुरुषा न सहन्ते परस्तवम् ।२।२६।२५॥

समृद्धि (वैभव) को प्राप्त हुए पुरुष दूसरे की स्तुति को नहीं सहते।

पिता हि दैवतं तात देवतानामपि स्मृतम् ।२।३४।५२।

हे प्यारे, पिता देवताओं का भी देवता है, ऐसी स्मृति है।

आम्रं छित्त्वा कुठारेण निम्बं परिचरेत्तु यः।
यश्चैनं पयसा सिञ्चेन्नैवास्य मधुरो भवेत् ॥२।३५।१६॥

जो आम के पौधे को कुल्हाड़े से काटकर नीम की सेवा करे (पालन पोषण करे) और जो नीम को दूध से सिंचन करे, उसके लिए वह (नीम) मीठा नहीं हो जायगा।

न हि निम्बात् स्रवेत्क्षौद्रं लोके निगदितं वचः ।२।३५।१७।

यह लोक-कहावत है कि नीम से शहद नहीं टपकता।

सत्यश्चात्र प्रवादोऽयं लौकिकः प्रतिभाति मा।
पितॄन् समनुजायन्ते नरा मातरमङ्गनाः ॥२।३५।२८॥

यह प्रसिद्ध लोकोक्ति मुझे सच्ची मालूम देती है कि—पुरुष पिता के स्वभाव को लेते हैं, और स्त्रियां माता के।

आत्मा हि दाराः सर्वेषां दारसङ्ग्रहवर्तिनाम् ।२।३७।२४।

गृहस्थों की पत्नियां उन सब का आत्मा ही हैं।

न त्वेवानागते काले देहाच्च्यवति जीवितम् ।।२।३९।५।

जब तक मृत्यु का समय नहीं आता तब तक शरीर से प्राण नहीं निकलते।

नातन्त्री विद्यते वीणा नाचक्रो विद्यते रथः।
नापतिः सुखमेधेत या स्यादपि शतात्मजा ।।२।३९।२९।।

बिना तन्त्रियों के वीणा नहीं होती, बिना चक्र के रथ नहीं होता। पति-विहीना स्त्री चाहे सौ पुत्रोंवाली क्यों न हो, सुख नहीं पा सकती।

इदं हि वृत्तमुचितं कुलस्यास्य सनातनम्।
दानं दीक्षा च यज्ञेषु तनुत्यागो मृधेषु हि ।।२।४०।७।।

इस कुल का यह पुराना अपने सदृश आचार है—दान देना और यज्ञों में व्रत धारण करना और युद्ध में शरीर त्याग।

यमिच्छेत्पुनरायातं नैनं दूरमनु व्रजेत् ।२।४०।५०।।

जिसे चाहे कि वह लौट आये, उसके पीछे दूर तक न जायें।

कर्णवन्ति हि भूतानि विशेषेण तुरङ्गमाः ।२।४५।१५।

सब प्राणियों में सुनने का सामर्थ्य है पर वह घोड़ों में अधिक है।

अर्थज्येष्ठा हि राजानः ।२।५८।२०।

अर्थ (सम्पत्ति,खज़ाना) से राजा लोग बड़े माने जाते हैं।

न परेणाहृतं भक्ष्यं व्याघ्रः खादितुमिच्छति ।२।६१।१६।

दूसरे से लाए खाने को सिंह खाना नहीं चाहता।

गतिरेका पतिर्नार्या द्वितीया गतिरात्मजः।
तृतीया ज्ञातयो राजंश्चतुर्थी नैव विद्यते ।।२।६१।२४।।

स्त्री के लिए पहली गति (शरण, ठौर) पति है, दूसरी गति उस का पुत्र है, तीसरी भाई बन्धु। चौथी गति ही नहीं।

शोको नाशयते धैर्यं शोको नाशयते श्रुतम् ।
शोको नाशयते सर्वं नास्ति शोकसमो रिपुः ।।२।६२।१५।।

शोक धीरज को नष्ट कर देता है। शोक श्रुत=विद्या को नष्ट कर देता है। शोक सब कुछ नष्ट कर देता है। शोक के बराबर कोई शत्रु नहीं।

यदाचरति कल्याणि (कौसल्ये) शुभं वा यदि वाऽशुभम् ।
तदेव लभते भद्रे कर्ता कर्मजमात्मनः ।।२।६३।६।।

हे भद्रे कौसल्ये ! जैसा कोई शुभ वा अशुभ कर्म करता है, उस के करने वाला पुरुष उस अपने कर्म के फल को प्राप्त होता है।

कश्चिदाम्रवणं छित्त्वा पलाशांश्च निषिञ्चति ।
पुष्पं दृष्ट्वा फले गृध्नुः स शोचति फलागमे ।।२।६३।८।।

जो आम के पेड़ों को काट कर ढाक को पानी देता है। (बहुत से) फूलों को देख कर (बहुत से) फलों के लिए चाह करता है, वह फल के आने के समय (फल के न आने से) दु:खी होता है।

न लुब्धो बुध्यते दोषान् किम्पाकमिव भक्षयन् ।।२।६६।६।।

लालची लालच के दोषों को नहीं जानता जैसे विष खाकर बेसुध हुआ पुरुष।

अहो तम इवेदं स्यान्न प्रज्ञायेत किञ्चन ।
राजा चेन्न भवेल्लोके विभजन् साध्वसाधुनी ।।२।६७।३७।

अहो यह सब अन्धकारमय हो जाए, कुछ भी पहचाना न जाये यदि अच्छे बुरे में भेद करने वाला राजा लोक में न हो।

नास्ति पुत्रसमः प्रियः ।२।७४।२४।।

(संसार में) पुत्र के समान कोई प्यारी चीज़ नहीं है।

नामनुष्ये भवत्यग्निः ।२।६३।२२।

जहां मनुष्य नहीं वहां अग्नि नहीं होती।

पूर्वापकारिणं हत्वा न ह्यधर्मेण युज्यते ।२।९६।२४।

जो पहले अपकार (हानि) करने वाला है उसे मारने से पाप नहीं लगता।

कामकारो महाराज गुरूणां सर्वदाऽनघ।
उपपन्नेषु दारेषु पुत्रेषु च विधीयते ॥२।१०१।१८॥

हे निष्पाप महाराज, बड़ों का इष्ट (अनुकूल) स्त्रियों और पुत्रों के विषय में स्वच्छन्दाचार का विधान है (अर्थात् जिस कार्य में वे चाहें इन्हें लगा सकते है)।

यदन्नः पुरुषो भवति तदन्नास्तस्य देवताः ।१।१०३।३०।

पुरुष का जो अपना भोजन है वही उसके देवताओं का।

सुजीवं नित्यशस्तस्य यः परैरुपजीव्यते ।
राम तेन तु दुर्जीवं यः परानुपजीवति ॥२।१०५।७॥

हे राम उसका जीवन शुभ है जिसका दूसरे लोग आश्रय लेकर जीते है, उसका जीवन शुभ नहीं जो दूसरों का आश्रय लेकर जीता है।

भूमिः कीर्तिर्यशो लक्ष्मीः पुरुषं प्रार्थयन्ति हि ।२।१०९।२२।

भूमि, कीर्ति (जीते हुए पुरुष के गुणों का कीर्तन), यश (मरने के पश्चात् शुभ स्मरण) और लक्ष्मी (सत्यवान्) पुरुष को चाहती हैं।

न सुप्रतिकरं तत्तु मात्रा पित्रा च यत्कृतम् ।२।१११।१०।

माता पिता जो सेवा बच्चों की करते हैं, उसका बदला चुकाया नहीं जा सकता।

धर्मादर्थः प्रभवति धर्मात्प्रभवते सुखम्
धर्मेण लभते सर्वं धर्मसारमिदं जगत् ॥३।६।३०॥

धर्म से अर्थ (धन दौलत) को प्राप्त करता है, धर्म से सुख को प्राप्त करता है। धर्म से सब कुछ प्राप्त करता है। इस जगत् में धर्म ही सार (सर्वोत्कृष्ट वस्तु) है।

न सुखाल्लभते सुखम् ।३।६।३१।
सुख सुख से (बिना दुःख उठाये) नहीं मिलता।

न ह्यनिष्टोऽनुशास्यते ।१।१०।२१।
अपने प्यारे को ही अच्छी सलाह दी जाती है।

पुरुषाः सुलभा राजन् सततं प्रियवादिनः।
अप्रियस्य च पथ्यस्य वक्ता श्रोता च दुर्लभः ॥३।३७।२॥

हे राजन्! निरन्तर मीठा बोलने वाले बहुत मिलेंगे, पर कड़वे हितकर वचन को कहने वाला और सुनने वाला कहीं ही मिलेगा।

अकुर्वतोऽपि (=अकुर्वन्तोपि) पापानि शुचयः पापसंश्रयात्।
परपापैर्विनश्यन्ति मत्स्या नागह्रदे यथा ॥३।३८।२६॥

पाप न करते हुए निरपराध जीव भी पापी के संग के कारण दूसरों के दुष्कर्म के निमित्त नष्ट हो जाते हैं जैसे सर्प-युक्त गहरे तालाब में (गरुड के प्रवेश से) मच्छ मारे जाते हैं।

अनुबन्धमजानन्तः कर्मणामविचक्षणाः।
क्षिप्रमेव विनश्यन्ति...... ॥३।५१।२६॥

मूर्ख लोग कर्मों के परिणाम को न जानते हुए शीघ्र नष्ट हो जाते है।

उत्साहवन्तो हि नरा न लोके
सीदन्ति कर्मस्वतिदुष्करेषु ॥३।६३।१६॥

उत्साही जन इस लोक में अति कठिन कार्यों में भी कष्ट नहीं पाते।

सर्वत्र खलु दृश्यन्ते साधवो धर्मचारिणः।
शूराः शरण्याः सौमित्रे तिर्यग्योनिगतेष्वपि ॥३।६८।२४॥

हे सौमित्रे (सुमित्रानन्दन) सब जातियों में, पशुयोनि में जन्मे हुए जीवों में भी (सज्जन), धार्मिक, शूर तथा शरणागत की रक्षा करने वाले देखे जाते है।

अर्थो हि नष्टकार्यार्थैरयत्नेनाधिगम्यते ।४।११२०॥

जिनका अवश्य प्राप्तव्य अर्थ नष्ट हो गया है उनका वह इष्ट पदार्थ बिना यत्न दुबारा प्राप्त नहीं होता।

आढ्यो वापि दरिद्रो वा दुःखितः सुखितोपि वा।
निर्दोषश्च सदोषश्च वयस्यः परमा गतिः ॥४।८।८॥

चाहे धनी हो चाहे निर्धन, दुःखी हो अथवा सुखी, दोषी हो अथवा निर्दोष, मित्र उत्तम गति (आश्रय, शरण) है।

राजभिर्धृतदण्डाश्च कृत्वा पापानि मानवाः।
निर्मलाः स्वर्गमायान्ति सन्तः सुकृतिनो यथा ॥४।१८।३१॥

मनुष्य पाप करने पर राजाओं से दण्ड दिये हुए शुद्ध होकर स्वर्ग को प्राप्त होते हैं ठीक जैसे पुण्यात्मा सत्पुरुष।

शोचतो ह्यवसीदन्ति सर्वार्थाः ।४।२७।३४।

शोक करने वाले के सभी कार्य नष्ट हो जाते है।

न कर्ता कस्य चित्कश्चिन्नियोगे नापि चेश्वरः।
स्वभावे वर्तते लोकस्तस्य कालः परायणम् ॥४।२५।४॥

कोई भी नियति-निरपेक्ष किसी कर्म का कर्ता नहीं, अनुष्ठान करने पर भी फल प्राप्ति में समर्थ नहीं। लोक ईश्वर-सहित स्वकृत पूर्व कर्मों के अधीन है। उस में भी काल सहकारी कारण है।

सर्वथा सुकरं मित्रं दुष्करं प्रतिपालनम्।
अनित्यत्वात्तु चित्तानां प्रीतिरल्पेऽपि भिद्यते ॥४।३२।७॥

मित्र बनाना आसान है पर मित्रता का निभाना मुश्किल है। चित्त की अस्थिरता के कारण थोड़े में ही प्रीति टूट जाती हैं।

न हि स्त्रीषु महात्मानः क्वचित्कुर्वन्ति दारुणम् ।४।३३।३६।

बड़े लोग स्त्रियों के प्रति निर्दय व्यवहार नहीं किया करते।

न कश्चिन्नापराध्यति ।४।३६।११।

ऐसा कोई नहीं जिससे अपराध न हुआ हो।

अर्थिनः कार्यनिर्वृत्तिमकर्तुरपि यश्चरेत्।
तस्य स्यात् सफलं जन्म किं पुनः पूर्वकारिणः ॥४।४३।७॥

जिसने पहले उपकार नहीं किया है ऐसे प्रयोजन सिद्धि चाहने वाले पुरुष के प्रयोजन को जो सिद्ध करे उसका जीवन सलल है, जो पूर्व उपकारी के प्रयोजन को सिद्ध करे उसका तो क्या कहना।

नहि सामोपपन्नानां प्रहर्ता विद्यते भुवि ।४।५६।१६।

जो शमयुक्त हैं (अर्थात् अहिंसा व्रती हैं) उन पर प्रहार करने वाला संसार में कोई नहीं।

न कर्मसु सज्जन्ते बुद्धिमन्तः ।४।५६।२८।

बुद्धिमान् कर्म करने में विलम्ब नहीं करते (ठहरते नहीं, अटकते नहीं)।

न हि प्रेषयिता तात स्वामी प्रेष्यः कथं चन ।४।६५।२२।

नहि प्रकृष्टाः प्रेष्यन्ते प्रेष्यन्ते हीतरे जनाः ५।३६।३६)

हे प्यारे जो नियोजक प्रभु है उसे कर्म में नियुक्त नहीं किया जाता। उत्तम पुरुषों को कार्य में नियुक्त नहीं किया जाता, उनसे भिन्न निकृष्टों को किया जाता है।

अतिथिः किल पूजार्हः प्राकृतोपि विजानता ।५।१।११२।

समझ वाले के लिये अतिथि पूजा के योग्य होता है चाहे वह प्राकृत (पामर, नीच, संस्कार-हीन, निर्विद्य) हो।

कृते च प्रतिकर्तव्यमेष धर्मः सनातनः ।५।१।१०६।

उपकार का प्रत्युपकार करना चाहिए—यह सनातन धर्म है।

भूताश्चार्था विनश्यन्ति देशकालविरोधिताः ।५।२।३७।

देश काल के प्रतिकूल कार्य बने बनाये भी बिगड़ जाते हैं।

समये सौम्य तिष्ठन्ति सत्त्ववन्तो महाबलाः ।५।३।४४।

हे सौम्य धैर्यवान् महाबल लोग समय (परस्पर-स्वीकृत अर्थ, समझौता, प्रतिज्ञा) में स्थिर रहते हैं।

अनिर्वेदः श्रियो मूलम् ।५।१२।१०।

निराश न होना लक्ष्मी का मूल (कारण) है।

सर्वत्रातिकृतं भद्रे व्यसनायोपकल्पते ।५।२४।२१।

जो सीमा लांघकर कार्य किया जाये वह क्लेश का कारण होता है।

कल्याणी बत गाथेयं लौकिकी प्रतिभाति मा।
एति जीवन्तमानन्दो नरं वर्षशतादपि ।।५।३४।६।।

यै लोक प्रसिद्ध कहावत मुझे बहुत शुभ प्रतीत होती है—

यदि मनुष्य जीता रहे तो सौ बरस के पीछे भी सुख को प्राप्त हो जाता है।

अनवस्थौ हि दृश्येते युद्धे जयपराजयौ ।५।३७।५५।

युद्ध में जय पराजय (जीत-हार) नियत नहीं।

(युद्धसिद्धिर्हि चञ्चला) ।५।४६।१७)

(युद्ध में सफलता निश्चित नहीं।

न ह्येकः साधको हेतुः स्वल्पस्यापीह कर्मणः ।५।४१।६।

छोटा सा कार्य भी अकेले एक साधन से सिद्ध नहीं होता।

अहिरेव अहेः पादान् विजानाति न संशयः ।५।४२।६।

सांप ही सांप के चरणों को (जो गुप्त हैं) जानता है।

न वर्धमानोग्निरुपेक्षितुं क्षमः ।५।४७।२६।

बढ़ते हुए अग्नि की उपेक्षा नहीं करनी चाहिये।

गृह्यन्ते यदि रोषेण भवादृशोपि विचक्षणाः।
ततः शास्त्रविपश्चित्त्वं श्रम एव हि केवलम् ।।५।५२।८।

यदि आप जैसे विद्वान् क्रोध के वश में आ जाते हैं तो शास्त्र-ज्ञान केवल थकावट मात्र है

नाग्निस्तृप्यति काष्ठानाम् ।५।५४।२८।

अग्नि इन्धन से कभी तृप्त नही होती।

निश्चेष्टाः क्षत्रिया मन्दाः सर्वे चण्डस्य बिभ्यति ।६।२।१६।

मन्द (निस्तेज) क्षत्रिय निश्चेष्ट हो जाते हैं। (अर्थात् शत्रुओं से बांधे जाते हैं)। चण्ड (क्रुद्ध) से सभी डरते हैं।

हृष्यन्ति व्यसनेष्वेते ज्ञातीनां ज्ञातयः सदा ।६।१६।३।

बन्धुओं की आपदाओं में बन्धु सदा प्रसन्न होते हैं।

नित्यमन्योन्यसंहृष्टा व्यसनेष्वाततायिनः।
प्रच्छन्नहृदया घोरा ज्ञातयस्तु भयावहाः ।।६।१६।५।।

बन्धु एक दूसरे के साथ संघर्ष करने वाले, आपत्ति में अति दारुण व्यवहार करने वाले, हृदय के भाव को छिपाने वाले घोर तथा भयानक होते हैं।

विद्यते गोषु सम्पन्नं विद्यते ज्ञातितो भयम्।
विद्यते स्त्रीषु चापल्यं विद्यते ब्राह्मणे तपः ।।६।१६।६।।

गौओं में मीठा दूध स्वभाव सिद्ध है, ज्ञाति (बन्धु) से भय स्वभाव-सिद्ध है, स्त्रियों में चञ्चलता स्वभाव-सिद्ध है, और ब्राह्मण में तपस्या स्वभाव-सिद्ध है।

यथा पुष्करपत्रेषु पतितास्तोयबिन्दवः।
न श्लेषमधिगच्छन्ति तथानार्येषु सौहृदम् ।।६।१६।११।।

जैसे कमल पत्र पर पड़ी हुई जल की बूंदें नहीं ठहरतीं वैसे ही नीचों में मैत्री नहीं ठहरती।

यथा मधुकरस्तर्षात्काशपुष्पं पिबन्नपि।
रसमत्र न विन्देत तथाऽनार्येषु सौहृदम् ।।

जैसे भौंरा प्यास के कारण काश के फूल को पीता हुआ भी रस को नहीं प्राप्त करता, वैसे ही नीचों में मैत्री को नहीं प्राप्त करता।

परान्तकाले हि गतायुषो नरा
हितं न गृह्णन्ति सुहृद्भिरीरितम् ।।६।१६।२६।।

जिनकी आयु पूरी हो चुकी है वे अपने मरणकाल में मित्रों से कहे हुए हितकर वचन को नहीं सुनते।

शोकश्च किल कालेन गच्छता ह्यपगच्छति ।६।५।४।

ज्यों ज्यों समय बीतता है शोक घटता जाता है।

मन्त्रमूलं च विजयं प्रवदन्ति मनीषिणः ।६।६।५।

गुप्त परामर्श विजय का मूल है ऐसा बुद्धिमानों का कथन है।

प्रमत्तेष्वभियुक्तेषु दैवेन प्रहतेषु च।
विक्रमास्तात सिध्यन्ति परीक्ष्य विधिना कृताः ।।६।६।६।।

प्रमत्त (असावधान), अभियुक्त (दूसरे शत्रु से आक्रान्त=घिरा हुआ), दैवहतक (दैव से मारा हुआ, महारोगादि से पीड़ित) के प्रति अभियान सिद्ध होता है जब विचार कर विधिवत् किया जाये।

आकारश्छाद्यमानोपि न शक्यो विनिगूहितुम्।
बलाद्धि विवृणोत्येव भावमन्तर्गतं नृणाम् ॥६।१७।६४॥

कितना यत्न करो, आकार (मुख मुद्रा) छिपाया नहीं जा सकता। यह बरबस मनुष्यों के छिपे हुए भाव को प्रकट कर देता है।

न सर्वे भ्रातरस्तात भवन्ति भरतोपमाः।६।१८।१५।

हे प्यारे, सभी भाई भरत जैसे नहीं होते।

बद्धाञ्जलिपुटं दीनं याचन्तं शरणागतम्।
न हन्यादानृशंस्यार्थमपि शत्रुं परन्तप ॥६।१८।२७॥

हे परन्तप (रिपुदमन), हाथ जोड़कर खड़े हुये, दीन, प्राण-भिक्षा मांगते हुए, शरण में आये हुए शत्रु पर दया करते हुए उसे जान से न मारे।

प्रशमश्च क्षमा चैव आर्जवं प्रियवादिता।
असामर्थ्यफला ह्येते निर्गुणेषु सतां गुणाः ॥६।२१।१४-१५॥

प्रशम (अक्षोभ), क्षमा (बदला लेने की योग्यता होने पर भी दण्ड न देना), आर्जव (कुटिलता का अभाव,) मधुर वाणी—ये निर्गुणों में सामर्थ्य के अभाव में देखे जाते है, सत्पुरुषों के ये गुण हैं।

न साम्ना शक्यते कीर्तिर्न साम्ना शक्यते यशः ।६।२१।१६।

शान्ति से कीर्ति को नहीं प्राप्त किया जा सकता है, शान्ति से यश को प्राप्त नहीं किया जा सकता है।

न्यस्तशस्त्रौ गृहीतौ च न दूतौ वधमर्हतः ।६।२५।२०॥

शस्त्र त्यागे हुए पकड़े गये दूत वध के योग्य नहीं।

प्रथमं मरणं नार्या भर्तु वैगुण्यमुच्यते ।६।३२।६।

भर्ता का भार्या से पहले मरना बड़ा दोष है। (अर्थात् स्त्री के पूर्वकृत पाप के कारण वैधव्य (विधवापन) दुःख होता है)।

विजयो नास्ति नैष्ठिकः ।६।४६।३१।

जीत के विषय में निश्चय नहीं हो सकता ।

न कालस्यातिभारोस्ति कृतान्तश्च सुदुर्जयः ।६।४८।१६।

काल के लिये कुछ मुश्किल नहीं, यम को जीतना कठिन है ।

स सुहृद्यो विपन्नार्थं दीनमभ्युपपद्यते ।
स बन्धुर्योऽपनीतेषु साहाय्यायोपकल्पते ।।६।६३।२७।।

वह (सच्चा) मित्र है जो कार्य के बिगड़ जाने पर दीन (मित्र) की सहायता करता है, वह (सच्चा) बन्धु है जो दुर्नीति के होने पर सहायता के लिये पहुँचता है ।

अनष्टसैन्यो ह्यनवाप्तसंशयो
रिपुं त्वयुद्धेन जयञ्जनाधिप ।
यशश्च पुण्यं च महान्महीपतिः
श्रियं च कीर्ति च चिरं समश्नुते ।।६।६४।३६।।

जो राजा बिना अपनी सेना को नष्ट किये, बिना संकट में पड़े, युद्ध के बिना ही शत्रु को जीत लेता है वह यश, पुण्य, लक्ष्मी और कीर्ति को चिर तक भोगता है ।

गर्जन्ति न वृथा शूरा निर्जला इव तोयदाः ।६।६५।३।

शूर वीर लोग निर्जल (शरद् ऋतु के) बादलों की तरह वृथा गर्जन नहीं करते ।

न रणे शक्यते जेतुं विना युद्धेन वाग्बलात् ।६।७९।१८।

रण भूमि में बिना युद्ध लड़े केवल डींगे मारने से जीत नहीं हो सकती ।

अर्थेभ्योऽथ प्रवृद्धेभ्यः संवृत्तेभ्यस्ततस्ततः ।
क्रियाः सर्वाः प्रवर्तन्ते पर्वतेभ्य इवापगाः ।।६।८३।३२।।

बढ़ी हुई इधर उधर से जुटी हुई धन सम्पत्ति से सब कार्य सिद्ध होते हैं जैसे पर्वतों से नदियाँ बह निकलती हैं ।

अर्थेन हि वियुक्तस्य पुरुषस्याल्पचेतसः ।
विच्छिद्यन्ते क्रियाः सर्वा ग्रीष्मे कुसरितो यथा ।।६।८३।३३।।

धन-रहित क्षुद्र चित्त वाले पुरुष के सारे कार्य ऐसे नष्ट हो जाते हैं जैसे गरमी की रुत में छोटी नदियां सूख जाती हैं।

यस्यार्था स्तस्य मित्राणि यस्यार्थास्तस्य बान्धवाः।
यस्यार्थाः स पुमाँल्लोके यस्यार्थाः स च पण्डितः ॥६।८३।३५॥

जिसके पास धन है, उसी के मित्र हैं, जिसके पास धन है उसी के भाई बन्धु हैं, जिसके पास धन है वही पुरुष है, जिसके पास धन हैं वह पण्डित (चतुर) है।

गुणवान् वा परजनः स्वजनो निर्गुणोपि वा।
निर्गुणः स्वजनः श्रेयान् यः परः पर एव सः ॥ ६।८७।१५॥

चाहे कोई दूसरा गुणवान् हो और अपना बन्धु निर्गुण हो, निर्गुण बन्धु अच्छा है, जो दूसरा है वह दूसरा ही है।

यः स्वपक्षं परित्यज्य परपक्षं निषेवते।
स स्वपक्षे क्षयं याते पश्चात्तैरेव हन्यते ॥६।८७।१६॥

जो अपने पक्ष को छोड़कर शत्रु के पक्ष में जा मिलता है, वह अपने पक्ष के क्षीण होने पर उन्हीं से मारा जाता है।

परस्वानां हरणं परदाराभिमर्शनम्।
सुहृदामतिशङ्का च त्रयो दोषाः क्षयावहाः ॥६।८७।२३॥

दूसरे के धन को छीनना, दूसरे की स्त्री को दूषित करना, मित्रों में अत्यन्त अविश्वास अथवा शङ्का करना—ये तीन नाशक दोष हैं।

यः कृते हन्यते भर्तुः स पुमान् स्वर्गमृच्छति ।६।६२।६॥

जो अपने स्वामी के लिये (युद्ध में) प्राण त्यागता है वह वीर स्वर्ग को जाता है।

पतिव्रतानां नाकस्मात्पतन्त्यश्रूणि भूतले ।६।१११।६।

पतिव्रता स्त्रियों के आँसू बिना कारण भूतल पर नहीं गिरते।

न गृहाणि न वस्त्राणि न प्राकारास्तिरस्क्रिया।
नेदृशा राजसत्कारा वृत्तमावरणं स्त्रियाः ॥६।११४।२७॥

न घर, न वस्त्र, न प्राकार (चार दोवारी), न पर्दा, न राजा के द्वारा किया गया सत्कार स्त्री का ऐसा आवरण (आच्छादन) है जैसा उसका अपना वृत्त (चलन)।

व्यसनेषु न कृच्छ्रेषु न युद्धेषु स्वयंवरे।
न क्रतौ नो विवाहे वा दर्शनं दूष्यते स्त्रियः ॥६।११४।२८॥

न विपत्ति में, न संकट में, न युद्ध में, न स्वयंवर में, न यज्ञ में और न विवाह में स्त्री के दर्शन का निषेध है।

पराङ्मुखवधं पापं यः करोति सुरेश्वर।
स हन्ता न गतः स्वर्गं लभते पुण्य कर्मणाम् ॥७।८।४॥

जो पराङ्मुख (पीठ दिखा कर भाग जाने वाले का) वध करता है, हे इन्द्र ! वह मरने पर पुण्यात्माओं के स्वर्ग को नहीं प्राप्त होता।

कन्यापितृत्वं दुःखं हि सर्वेषां मानकाङ्क्षिणाम् ।७।९।१०।

सभी मान चाहने वालों के लिये कन्या का पिता होना बड़ा दुःख है।

मातुः कुलं पितृकुलं यत्र चैव च दीयते।
कुलत्रयं सदा कन्या संशये स्थाप्य तिष्ठति ।।७।९।११।

कन्या माता के कुल को, पिता के कुल को, जहाँ विवाह में दी जाती है उस कुल को संशय में डाल कर अपनी स्थिति रखती है।

न हि धर्माभिरक्तानां लोके किञ्चन दुर्लभम् ।७।११।३३॥

धर्म में लग्न वालों के लिये कुछ भी दुर्लभ नहीं।

यादृशं कुरुते कर्म तादृशं फलमश्नुते ।७।१५।२३।

जो जैसा कर्म करता है वह वैसा ही फल पाता है।

दीक्षितस्य कुतो युद्धं क्रोधित्वं दीक्षिते कुतः ।८।१८।१६।

दीक्षित (यज्ञार्थ नियमवान्) को युद्ध से क्या काम, दीक्षित में क्रोध का क्या स्थान (और क्रोध के बिना युद्ध संभव नहीं)।

न ह्यीदृशं भयं किञ्चित्कुलस्त्रीणामिहोच्यते ।
भयानामपि सर्वेषां वैधव्यं व्यसनं महत् ॥७।२५।४२-४३॥

कुलीन स्त्रियों के लिये इस लोक में वैधव्य भयानक कष्ट है। ऐसा दूसरा भय (अनिष्ट) नहीं।

नावज्ञा परे कार्या य इच्छेच्छ्रेय आत्मनः ।७।३३।२२।

जो अपना भला चाहे उसे दूसरे का अनादर नहीं करना चाहिये ।

पति हि देवता नार्याः पति बन्धुः पतिर्गुरुः ।७।४८।१७।

नारी के लिये पति ही देवता है (=इष्ट देव) है, पति ही बन्धु है और पति ही गुरु है।

सर्वे क्षयान्ता निचयाः पतनान्ताः समुच्छ्रयाः ।
संयोगा विप्रयोगान्ता मरणान्तं च जीवितम् ॥७।५२।११॥

सभी संग्रह क्षीण हो जाते है, सभी उन्नति अवनति में बदल जाती है सभी संयोग का अन्त वियोग है, सभी जीवन (चाहे कितना लम्बा क्यों न हो) मरण में समाप्त हो जाता है।

न सा सभा यत्र न सन्ति वृद्धा
वृद्धा न ते ये न वदन्ति धर्मम् ।
नासौ धर्मो यत्र न सत्यमस्ति
न तत् सत्यं यच्छलेनानुविद्धम् ॥७।५९।३३॥

वह सभा नहीं जहाँ वृद्ध न हों, वे वृद्ध नहीं जो धर्मानुसार वचन नहीं कहते, वह धर्म नहीं जहाँ सत्य नहीं, और वह सत्य नहीं जो छल से युक्त हो।

यो हि विप्लवया बुद्ध्या प्रसरं शत्रवे दिशेत् ।
स हतो मन्दबुद्धिः स्याद्यथा कापुरुषस्तथा ॥७।६८।१९॥

जो दुर्बल बुद्धि के कारण शत्रु को अवकाश दे, वह मूर्ख ऐसे मारा जाता है जैसे कायर।

अधीतस्य च तप्तस्य कर्मणः सुकृतस्य च ।
षष्ठं भजति भागं तु प्रजा धर्मेण पालयन् ॥७।७४।३०॥

प्रजा द्वारा किये गये शास्त्र श्रवण, तपश्चर्या, और पुण्य कर्मों का छठा भाग राजा को प्राप्त होता है जब वह धर्मानुसार प्रजा की रक्षा करता है ।

इति सुभाषितावलिरपवृक्ता ।

अस्मात्काव्यवरात्समस्तवचसो रम्यात्सुखं शिक्षताम्
आर्याचारविचारयोः सुविशदां लोकः सुबद्धां सृतिम् ।
अव्याजं हृदि मोदतामिह जनः सर्वः कृती पुण्यधीः
शन्तातिः किल राजतामविरला रामेऽभिरामे यथा ।।

इति श्री चारुदेवशास्त्रिणः कृतिषु वाल्मीकिवचोनिबद्धं
हिन्द्यानूदितं संक्षिप्तं रामचरितामृतं काव्यं समाप्तम् ।

शुभं भूयादध्यायकानामध्यापकानां च ।

सङ्ग्रहीतृकर्तृकः श्रीरामस्तवः

इक्ष्वाकुवंशः प्रथितः पृथिव्यां ललामभूतो नृपसत्तमानाम् ।
तत्राभिजातं मुनिवृन्दवन्द्यं रामं नृपालं स्पृहयामि नित्यम् ।। १ ।।

श्रेष्ठ राजाओं के लिये अलंकार-स्वरूप इक्ष्वाकु-कुल पृथिवी पर प्रसिद्ध है। उसमें उत्पन्न हुए, मुनिमात्र द्वारा नमस्कार्य प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं।

तं धार्मिकाणां धुरि कीर्तनीयं वरं शरण्यं कृपणस्य जन्तोः ।
गुणैरुपेतं विगुणै वियुक्तं रामं नृपालं स्पृहयामि नित्यम् ।।२।।

धार्मिक लोगों में सबसे पहले जिसका नाम कीर्तनीय है, जो रक्षा में समर्थ होने से दीन दरिद्रों का रक्षक है, जो गुणों से युक्त है और दोषों से रहित है उस प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं।

यो धीरतायां पृथिवीसमानो गभीरतायां च समुद्रतुल्यः ।
तं दर्शनीयं भुवि चारुचर्यं रामं नृपालं स्पृहयामि नित्यम् ।।३।।

जो सहनशीलता में पृथिवी के समान है और गम्भीरता में समुद्र के समान है, जो सुन्दर और सच्चरित्र है उस प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं।

सक्तः प्रजानामनुरञ्जने योऽसक्तः नृपाणां व्यसनेषु दूरम् ।
देवः प्रकृत्या नरविग्रहस्तं रामं नृपालं स्पृहयामि नित्यम् ।।४।।

जो प्रजाओं के आराधन में निरन्तर आसक्त है और राज-व्यसनों में अत्यन्त अनासक्त है, स्वभाव में देवता है, आकार में मनुष्य है, उम प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं।

दृढं प्रयोक्ता सुकृते नृलोकं यन्ता परं दुर्जनसंहतिं च ।
हन्ता स्वयं शात्रवकुञ्जरांस्तं रामं नृपालं स्पृहयामि नित्यम् ॥५॥

लोक को दृढ़ता पूर्वक पुण्य कर्मों में प्रवृत्त करना जिसका शील है, दुर्जन-समूह को दुष्ट कर्म से हटाना जिसका धर्म है और जो शत्रु रूपी हाथियों को मारने में समर्थ है उस प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं ।

यस्यानुजेषु प्रणयः प्रसिद्धः समः समस्तेषु लसत्यगाधः ।
अनुव्रतं तं जनके जनन्यां रामं नृपालं स्पृहयामि नित्यम् ॥६॥

जिसका सभी छोटे भाइयों में एक समान अगाध प्रेम प्रसिद्ध है जो माता पिता का भक्त है उस प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं ।

पितुः प्रतिज्ञां प्रमना ररक्ष शून्ये वने दारुणदण्डके यः ।
वासं प्रकुर्वन्परिवत्सरांस्तं रामं नृपालं स्पृहयामि नित्यम् ॥७॥

जिसने सूने दारुण दण्डकारण्य में वर्षों तक प्रसन्नता पूर्वक रह कर पिता की प्रतिज्ञा का पालन किया उस प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं ।

प्रतीच्छ राज्यं त्वमिदं तवास्ति तवाधिकारोत्र न मेऽनुजस्य ।
इतीव याच्ञां न हि योन्वमंस्त रामं नृपं तं स्पृहयामि नित्यम् ॥८॥

आप राज्य ग्रहण करो, यह आपका है, आपका इसमें अधिकार है मुझ छोटे भाई का नहीं, इस प्रार्थना को जिसने स्वीकार नहीं किया उस प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं ।

अदीर्घकालोपि कदापि कृत्ये पौरानुबद्धे ह्यवशः प्रमादः ।
मर्माणि यस्य प्रनिकृन्तति स्म रामं नृपं तं स्पृहयामि नित्यम् ॥९॥

बहुत थोड़े काल के लिये बेबसी के कारण पुरवासियों के कार्य में प्रमाद मानो जिसके मर्मों को काटता था उस प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं ।

शान्तश्च दान्तश्च यशश्चिचीषु-
रनाविलं स्वं व्यपदेशमिच्छुः ।
अप्रच्युतो यः पुरुषोत्तमस्तं
रामं नृपालं स्पृहयामि नित्यम् ॥ १० ॥

जो शम-दम युक्त हैं, जो यश संग्रह चाहते हैं, जो अपने कुल को निष्कलङ्क चाहते हैं, जो मर्यादा से प्रच्युत न होने वाले पुरुषोत्तम हैं, उन प्रजापालक महाराज राम की मैं नित्य चाह करता हूं ।

श्री लालबहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ
शहीद जीतसिंह मार्ग, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-

1.	अध्वरमीमांसा कुतूहल वृत्ति	भाग 1	30.00
		भाग 2	30.00
		भाग 3	15.00
		भाग 4	31.00
.	अध्ययन माला		10.00
3.	अन्वेषणा		33.00
4.	बौद्धालंकार शास्त्रम्		15.00
5.	भाषण भूषणम्		1.75
6.	चान्द्र व्याकरणवृत्तिः		23.00
7,	चित्रबन्धावतारिका		2.50
8·	देवी पुराणम्		40.00
9.	धूर्तनर्त्तकम्		2.50
10.	गीतिकादम्बरी		20.00
11.	जीवनपरिमल		3.00
12.	कश्मीरेतिहासः		15.00
13.	श्री महावीर चरितामृतम्		1.00
14.	श्री महावीरपरिनिर्वाण स्मृति ग्रन्थ		21.00
15.	नित्यकर्म प्रकाश		4.00
16.	पंचामृतम्		15.00
17.	पाणिनिकात्यायनपतंजलि		15.00
18.	श्री परमेश्वरानन्द शास्त्री स्मृति ग्रन्थ		35.50
19.	परिभाषेन्दुशेखरः		75.00
20.	प्रमाण प्रमोदः		7.50
21.	प्रवचन पारिजात		6. 0
22.	राघवाह्निकम्		1.00
23.	रसमीमांसा		1.25
24.	रससिद्धान्त		15.00
25.	ऋग्वेद कवि विमर्श		3.00
26.	ऋतु इन संस्कृत लिटरेचर		30.00
27.	संस्कृत साहित्य में शब्दालंकार		40.00

28.	संचारी भावों का शास्त्रीय अध्ययन	20.00
29.	शंकरस्तोत्रम्	1.25
30.	शास्त्र दीपिका-I	50.00
31.	शास्त्र दीपिका भाग 2	80.00
32.	शोध प्रभा भाग8, भाग9, भाग10, भाग11, भाग12	12.00 प्रत्येक
33.	सर्वदर्शन समन्वयः	13.00
34.	श्री दाम चरितम्	7.00
35.	श्रीमहात्रिपुर सुन्दरी खड्गमाला	5.50
36.	आगम मीमांसा	6.00
37.	कृष्णयजुर्वेदीय तैत्तिरीय संहिता भाग 1	32.00
38.	मनश्चिकित्सा विज्ञान भूमिका	7.00
39.	चतुर्वेद चरित चम्पूः	8.75
40.	व्याख्यान वल्लरी	4.00

गंगानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ इलाहाबाद

1.	एनुअल बिब्लिओग्रोफी आफ इन्डोलाजी भाग 1	30.00
	भाग 2	110.00
2.	अन्वीक्षानयतत्त्वबोधः	18.00
3.	बापू	10.00
4.	चक्रकौमुदी	14.00
5.	डिस्क्रिप्टिव केटलाग्स आफ संस्कृत मैनुस्क्रिप्टस इन जी, एन, जे. आर. आई. खंड 1 भाग 1	
6.	,, ,, भाग 2	35.00
7.	,, ,, खंड 2 भाग 1	35.00
8.	,, ,, भाग 2	45.00
9.	,, ,, खंड 3	45.00
10.	गौतमीय सूत्र प्रकाशः	24.00
11.	जहांगीर विरुदावली	5.00
12.	जानुराज चम्पू	14.00
13.	जातकमाला	40.00

14.	जर्नल ग्राफ गंगानाथ झा रिसर्च इन्स्टीट्यूट	40.00
15.	काव्यप्रकाश टीकात्रयसहितः	60.00
16.	के. सी. चट्टोपाध्याय स्मृति ग्रन्थ खंड	50.00
17.	महाकाल संहिता कामकला खंड	30.00
18.	" " गुह्यकाली खंड भाग 1	70.00
19.	" " " भाग 2	60.00
	भाग 3	48.00
21.	मीमांसा जुरिस्प्रूडैन्स	4.00
22.	मीमांसा पल्वलम्	5.00
23.	म. म. गोपीनाथ कविराज स्मृति ग्रन्थ खण्ड	50.00
24.	माडर्न ग्रसामीज लिटरेचर	6.00
25.	न्याय तात्पर्य दीपिका	26.00
26.	प्रतिमोक्खसुत्त ग्राफ महासंघिकाज	6.00
27.	संस्कृत डाकुमेन्टस इन नेशनल ग्रार्किव्स ग्राफ इण्डिया	15.00
28.	म. म. उमेश मिश्र स्मृति ग्रन्थ	115.00
29.	वैशेषिक सूत्रवृत्तिः	26.00
30.	वाणी विलासितम् 1	10.00
31.	वाणी विलासितम् 2 पक्की जिल्द 30.00, पेपर बैक	24.00
32.	विरुदावली-शायजहां	6.00
33.	पद्य रचना	15.00
34.	झांसीश्वरी चरितम्	12.00
35.	कापिशायनी पक्की जिल्द 27.00, पेपर बैक	21.00
36.	भाट्टार्कः	2.00
37.	साहित्य कौमुदी	61.00
38.	भार्गव तन्त्र	36.00
39.	ग्रनेकान्तवाद	56.00
40.	शान्तिशतकम्	16.00
41.	बोधायन श्रौत सूत्रम्	55.00
42.	द्राह्यायण श्रौत सूत्रम्	100.00
43.	सिद्धान्त लक्षण सुबोधनी	68.00
44.	हरविजयम्	70.00

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान प्रकाशन

भारत सरकार के शिक्षा एवं संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान स्वायत्तशासी संस्था है। इसके द्वारा सात केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ (दिल्ली, तिरुपति, जम्मू, इलाहाबाद, गुरुवायूर जयपुर तथा पुरी में) संचालित हैं।

संस्थान को प्रसन्नता है कि इसने अब तक अपने मुख्यालय एवं सम्बद्ध केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों के माध्यम से संस्कृत वाङ्मय के विभिन्न पक्षों—जैसे आलोचना, इतिहास, भाषाविज्ञान, जीवनी, शोध तथा दुर्लभ एवं अप्राप्य पाठ्य ग्रन्थों के प्रणयन एवं प्रकाशन करने का गौरव प्राप्त किया है।

पुस्तक सूची के अनुसार पुस्तक क्रेताओं से आग्रह है कि वे कृपया पुस्तक खरीदने एवं इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए तत्तद् विद्यापीठ के प्राचार्य/अधिकारी से सीधा सम्पर्क करें।

विक्रय नियम

1. पुस्तकें अग्रिम भुगतान के बाद ही भेजी जाती हैं।

2. भुगतान, धनादेश द्वारा अथवा ड्राफ्ट द्वारा सम्बद्ध विद्यापीठ के प्राचार्य तथा निदेशक रा. सं. सं. को किया जाना चाहिए।

3. यदि भुगतान चैक के माध्यम से किया जाता है तो बैंक कमीशन भी लिया जाता है।

4. डाक व्यय एवं पैकिंग के लिए अलग से भुगतान करना होगा।

5. हमारे प्रकाशन की खरीद पर मिलने वाली छूट की दरें निम्नलिखित हैं:

1. अध्यापक और छात्र	15%
2. पुस्तकालय	20%
(क) पाठ्यपुस्तकों पर	15%
(ख) शोधपत्रिका	25%
(ग) अन्य प्रकाशन	20%
3. पुस्तक विक्रेता	40%

6. केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों के प्रकाशनों के लिए सम्बद्ध विद्यापीठ के प्राचार्य से ही सम्पर्क स्थापित करें।